राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 264
लखनऊ, बुधवार 27 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बूथ से ही सरकार का रास्ता होगा तय, अपने बूथ पर दें ध्यान 10

'रीडिंग ऑवर' और 'समाचार-पत्र पठन' को मिलेगा नया बल : संदीप 03


# जनता का पैसा जनहित में ही होगा खर्च : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं। नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया।

हमें पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही पीएम मोदी जी का विजन है, प्रेरणा है।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई।



### सीएम ने किया नगर निगम लखनऊ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण

सीएम ने 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा लगभग 14000 पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न होने पर शुभकामनाएं दीं। स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, इसे पहले स्थान पर लाना है। यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नालियों में कूड़ा न फेंकें और सरकारी संपत्तियों का नुकसान भी न करें। लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब सरकार की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है। मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर तथा सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है। सीएम ने ढाई करोड़ की कार से आकर गमला चोरी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 45 रुपये का गमला खरीद लेते तो सम्मान भी बना रहता और शहर भी सुंदर दिखता। सीएम योगी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उदाहरण दिया और कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वह अब बेहतरीन स्थल है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। 2017 से पहले सपा सरकार में गरीब के लिए मकान स्वीकृत नहीं हुए। हमने चेहरा जाति क्षेत्र मत-मजहब देखे बिना देश की चार जातियों गरीब युवामहिला व किसान को केंद्र में रखकर काम किया। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में 65 लाख से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराए। पहले की सरकारें परिवार के लिए सोचती थीं, इसलिए फेल थीं। डबल इंजन सरकार ने 25 करोड़ प्रदेशवासियों और नगर निगम ने पूरे क्षेत्र को अपना परिवार माना। सीएम ने लखनऊ को प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर व नगर निगम बताते हुए कहा कि जितना बड़ा दायित्व होगा, उतनी बड़ी चुनौतियां भी होंगी, लेकिन लखनऊ व प्रदेश चुनौतियों का बखूबी सामना कर रहा है।

### मां गंगा की धारा की तरह बढ़ रही विकास यात्रा : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज नगर निगम के नवनिर्मित सदन हॉल, विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की विकास यात्रा में सरकार कहीं रुकी नहीं, कहीं थमी नहीं। यह यात्रा मां गंगा की धारा की तरह अविरल आगे बढ़ रही है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले माघ मेला और कुंभ जैसे आयोजन गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था और अराजकता के प्रतीक थे। लोग प्रयागराज आने से भी कतराते थे। 2019 में जब उनकी सरकार को कुंभ आयोजन का अवसर मिला, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से प्रयागराज कुंभ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इससे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को वैश्विक पहचान मिली। कुंभ-2019 और महाकुंभ-2025, दोनों आयोजनों के दौरान डबल इंजन सरकार ने प्रयागराज में व्यापक अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया। नगर निगम और महापौर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विरासत को विकास से जोड़ने का कार्य किया गया है। 2024 की शुरुआत में महाकुंभ2025 की तैयारियों के लिए प्रयागराज का निरीक्षण किया गया, तब यह तय किया गया था कि शहर को नई पहचान दी जाएगी। आज 161 वर्ष पुरानी नगर निगम इमारत भव्य स्वरूप में सामने है।

## मई में चार बार में छह रुपये महंगी हुई सीएनजी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गयी। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गयी है। पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये गये थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गये हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 91.70 रुपये का हो गया है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गयी है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली




में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ायी गयी है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,040/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,45,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,320/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार के 12 साल पूरा होने पर भाजपा चलाएगी देशव्यापी जनसंपर्क अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्र में मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 5 जून से 21 जून तक देशभर में एक वृहद जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस 12 साल बेमिसाल मेगा अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद और विधायक देश भर में सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जनता के बीच रखेंगे।

### राम रहीम को 16वीं बार पैरोल, 30 दिन की मिली मंजूरी

**रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर बड़ी राहत मिली है। हरियाणा सरकार ने राम रहीम को इस बार 30 दिनों की पैरोल मंजूर की है। पैरोल की कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद, आज सुबह ठीक 6 बजकर 30 मिनट पर राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आ गया। जेल से बाहर आते ही राम रहीम को पंजाब और हरियाणा पुलिस के भारी सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। सुरक्षा कारणों और स्थानीय कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, राम रहीम को पुलिस के एक बहुत बड़े और कड़े काफिले के साथ सीधे सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय के लिए रवाना किया गया।

### निर्माणाधीन कुआं धंसने से मलबे में दबे पांच मजदूरों की मौत

पन्ना मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कुएं का निर्माण चल रहा था। कई मजदूर काम में लगे थे। तभी अचानक निर्माणाधीन कुएं का हिस्सा धंस गया। इस हादसे में काम कर रहे मजदूर मिट्टी के मलबे के नीचे दब गए। जिसमें पांच मजदूरों की मौत हुई है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिहारपुरवा में एक कुएं के निर्माण का काम चल रहा था। अचानक यहां निर्माणाधीन कुएं का बड़ा हिस्सा धंसा गया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर एक ही यादव परिवार के सदस्य हैं और लंबे समय से कुआं खोदने का काम कर रहे थे। काम के दौरान अचानक कुएं की मिट्टी भरभराकर गिर गई, जिससे मजदूरों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। रेस्क्यू टीम द्वारा अब तक दो मजदूरों के शव बाहर निकाल लिए गए हैं।

## चीन-पाक को भारत का करारा जवाब, कहा- जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर जिक्र को बेवजह बताते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया है और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है तथा किसी भी अन्य देश को इस मामले में टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे परियोजना को वैधता देने के प्रयासों का यह कहते हुए विरोध किया कि ये कदम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने चीन और पाकिस्तान के बीच तथाकथित सीमा-पार जल संसाधन सहयोग संबंधी बयान का भी विरोध किया



### दूसरे देश को टिप्पणी करने का अधिकार नहीं

और कहा कि भारत ने इससे संबंधित समझौतों को कभी मान्यता नहीं दी। प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू कश्मीर के जिक्रपर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत, चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारे में बेवजह के जिक्र को पूरी तरह से खारिज करता है। भारत का रुख हमेशा एक जैसा रहा है और संबंधित पक्षों को इसकी पूरी जानकारी है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी भी अन्य देश को इस मामले पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजनाओं का सवाल है, जिनमें से कुछ भारत के संप्रभु क्षेत्र में स्थित हैं, हम अन्य देशों द्वारा इन क्षेत्रों पर पाकिस्तान के अवैध और ज़बरदस्ती के कब्ज़े को मज़बूत करने या उसे वैधता देने के किसी भी कदम का पूरी तरह से विरोध और खंडन करते हैं; क्योंकि ये कदम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। यह बात पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को कई बार स्पष्ट रूप से बता दी गई है।

### सीमा पार जल संसाधन सहयोग का किया विरोध

रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान के बीच तथाकथित सीमा पार जल संसाधन सहयोग का भी विरोध किया और कहा कि हमने चीन और पाकिस्तान के बीच तथाकथित सीमा-पार जल संसाधन सहयोग के जिक्र को भी देखा है। चूंकि इन दोनों देशों के बीच कोई साझा सीमा नहीं है, इसलिए तथाकथित सीमा-पार जल संसाधन सहयोग का सवाल ही पैदा नहीं होता। भारत ने पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के तथाकथित सीमा समझौते को कभी भी मान्यता नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसीम मुनीर की चीन यात्रा के दौरान दिये गये संयुक्त वक्तव्य में जम्मू कश्मीर मुद्दे का समाधान राष्ट्र के प्रस्तावों के तहत किये जाने की बात कही गयी है।

## पीएम मोदी ने जापान व ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग पर जोर



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को लेकर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की अहम भूमिका को दोहराया, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड बनाने की वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर की 2.5 लाख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन कार्ड की वार्षिक आय पात्रता सीमा को 1.2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि पहले, राशन कार्ड के लिए आय की पात्रता बहुत कम थी। वर्तमान में 1 लाख रुपये की वार्षिक आय एक परिवार के लिए न्यूनतम मज़दूरी के स्तर से भी कम है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने आय की सीमा बढ़ाकर 2.5 लाख कर दी है, ताकि ज़्यादा से ज़्यादा पात्र परिवार पीडीएस प्रणाली के तहत किफायती राशन का लाभ उठा सकें। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) आधारित राशन वितरण प्रणाली लागू करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत भविष्य में राशन के लिए वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में जमा की जाएगी, जिससे वे डिजिटल मुद्रा के माध्यम से आवश्यकता अनुसार सरकारी राशन की दुकानों से राशन प्राप्त कर सकेंगे।

## 28 मई को ईद-उल-अजहा का अवकाश घोषित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का अवकाश 27 मई से बदलकर अब 28 मई घोषित कर दिया गया है। कैलेंडर में 27 मई का अवकाश था। चूंकि ईद चांद के आधार पर मनाई जाती है। भारत में इस बार 28 मई को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। इसलिए शासन ने 27 मई का पूर्व निर्धारित अवकाश परिवर्तित करके, 28 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है।

ईद-उल-अजहा को लेकर शासन और प्रशासन के स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अभ्यास जारी है। जिलों से लेकर तहसील स्तर तक, स्थानीय अधिकारी सर्व समाज के



संभ्रांत और जिम्मेदार नागरिकों के साथ बैठकें कर रहे हैं। शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश भी दे रहे हैं।

कुर्बानी को लेकर शासन की गाइडलाइन पर अमल करने का विशेष जोर दिया जा रहा है। स्पष्ट संदेश के साथ कि कुर्बानी को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। मुस्लिम समाज के संगठन भी इस संदर्भ में जागरुकता अभियान छेड़े हैं। ये बताने के लिए कि कुर्बानी बंद जगहों पर करें।

## भारत-अमेरिका ने किया खनिज समझौता, चीन की बढ़ी चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिजों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को लेकर एक प्रमुख रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। भारत-अमेरिका के बीच यह कदम वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और रणनीतिक धातुओं पर चीन के निर्यात नियंत्रणों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है।

नयी दिल्ली में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को



रूबियो की उपस्थिति में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह सही समय पर किया गया और महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि इस रूपरेखा का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ खनिज आपूर्ति श्रृंखला के पूरे क्षेत्र में हमारे सहयोग को और गहरा करना है, जिसमें खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और संबंधित निवेश शामिल हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह रूपरेखा लचीली और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगी, परियोजनाओं के वित्तपोषण में मदद करेगी और साथ ही महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ धातुओं के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, यह इस बात का एक और प्रमाण है कि चुनौतियों और अवसरों से भरी दुनिया में हमारा सहयोग कितना घनिष्ठ रहा है। अपने संबोधन में रूबियो ने अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डाला और बताया कि यह दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने समझौते पर हस्ताक्षर का जिक्र करते हुए कहा कि यह इसका एक स्पष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि हम दो ऐसे देश हैं जिनके रणनीतिक हित हैं कि हमारी नवाचार अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और आपूर्ति श्रृंखलाओं तक विश्वसनीय दीर्घकालिक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

## डबल डेकर बस के पलटने से एक दरोगा सहित छह लोगों की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस पलटने से एक सब इंस्पेक्टर, एक कैदी समेत छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं 21 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें तीन सिपाही भी हैं। जिले केवरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

गंभीर रूप से घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से बिहार जा रही एक बस के चालक को अचानकझपकी आने से डबल



डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेने में जाकर पलट गई। सुबह तकरीबन 4 बजे हुई इस दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर यूपीडा और पुलिस भी पहुंच गई और बचाव अभियान चलाया गया।

## मार्ग दुर्घटना में कैंची धाम जा रहे चार लोगों की मौत, तीन घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुलतानपुर-लखनऊ हाईवे पर भिखरा गांव के पास मंगलवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कैंची धाम दर्शन के लिए जा रहे कार सवार चार युवकों की जहां मौत हो गई, वहीं तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी हैदरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के कारण केजीएमयू लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया हैं।

सुलतानपुर-लखनऊ हाईवे पर कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के भिखरा गांव स्थित एक ढाबे के सामने सोमवार तड़के करीब तीन बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुलतानपुर से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार इनोवा कार ढाबा के पास खड़े ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। बताते हैं कि टक्कर




### हाइवे पर चल रहे ढाबों के चलते रोड पर खड़े ट्रेलर ट्रक में घुसी इनोवा

इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार सभी युवक अंदर फंस गए। हादसे की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुँचाया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सीएचसी पहुचाये गये घायलों में शामिल राहुल कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी मुग़लसराय चंदौली,राहुल सिंह पुत्र अजय प्रताप निवासी गैबीपुर, गाजीपुर, सत्यम सिंह पुत्र स्वर्गीय तेज प्रताप सिंह निवासी रामपुर रसडा बलिया व सूरज मिश्रा निवासी गाजीपुर को डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा दुर्घटना में घायल पंकज पुत्र रमेश सिंह निवासी चुनार मिर्ज़ापुर, प्रशांत पुत्र अवध बिहारी निवास बेला, बलिया व चन्दन सिंह पुत्र दशरथ सिंह चुनार मिर्ज़ापुर को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

सूचना पाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**कार्रवाई** | बंगाल में घुसपैठियों में दिखने लगा खौफ

## बांग्लादेश बॉर्डर के चेकपोस्टों पर अवैध प्रवासियों की भीड़

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कथित अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफशुरू हुई कार्रवाई ने राज्य की राजनीति और सीमा क्षेत्रों में हलचल बढ़ा दी है। राज्य सरकार की ओर से 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' नीति को लागू करने के संकेत मिलने के बाद सीमा से जुड़े इलाकों में चिंता और अफरातफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। कई जगहों पर ऐसे लोग सीमा की ओर जाते दिखाई दिए, जिन्हें स्थानीय स्तर पर बांग्लादेशी नागरिक बताया जा रहा है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां भी पूरी तरह सतर्क हो गई हैं।

मंगलवार को उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर और हकीमपुर बॉर्डर इलाके में बड़ी संख्या में लोग एकत्र दिखाई दिए। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इनमें कई लोग ऐसे थे जो भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर वापस



अपने देश लौटने की कोशिश कर रहे थे। भीड़ बढ़ने के बाद सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल और सुरक्षा जवानों की तैनाती करनी पड़ी। हकीमपुर चेकपॉइंट पर सुबह से ही पुरुषों और महिलाओं की लंबी कतारें देखी गईं। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को निगरानी में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भी चौकसी बढ़ा दी है ताकि किसी तरह की अवैध गतिविधि न हो सके।

राज्य सरकार की ओर से पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति अवैध घुसपैठिया पाया जाता है, तो उसे अदालत में पेश करने के बजाय सीधे निकटतम बीएसएफ चौकी को सौंपा जाए। हाल ही में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में राज्य नेतृत्व ने कहा कि जो लोग नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के दायरे में नहीं आते, उन्हें अवैध प्रवासी माना जाएगा। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह कदम राज्य की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाया जा रहा है। राज्य में अब कथित अवैध प्रवासियों के खिलाफपहचानो, हटाओ और वापस भेजो नीति पर काम किया जा रहा है। इस नीति के तहत संदिग्ध लोगों की पहचान, उनके दस्तावेजों की जांच और फिर कानूनी प्रक्रिया के बाद निर्वासन की तैयारी की जा रही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस अभियान के तहत विभिन्न जिलों में रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे नियमित रूप से ऐसे मामलों की रिपोर्ट तैयार करें।

# एसएसबी जवान पर हमला, पत्नी का मंगलसूत्र छीनने का आरोप

- सब्जी लेने रूका था परिवार, सिगरेट पी रहे युवकों ने की मारपीट

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना विशेश्वरगंज से करीब एक किलोमीटर दूर पुरैना मोड़ तिराहे पर बीती रात एसएसबी जवान प्रवेश मिश्र व उनके परिवार पर दबंगों ने हमला कर दिया। पत्नी से अभद्रता व मंगलसूत्र छीनने का भी आरोप है। घटना के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई।जलालपुर निवासी प्रवेश मिश्र अपनी कार से घर लौट रहे थे। रात करीब 9 बजे वह पुरैना मोड़ पर सब्जी लेने रुके थे। आरोप है कि कार के पास सिगरेट पी रहे युवकों ने धुआं कार की तरफ उड़ाना शुरू कर दिया, मना करने पर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते 10-15 लोग पहुंच गए और जवान को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। कार में मौजूद उनकी मां बिट्टू देवी, पत्नी व बच्ची के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। आरोप है कि पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया गया। घटना से तिराहे पर अफरा-तफरी मच गई। बिट्टू देवी की तहरीर पर कन्छर निवासी राजा बाबू पुत्र स्वामी नाथ, रामू, राजू तिवारी समेत 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 191(2), 115(2), 352, 351 (3) व 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# खामोशी से पनपती बीमारी की समय पर हो रही पहचान

- बिना लक्षण वाले 66 लोगों में टीबी की पुष्टि, समय रहते शुरू हुआ इलाज
- जनपद में रंग ला रहा 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान, दो महीने में मिले 1,686 नए मरीज
- संकोच छोड़ें, जांच कराएं, समय पर पहचान से फेफड़े रहेंगे सुरक्षितः सीएमओ

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



टीबी शुरुआती चरण में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती रहती है। ऐसी ही छिपी हुई बीमारी की समय रहते पहचान के लिए जिले में 24 मार्च से 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 12,754 बिना लक्षण वाले लोगों का डिजिटल एक्स-रे कराया गया। एक्स-रे में हल्के संकेत मिलने पर जब सीबी-नाट जांच कराई गई, तो 66 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। खास बात यह रही कि इन लोगों को स्वयं भी अपने संक्रमित होने की जानकारी नहीं थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों और लोगों पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां संक्रमण की आशंका अधिक होती है। इनमें कुपोषित व्यक्ति, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग, ईट-भट्ठों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत मजदूर, मधुमेह के रोगी, बुजुर्ग, पूर्व में इलाज करा चुके लोग तथा वर्तमान मरीजों के साथ रहने वाले लोग शामिल हैं।

**1,686 नए मरीजों का इलाज शुरू**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में प्रस्तावित 350 विशेष शिविरों में से अब तक 152 का आयोजन किया जा चुका है।

इन शिविरों के माध्यम से बिना लक्षण वाले 66 मरीजों के अलावा, लक्षणयुक्त 1,620 अन्य लोगों में भी टीबी की पुष्टि हुई है। बीते दो महीनों में कुल 1,686 नए मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जनपद में लगभग 6,000 टीबी मरीज उपचाराधीन हैं, जिनकी नियमित दवा और पोषण सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

**संकोच छोड़ें, जिम्मेदारी चुनें**

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अक्सर लोग यह सोचकर जांच नहीं कराते कि जब खांसी या बुखार जैसे लक्षण नहीं हैं तो बीमारी कैसे हो सकती है, जबकि शुरुआती चरण में टीबी बिना लक्षण के भी हो सकती है। उच्च जोखिम समूह में इसके होने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गांव, बस्ती या अस्पतालों में लगने वाले स्वास्थ्य विभाग के शिविरों में अपनी और परिवार की निशुल्क जांच अवश्य कराएं। समय पर पहचान और नियमित दवा से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। जागरूक और सतर्क रहना ही इस अभियान का सबसे बड़ा संदेश है।

# बड़े मंगल पर कन्छर इंडेन व पुरानी हनुमान मंदिर चौक पर विशाल भंडारा आयोजित

- भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा विशेश्वरगंज



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ माह के पावन तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर विशेश्वरगंज क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कन्छर इंडेन गैस परिसर में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही भंडारा स्थल पर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, बूंदी एवं शीतल पेय का वितरण किया गया। पूरे परिसर में 'जय श्रीराम' और 'बजरंगबली की जय' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं नंदन पांडेय के प्रतिष्ठान निकट थाना विशेश्वरगंज एवं चुन्नू के सौजन्य से पुरानी हनुमान मंदिर चौक, विशेश्वरगंज पर भी भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, श्रद्धा और जनकल्याण का प्रतीक है। स्थानीय लोगों ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने वाला बताया।

## बकरी चराने गए दो मासूमों पर जंगली जानवर का हमला, बाल-बाल बचे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना फखरपुर क्षेत्र में बकरी चराने गए दो मासूम बच्चों पर अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। घायल बच्चों को तत्काल इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, फखरपुर के मुनीजर पुरवा निवासी 8 वर्षीय छोटू और बढ़काई चंगिया निवासी 8 वर्षीय अल्शिफा बकरियां चराने गए थे। इसी दौरान अचानक एक अज्ञात जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पास में भैंस चरा रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों को बचाया। हमले में दोनों बच्चों के शरीर के कई हिस्सों, खासकर कनपटी पर चोट के निशान पाए गए हैं।

# जीपीडीपी योजना के तहत ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित

## डिजिटल लाइब्रेरी, ई-रिक्शा व रोजगार बढ़ाने के प्रस्ताव पर जोर

- वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर हुई चर्चा



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड कैसरगंज की ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर-1 में जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को लेकर ग्राम सभा की खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत विकास, रोजगार सृजन एवं सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक दीपेश कुमार राय एवं जितेंद्र प्रताप सिंह (समाज कार्य विभाग, लखनऊ) ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर पर ई-रिक्शा उपलब्ध कराकर स्थानीय लोगों को रोजगार देने तथा पंचायत की ओएसआर (स्वयं की आय) बढ़ाने की योजना बनाई जा सकती है। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़कर रोजगार के अवसर सृजित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में किसानों को खेती हेतु लीज पर भूमि उपलब्ध कराने, पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकता अनुसार आरओ वॉटर कूलर एवं सोलर लाइट लगाने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा बच्चों और युवाओं के लिए पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

इस दौरान ग्राम प्रधान राजाराम, ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण मोहन त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार सिंह, खंड प्रेरक रवि कुमार सिंह, रितेश जायसवाल, वीरेंद्र प्रताप, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक उर्वशी वर्मा सहित ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### महिला चोर गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किया समान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि गुड़िया अग्रवाल पत्नी श्याम मनोहर अग्रवाल निवासी पटेल नगर ने कोतवाली नगर में तहरीर दिया कि बीते 18 मई को दुखहरन नाथ मंदिर में दर्शन के दौरान अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके गले से सोने की चैन काट ली गयी। जिस का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के अनावरण हेतु थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मन्दिर परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अवलोकन किया गया, जिसमें तीन संदिग्ध महिलाएं चैन चोरी की घटना कारित करती हुई दिखाई दीं। प्राप्त फुटेज के आधार पर पुलिस टीम लगातार संदिग्ध महिलाओं की पहचान एवं तलाश में जुटी थी। इस दौरान सोमवार को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि घटना में शामिल महिलाएं पुनः गोण्डा आयी हैं तथा उनमें से एक महिला रेलवे स्टेशन की तरफ भागने की फिराक में है। पुलिस ने दीपमाला को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी का सोने का चैन, घटना में प्रयुक्त साड़ी व लोटिया बरामद हुई। पुलिस ने दीप माला को जेल भेज दिया।

### प्रेमिका की बेवफाई से आहत युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा, डेढ़ घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज के रघुनाथपुर गांव में सोमवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ढेमवा मार्ग पर बृजभूषण शरण सिंह के लखनलाल महाविद्यालय परिसर के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। दोपहर करीब 2 बजे युवक को टावर पर चढ़ा देख मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 के आरक्षी मौके पर पहुंचे और टावर पर चढ़े युवक से मोबाइल पर संपर्क साधा। घंटों चली बातचीत में युवक ने बताया कि वह एक लड़की की बेवफाई से परेशान होकर टावर पर चढ़ा है। करीब डेढ़ घंटे बाद नवाबगंज थाने से चार और पुलिसकर्मी पहुंचे। आरक्षी अभिषेक यादव ने सूझबूझ दिखाते हुए फोन पर लगातार युवक को समझाया। युवक ने पुलिस के सामने दो शर्तें रखीं- पहली, उसकी प्रेमिका को थाने लाया जाए और दूसरी, नीचे उतरने के बाद उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न हो। पुलिस से ठोस आश्वासन मिलने के बाद ही युवक सुरक्षित नीचे उतरा। पास ही दुकान चलाने वाले वेदप्रकाश ने बताया कि युवक का नाम पुत्तन है। वह मूल रूप से *बलरामपुर* का रहने वाला है और यहां तुलसीपुर माझा में अपने मामा घनश्याम के घर रहकर उनकी दुकान पर काम करता है। दोपहर में वह चुपके से टावर पर चढ़ गया था। युवक के सकुशल नीचे उतरने पर प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। नवाबगंज पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले गई।

### रामपुर अरना में जनचौपाल, मौके पर निस्तारित हुईं ग्रामीणों की समस्याएं

**समृद्धि न्यूज़, सादुल्लानगर/बलरामपुर।** रेहराबाजार विकास खंड के ग्राम सभा रामपुर अरना पंचायत भवन परिसर में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनचौपाल का आयोजन किया गया। 'गांव की समस्या, गांव में ही समाधान' थीम पर आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनचौपाल का नेतृत्व एडीओ पंचायत इरफान उल्ला खां एवं ग्राम प्रधान/प्रशासक प्रतिनिधि मोहम्मद नईम ने किया। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। एडीओ पंचायत ने बताया कि चौपाल में चार परिवार रजिस्टर की नकल, दो विधवा पेंशन तथा एक दिव्यांग पेंशन से संबंधित प्रकरण आए, जिनका तत्काल समाधान कर दिया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, स्वयं सहायता समूहों के गठन, जल जीवन मिशन, आवास, शौचालय, शिक्षा और आंगनबाड़ी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चौपाल में कंपोजिट विद्यालय रामपुर अरना के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बरखा, शिवकुमार, रोशनी, शुभम, मनीषा, मोहन, हरीश, काजल और कृष्णा को मुख्य अतिथियों द्वारा निशुल्क स्टडी टेबल भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में भाजयूमो जिला मंत्री सुमित सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद नईम, एडीओ पंचायत इरफान उल्ला खां और सचिव दीपक गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में ज्ञानदास, मोहम्मद दानिश, अब्दुल गफ्फार, अनीता, चंदन जायसवाल, संजय वर्मा, आलोक कुमार, प्रहलाद वर्मा, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की

- ईद-उल-अजहा से पहले शांति समिति की बैठक
- डीएम का सख्त निर्देश अराजकता फैलाने पर होगी कार्रवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में ईद-उल-अजहा पर्व पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण एवं परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों और शांति समिति के सदस्यों से आगामी त्योहार को आपसी सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। विगत वर्षों में जिस प्रकार और जिस जगह पर कुर्बानियां दी जाती रही हैं, उसी परंपरा को कायम रखा जाए। उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न देने और खुले में कुर्बानी न करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बकरीद के त्योहार को परंपरागत रूप से मनाए जाने के संबंध में पुलिस अधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आसन्न त्योहारों के अवसर पर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद तेजे खान, अशोक मातनहेलिया, ब्रजमोहन मातनहेलिया, निशा शर्मा, डिंपल जैन, दाऊ सोनी, कल्बे अब्बास, मौलाना इनायत उल्लाह कासमी, लड्डन नेता फखरपुर, रूमी मियां और जफर उल्लाह खां 'बंटी' जैसे सदस्यों ने साफ-सफाई, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, संबंधित एसडीएम और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टैम्पो-ट्रैक्टर भिड़ंत में एक की मौत

## सड़क हादसे में कई लोग घायल, दोनों वाहन चालक मौके से फरार



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार सुबह नानपारा बाईपास पर शिवाला बाग मंदिर के पास एक सीएनजी टैम्पो और बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में रिसिया थाना क्षेत्र के समसापार निवासी 42 वर्षीय विपिन कुमार फौजदार पुत्र जगपत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में 60 वर्षीय राम भूखन पुत्र बृजलाल, 30 वर्षीय रमाकांत पुत्र जुगल किशोर, 13 वर्षीय अंशु पुत्र धर्मपाल, 25 वर्षीय मुकेश पुत्र पराग और 22 वर्षीय दिनेश पुत्र परसादी लाल शामिल हैं। इन सभी का नानपारा के सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।मृतक विपिन कुमार उर्फ़ फौजदार मिहिपुरवा में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। दुर्घटना के समय टैम्पो बहराइच की ओर जा रहा था, जबकि ट्रैक्टर लखीमपुर की दिशा से आ रहा था। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। नानपारा कस्बा इंचार्ज कामेश्वर राय ने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साहू भारत गैस एजेंसी पर 1160 रुपए में बिक रहा घरेलू गैस सिलेंडर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में गैस एजेंसी के संचालकों के द्वारा बिना मानक और सुरक्षा के मनमानी के चलते शहर के अलग-अलग हिस्सों में करीब दर्जनों से अधिक जगहों पर घनी आबादी के बीच तंग गलियों में या रोड पर रखकर रिहायशी इलाकों के बीच घरेलू गैस सिलेंडर टंकियों का वितरण किया जा रहा है जो बिना मानक और सुरक्षा के रखे जा रहे हैं जहाँ पर जिम्मेदार अपनी आंखें मूंदे हुए हैं, सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि हम कार्रवाई करते हैं।शहर के घनी आबादी व बिना सुरक्षा के हो रहे घरेलू गैस वितरण से इससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है जिसका खामियाजा बड़ी घटना के रूप में भुगतना पड़ सक ता है लेकिन न तो भारत पेट्रोलियम के अधिकारी इससे मतलब रखते हैं और ना ही जिले के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देते हैं,यही नहीं भारत पेट्रोलियम के अधिकारी को तो अपने बिक्री से ही मतलब है। उन्हें तो ज्यादा से ज्यादा गैस बिकनी चाहिए, शहरी क्षेत्र में ही लाखो रसोई गैस उपभोक्ता हैं, वहीं भारत गैस की कंपनियां हैं।

# सीएचसी विशेश्वरगंज में एसीएमओ का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की खुलीं परतें

- व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को लगाई फटकार
- मरीजों की सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगीः डॉ. संतोष राणा



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज में मंगलवार को एसीएमओ डॉ. संतोष राणा व डॉ. निरमेश श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को खंगाला। अचानक पहुंचे अधिकारियों को देख अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया और कई कर्मचारी फाइलें व रजिस्टर दुरुस्त करने में जुट गए।निरीक्षण टीम ने कोल्ड रूम, डिलीवरी रूम, पैथोलॉजी लैब समेत विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। साफ-सफाई, दवाओं के रखरखाव, उपकरणों की स्थिति और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कई व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। एसीएमओ डॉ. संतोष राणा ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग जारी रहेगी। निरीक्षण के समय अस्पताल अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा, बीपीएम ममता मिश्रा, प्रभारी फार्मासिस्ट शैलेंद्र द्विवेदी, श्याम जी शुक्ला, मुकेश गौतम समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय से रिंग रोड तक मंडलायुक्त ने परखा निर्माण कार्यों का स्तर



**गोण्डा/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के साथ बलरामपुर में निर्माणाधीन माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय एवं निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने सबसे पहले माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक एवं एकेडमिक ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, छात्रावास, स्टाफ आवास, फैकल्टी आवास, लाइब्रेरी भवन, लिफ्ट इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल वर्क, पेंटिंग कार्य, पेयजल व्यवस्था, सीवर सिस्टम, सड़क एवं परिसर विकास कार्य, अग्निशमन एवं आपदा सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित विभिन्न निर्माणाधीन सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, भवनों की संरचनात्मक मजबूती तथा तकनीकी मानकों के अनुपालन की भी समीक्षा की। निरीक्षण के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय व रिंगरोड के निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, निर्धारित समयसीमा एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्यों की स्थिति, कार्यदायी संस्था की कार्यप्रणाली तथा स्वीकृत मानचित्र एवं डीपीआर के अनुसार कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# ड्रोन का प्रशिक्षण पाकर गदगद हुए एनसीसी कैडेट्स

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय मनकापुर स्थित आश्रम पद्धति स्कूल में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटो को रोमांचकारी प्रशिक्षण प्रदान की जा रही है। इसके तहत कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर के प्रयास द्वारा सेय ड्रोन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने सभी कैडेटों को ओरिजिनल ड्रोन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारतीय सेना में युद्ध के दौरान ड्रोन की उपयोगिता को देखते हुए एनसीसी में भी ड्रोन प्रशिक्षण को प्रत्येक कैडेट के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इस कैंप में चुने हुए कैडेटों को अलग से विधिवत ड्रोन चलाने की प्रक्रिया बताई जाएगी। आने वाले समय में सेना द्वारा सामने से लड़ाई की तुलना में ड्रोन द्वारा जान माल की क्षति हुई बिना दुश्मनों के टारगेट को ध्वस्त किया जा सकता है। कैंप कमांडेंट ने बताया कि यह प्रशिक्षण इस शिविर में पहली बार कराया जा रहा है और हम इसे प्रत्येक कैडेट को प्रशिक्षण प्रदान करायेगे। इसके अतिरिक्त सेना में किस तरीके से युद्ध के दौरान टेंट लगाया जाता है उसका भी प्रशिक्षण कैडेटों को दिया गया साथ ही टेंट को खोलने और जोड़ने की प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई। लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी ने प्रतियोगिता संपन्न होने के उपरांत सभी को सम्मानित किया।



# आम आदमी को दिखना चाहिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुये कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का लाभ सीधे आम आदमी को मिलना चाहिए। सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए।

मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए।

चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। प्रदेश में 108 जनपदीय चिकित्सालय, 106 विशिष्ट चिकित्सालय, 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3757 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 27,668 स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हैं।

वर्ष 2025-26 में सरकारी अस्पतालों में 26.41 करोड़ ओपीडी सेवाएं और 1.23 करोड़ आईपीडी सेवाएं दी गईं, जबकि 24.33 करोड़ पैथोलॉजी जांचें की गईं। 2016-17 की तुलना में सत्र 2025-26 तक प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 44 से बढ़कर 83 हो गई है, जो 88.6 प्रतिशत की वृद्धि है। विगत 10 वर्षों में पीजी सीटों की संख्या 1344 से बढ़कर 5067 हो गई है, जबकि एमबीबीएस सीटें 5390 से बढ़कर 12800 तक पहुंच गई हैं। सुपर स्पेशियलिटी सीटों में भी लगभग 165 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। 652 नर्सिंग संस्थान संचालित हैं।



- स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक से जोड़ें : सीएम
- सरकारी अस्पतालों में न रहें तीन माह से कम एक्सपायरी वाली दवायें

एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और पाठ्यक्रमों की सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा राज्य में 3.95 लाख पंजीकृत नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध हैं। 'मिशन निरामया 1.0' के तहत नर्सिंग शिक्षा में हुए सुधारों की जानकारी दी गई। चिकित्सा अनुसंधान और मेडटेक क्षेत्र में 1500 करोड़ रुपये निवेश के लिए इंटेंट फाइल किए गए हैं। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज का बहुमंजिला गर्ल्स हॉस्टल, अयोध्या मेडिकल कॉलेज का 110 बेड ट्रॉमा सेंटर, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का बीएससी नर्सिंग कॉलेज तथा कानपुर मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विभाग विस्तार एवं डी-एडिक्शन वार्ड ब्लॉक शामिल हैं। महाराजगंज, शामली, संभल में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जबकि कई अन्य जनपदों में प्रक्रिया जारी है। 108 एम्बुलेंस सेवा और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की प्रतिक्रिया अवधि में लगातार सुधार हुआ है।

वर्तमान में 375 एएलएस एम्बुलेंस संचालित हैं और अब तक 9.38 लाख मरीजों को रेफर किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। 75 जनपदों में डायलिसिस सेवा और 74 जनपदों में सीटी स्कैन सेवा उपलब्ध है।

मार्च तक 35.69 लाख से अधिक डायलिसिस सत्र और 45.35 लाख से अधिक सीटी स्कैन किए जा चुके हैं। 227 सीएचसी पर टेली-रेडियोलॉजी सेवा संचालित है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

### आयुष्मान योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा

आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। क्लेम दावों का तय समय सीमा में निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों को समय पर भुगतान होता रहेगा तो मरीजों को बेहतर सुविधा मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को भी योजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन किया जाए। आशा वर्करों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर गर्भवती महिला तक समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचनी चाहिए। मेडिकल संस्थानों को रिसर्च आधारित स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाए।

## प्रधान सेवक के रूप में पीएम मोदी के 12 साल पूरे, सीएम ने तारीफ में गढ़े कसीदे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पद पर अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी है। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधान सेवक के रूप में सेवा, सुशासन और लोक-कल्याण को समर्पित गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई।

उन्होंने कहा, इन वर्षों में गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता बना, अंत्योदय आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदला और जनभागीदारी ने विकास को जन-आंदोलन का रूप दिया। यही वह दृष्टि है, जिसने ऐसे नए भारत को गढ़ा, जहां नारी सशक्तीकरण, नवाचार, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, सीमाओं पर अडिग, आतंक के विरुद्ध निर्णायक और विश्व मंच पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण भारत आज एक सशक्त, विश्वसनीय नेतृत्व के रूप में स्थापित है। डिजिटल, डेमोग्राफी और डेमोक्रेसी की त्रिवेणी विकसित भारत 2047 की दिशा में नयी गति दे रही है। योगी आदित्यनाथ ने दावा कहा, प्रधानमंत्री आवास, जन-धन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला और स्वनिधि जैसी योजनाओं ने विकास को जन-जीवन तक पहुंचाकर विश्वास को सशक्त किया है और यही विश्वास सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा, नेशन फर्स्ट की भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ती इस युगांतकारी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री जी का कोटि-कोटि अभिनंदन।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, एक की मौत, सात घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किसान पथ पर मंगलवार तड़के एक सड़क हादसा हुआ। डालौना रेलवे पुल के ऊपर ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और अर्टिगा कार की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अर्टिगा चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार सात अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह लगभग 4.15 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अर्टिगा कार (संख्या यूपी 85जीटी 3554) में कुल 8 लोग सवार थे। सभी मथुरा से अयोध्या जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक वाहन के अंदर फंस गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद चालक को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला। उसे तत्काल इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई है। घायलों में शुभाशीष मोहंती (16), स्मितांजली साहू (35), तिलावेरा, टिडा सुबोधा, बसंतदास, जयंतीरथा (पत्नी गगन बिहारी मोहपात्रा) और साई रामरथ शामिल हैं। ये सभी ओडिशा के जगन्नाथपुरी के निवासी बताए गए हैं। इस हादसे के कारण किसान पथ पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को सामान्य कराया। पुलिस ने बताया कि मौके पर कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

### साले ने जीजा पर चापड़ से किया हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गुडम्बा थाना क्षेत्र में साले ने जीजा पर चापड़ से जानलेवा हमला किया। हमले में पीड़ित के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत गुडम्बा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। निशातगंज निवासी मो. राशिद सिद्दीकी का आरोप है कि उनके साले इम्तियाज ने उन पर चापड़ से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित मो. राशिद सिद्दीकी के मुताबिक, वह सोमवार देर रात करीब 12.30 बजे अपनी पत्नी के घर शिवानी विहार, कल्याणपुर पहुंचे थे। इसी दौरान उनका 6 वर्षीय बेटा मो. इब्राहिम अपनी नानी के साथ छत पर गया था। आरोप है कि तभी उनका साला इम्तियाज भी छत पर पहुंचा और किसी बात को लेकर बच्चे की पिटाई करने लगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर राशिद ने विरोध किया तो इम्तियाज आगबबूला हो गया। उसने चापड़ से राशिद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राशिद के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। किसी तरह मौके से भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। घटना के बाद पीड़ित ने गुडम्बा थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

### नगर निगम मुख्यालय पर किसानों का प्रदर्शन पटरी दुकानदारों के शोषण का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पटरी दुकानदारों के शोषण का आरोप लगाते हुए नगर निगम के खिलाफजमकर नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि मामले में कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। दबाव डालकर नगर निगम द्वारा पटरी दुकानदारों का शोषण हो रहा। किसानों का कहना है कि मामले में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करेंगे। ताकि पटरी दुकानदारों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर रोक लग सके।

### छत फांदकर घर में घुसे चोर, नकदी व लाखों के जेवर लेकर फरार, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के काकोरी क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। सोमवार रात चोर छत फांदकर मकान में घुसे और नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह गृहस्वामी के जागने पर चोरी का पता चला। यह घटना काकोरी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहरु में हुई। पीड़ित लवकुश पुत्र स्वर्गीय बलदेव के अनुसार, चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। परिवार को चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लवकुश की आंख खुली, तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से जेवर व नकदी गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने काकोरी कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफलिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। इस चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर राजधानी में भंडारों का आयोजन, कहीं बटी इमरती तो कही ठंडा पानी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

माह के चौथे बड़े मंगलवार पर लखनऊ में भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। नाका कोतवाली के समीप जस्ट मां के भंडारे में श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी, छोले चावल समेत इमरती रूपी प्रसाद को वितरण किया गया।

इस बार पिछले दिनों की तुलना में चौथे बड़े मंगल पर अधिक संख्या में भंडारों का आयोजन किया गया। वही लखनऊ शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों और मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं ने शरबत, पानी, पूड़ी-सब्जी, हलवा और प्रसाद वितरण के भंडारे लगाए। इन दिनों भीषण गर्मी के साथ नौतपा भी चल रहा है लेकिन



बावजूद इसके लोग पूरे उत्साह के साथ भंडारे में लगे हुए है। इतना ही नहीं जगह-जगह भंडारे में ठंडे पानी का भी वितरण किया जा रहा है। इसके साथ राजधानी में भक्ति और सेवा के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा को जीवंत करता नजर आ रहा है। कई जगहों पर भजन कीर्तन और सुंदरकांड का पाठ भी भक्त जान कर रहे है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

## 'रीडिंग ऑवर' और 'समाचार-पत्र पठन' को मिलेगा नया बल : संदीप

- विद्यालयों में पठन संस्कृति सुदृढ़ करने के लिये अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पठन संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के आरंभ के साथ ही अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बच्चों में पढ़ने की आदत, भाषा दक्षता, तार्किक सोच एवं रचनात्मकअभिव्यक्ति विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते विद्यार्थियों के समग्र विकास पर कार्य कर रही है। पठन संस्कृति को मजबूत करना हमारे शिक्षा तंत्र की प्राथमिकता है। जब बच्चे नियमित रूप से पढ़ेंगे, तो उनकी भाषा क्षमता, संवाद कौशल और तार्किक सोच स्वतः विकसित होगी।

विद्यालयों में 'रीडिंग ऑवर', 'समाचार-पत्र पठन', 'डीईएआर कैंपेन' प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।विद्यार्थियों में रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच को बढ़ावा देने के लिए पढ़ने के साथ लेखन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यालयों में लेखन प्रतियोगिताएं, पुस्तक समीक्षा और समाचार आधारित लेखन जैसे



कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी अभिव्यक्ति को बेहतर बना सकें।

अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों प्राचार्य डायट, एडी बेसिक, बीएसए एवं बीईओ को व्यक्तिगत एवं समर्पित प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन का उद्देश्य विद्यालयों में सकारात्मक पठन वातावरण तैयार करना है, जिससे विद्यार्थी नियमित रूप से पुस्तकों एवं समाचार-पत्रों से जुड़ सकें।

प्राथमिक स्तर पर 'सुपर-20' तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 'सुपर-30' रीडिंग चौलेंज को भी गति दी जाएगी। विद्यार्थियों को पढ़ी सामग्री के आधार पर लेखन कार्य, कहानी लेखन, समीक्षा लेखन एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सहभागी बनाया जाएगा, जिससे सोच, अभिव्यक्ति एवं विश्लेषण क्षमता का समुचित विकास हो सके।

## तैराकी में सी.एम.एस. छात्रों ने आठ गोल्ड मेडल समेत 21 पदक जीते

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने सीनियर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग चैम्पियनशिप में 8 गोल्ड मेडल, 10 सिल्वर मेडल एवं 3 ब्रांज मेडल समेत कुल 21 पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह चैम्पियनशिप लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित हुई।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. के शिव जायसवाल ने 4 गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाकर अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया, तो वहीं दूसरी ओर शिवी तिवारी ने 2 गोल्ड एवं 3 सिल्वर मेडल अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा व दमखम का जोरदार प्रदर्शन किया। इसी प्रकार, अयान यादव ने 1 गोल्ड मेडल




एवं 4 सिल्वर मेडल, रजुता साहू ने 1 गोल्ड मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल, भव्या पाण्डेय ने 2 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल जबकि आरोही आर्या गुप्ता ने 1 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल अपने नाम किये। अब ये छात्र राज्य स्तरीय स्वीमिंग चैम्पियनशिप में अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहरायेंगे। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इन होनहार तैराकों के उज्वल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन 6 प्रतिभाशाली छात्र तैराकों ने अपनी खेल प्रतिभा व दमखम की बदौलत 21 मेडल अर्जित कर न सिर्फ अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है अपितु आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने के संकेत दिये हैं। श्री खन्ना ने आगे कहा कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

## फर्जी एनकाउंटर लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ एक बड़ा षड्यंत्र : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कथित फर्जी मुठभेड़ की घटनाओं को लेकर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर मंगलवार को गंभीर आरोप लगाए और कहा कि सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए मुठभेड़ के जरिए अपने समर्थकों को खुश कर रही है।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार लोगों को मानसिक रूप से हिंसक और पुलिस अधिकारियों को अपराधी बना रही है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि अपने फायदे के लिए सरकार ने फर्जी मुठभेड़ की घटनाओं के जरिये सरकारी स्तर पर एक पूरा आपराधिक तंत्र खड़ा कर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फर्जी मुठभेड़ की घटनाएं देश की संस्कृति, संविधान और स्वस्थ सामाजिक सोच के लिये एक चुनौती बन गयी हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार मुठभेड़ के बहाने पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) को डरा कर उसका हक मारना चाहती है। भाजपा सरकार जाति, धर्म देखकर मुठभेड़ करवाती है जिससे प्रदेश का सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है। फर्जी मुठभेड़ नाकाम सरकार की पहचान है। फर्जी मुठभेड़ से भाजपा सरकार आम जनता पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना चाहती है।



यादव ने कहा कि फर्जी मुठभेड़ों के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया जाता है लेकिन अपडेट या अपग्रेड नहीं किया जाता बल्कि आउटडेटेड और डाउनग्रेडेड बनाया जाता है और मन-मस्तिष्क में हिंसा को भरा जाता है।

उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बहाने हत्या को जायज ठहराया जाता है और आदिम जमाने की उसी रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। उन्होंने कहा कि इसी कारण फर्जी मुठभेड़ लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है जो संविधान में दिए गए न्याय के राज और सामाजिक न्याय को भी सिरे से नकारता है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के फर्जी मुठभेड़ का एक बेहद निंदनीय पहलू यह भी है कि सरकार इससे अपने समर्थकों को खुश करती है लेकिन साथ ही वह अपने समर्थकों को मानसिक रूप से हिंसक भी बनाती है।

## नीलेश रंजन राव चुने गए लेखपाल संघ के अध्यक्ष

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ 43वाँ प्रान्तीय महाधिवेशन, निर्वाचन प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित गॉधी प्रेक्षागष्ह कैसरबाग में सम्पन्न हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रदेश कार्यकारिणी गठन हेतु समस्त प्रान्तीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री,तहसील अध्यक्ष,तहसील मंत्री एवं प्रदेश भर से आये लेखपाल शामिल हुए।

निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव व सहायक निर्वाचन अधिकारी महामंत्री संजीव सिंह व प्रदश अध्यक्ष अनुसचिवीय अधिष्ठान



संघ नरेन्द्र कुमार तथा सहायक के रूप में सुदेश चौधरी राजस्व निरीक्षक, रविकान्त सैनी की देखरेख में सकुशल सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन परिणाम में उत्तर प्रदश लेखपाल संघ प्रदेश अध्यक्ष पद पर नीलेश रंजन राव परमार (कुशीनगर), प्रदेश उपाध्यक्ष गण प्रवेन्द्र सिंह (बरेली) पश्चिमी जोन, अभिषेक कुमार मिश्रा (प्रतापगढ़) मध्य जोन, सुबोध कुमार सिंह भूतपूर्व सैनिक नौसेना (सोनभद्र) पूर्वी जोन, प्रदेश महामंत्री राहुल पटेल (जौनपुर), प्रदेश संगठन मंत्री भूपेन्द्र चौधरी (शामली) पश्चिमी जोन, सुजीत कुमार (लखनऊ) मध्यजोन, आशुतोष पाण्डेय (मऊ) पूर्वी जोन, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपांशु भारद्वाज ( बुलन्दश हर) तथा लेखा परीक्षक योगेश कुमार यादव भूतपूर्व सैनिक वायुसेना (जालौन) निर्वाचित घोषितं हुये। सभी उपस्थित सम्मानित पदाधिकारी गण व सदस्य गणों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदश लेखपाल संघ की मजबूती के लिए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### 2027 में फिर बीजेपी बनाएगी सरकार : सचान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि विपक्ष के पास न कोई विजन है और न ही कोई मुद्दा जिसकी बदौलत 2027 में जनता के दिल में जगह बना सकें। बीजेपी बूथ लेबल पर काम करती है, घर घर तक संगठन की पहुंच है। समाजवादी पार्टी 2027 में सरकार बनाने का सपना न देखें क्योंकि जनता काम चाहती है। बेहतर कानून व्यवस्था चाहती है। खादी ग्रामोद्योग मंत्री ने स्व. मुलायम सिंह यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे ही धरती पुत्र नहीं कहा जाता था, वो असल में धरती पुत्र थे, जनता के लिए लड़ते थे। वो फेसबुक और ट्विटर पर बिजी रहने वाले नहीं थे।

**सराहनीय** | बड़े शहरों के साथ बुंदेलखंड, झांसी, बांदा जैसे जिले भी बन रहे पर्यटन का हब

# बेड एंड ब्रेकफास्ट, होमस्टे नीति से बदल रहा पर्यटन का स्वरूप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मेंयूपी में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प, मथुरा-वृंदावन समेत अन्य जिलों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड आमद से राज्य में सस्ते दरों पर ठहरने की अच्छी व्यवस्था की मांग बढ़ी है। इसे योगी सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति से साकार किया जा रहा है। इसके जरिए पर्यटकों को महंगे होटलों की जगह कम दाम पर ठहरने की जगह का विकल्प मिल रहा है।

2025 में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं



- किफायती होमस्टे और फार्मस्टे के तीन हजार से ज्यादा आवेदन, 900 रजिस्टर्ड

होमस्टे नीति लागू होने के बाद से यूपी में होमस्टे और फार्मस्टे तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदेशभर से 3000 से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं, जबकि 900 होमस्टे और फार्मस्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं।वाराणसी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ में होमस्टे और फार्मस्टे शहरी श्रेणी में आगे चल रहे हैं। वहीं अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीण होमस्टे मॉडल में सबसे ज्यादा तेजी अब बुंदेलखंड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। बांदा, हमीरपुर, महोबा और झांसी जैसे जिले नए पर्यटन केंद्र बनकर उभर रहे हैं।

बाराबंकी, बहराइच, पीलीभीत और लखीमपुर भी तेजी से ग्रामीण पर्यटन स्थलों के रूप में पहचान बना रहे हैं। मथुरा-वृंदावन और आगरा के ग्रामीण इलाकों में भी होमस्टे और फार्मस्टे को लेकर यात्रियों और स्थानीय लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। यह नीति छोटे जिलों में स्थानीय स्तर पर रोजगार और छोटे कारोबार को भी बढ़ावा दे रही है।

### गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचे पर्यटन का लाभ : जयवीर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन की असली ताकत तब दिखती है, जब उसका लाभ सीधे गांवों और स्थानीय परिवारों तक पहुंचे। होमस्टे और फार्मस्टे मॉडल न केवल पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की वास्तविक संस्कृति, स्थानीय खान-पान, परंपराओं और ग्रामीण जीवन से जोड़ रहे हैं, बल्कि खाली घरों को आय के साधन में बदलकर गांवों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर तैयार कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि पर्यटन का लाभ केवल बड़े शहरों और होटलों तक सीमित न रहे बल्कि गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचे। बीएंडबी एवं होम स्टे नीति के अंतर्गत इकाइयों का पंजीकरण एक सरल और पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया है। पर्यटन विभाग द्वारा बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों से जुड़ी व्यवस्था को भी स्पष्ट किया गया है। ऐसे आवासीय भवन जिनमें भूस्वामी स्वयं निवास न करता हो एवं उसके पास 1 से 6 तक कमरे उपलब्ध हो, जिन्हें वह पर्यटकों को आवास के लिए उपलब्ध कराना चाहे। ऐसे कमरों की संख्या अधिकतम 6 कुल 12 बेड हो सकती है। बीएंडबी इकाई में एक केयरटेकर रखना अनिवार्य होगा, जो इकाई के रखरखाव एवं संचालन का कार्य करेगा। बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे के जरिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कई तरह के फायदे भी मिल रहे है।

## पुलिस प्रशासन की सख्ती के बावजूद कसमंडी पहुंचे कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी, किया हनुमान चालीसा पाठ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पुलिस प्रशासन की सख्ती के बीच मलिहाबाद के कसमंडी गांव स्थित शिव मन्दिर में हनुमान चालीसा पाठ करने पहुंचे अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी को कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया। वहीं हाउस अरेस्ट प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने अपने आवास में ही पुलिस प्रशासन के मौजूद अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर कंसा पासी के किले सहित मन्दिर को संरक्षण में लेकर जांच पूरी होने तक वहां पर नमाज पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाने की मांग की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के आह्वान पर हनुमान चालीसा पाठ



कार्यक्रम की घोषणा करने वाली अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष को हाउस अरेस्ट कर लिया गया था, लेकिन आज दोपहर मौका पाते ही प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी कार्यकर्ताओं के साथ कसमंडी गांव के करीब पहुंचते ही वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने रोक लिया और वहीं सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर मन्दिर में नमाज पढ़वाने की शुरूआत करवाने वाले मौलाना को गिरफ्तार करने और कंसा पासी किला व उसमें बने शिव मन्दिर को संरक्षित कर जांच कर हिन्दू जनमानस को सौंपने की मांग की।

मालूम हो कि कंसा पासी के किले में स्थित मन्दिर में नमाज पढ़वाये जाने के बाद से उपजे विवाद के बाद अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्यवाही की मांग के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के आह्वान पर मंगलवार को सायं चार बजे हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन की घोषणा की थी।

# रोजा में आंधी-बारिश ने मचायी तबाही, एक की मौत

**बिजली सप्लाई बाधित, कई पेड़ व पोल जमीन से उखड़े, आधे क्षेत्र में ब्लैकआउट**



**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार की देर रात करीब आई भीषण आंधी-तूफान व मूसलाधार बारिश ने भीषण तबाही मचा दी। 60 से 85 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी ने जगह-जगह कई छोटे-बड़े पेड़ व बिजली के पोल उखाड़ दिए, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। पूरे क्षेत्र में ब्लैक आउट हो गया।

यहां आंधी की चपेट में आने से 40 इंच मोटा पेड़ उखड़कर 30-40 फीट दूर जा गिरा। कई कच्चे मकान भी धराशायी हो गए। सड़क किनारे बने अस्थायी ढांचे और दुकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई मार्गों पर बड़े-बड़े पेड़ गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। रातभर वाहन जहां-तहां फंसे रहे। कई इलाकों में लोग घरों में कैद होकर रह गए। प्रशासन की टीमें देर रात तक सड़कों से पेड़ हटाने में जुटी रहीं। रोजा क्षेत्र के आईटीआई मोड़ पर पेड़ बिजली के तारों पर गिर जाने से रोजा उपकेंद्र की आधी आबादी की बिजली सप्लाई बंद हो गई। रोजा मंडी के अंदर अनाज से भरें ट्रक के ऊपर भारी-भरकम पेड़ गिर गया। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। रेलवे कालोनी में भी आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। कई पेड़ आवासों पर गिर गये। रोजा बाजार में भारी-भरकम पेड़ जमीन से उखड़ गया। हालांकि रातभर अंधेरा और खराब मौसम बने रहने के कारण नुकसान का आंकलन नहीं हो सका है। प्रशासन ने अनुसार मंगलवार सुबह स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही वास्तविक क्षति का आंकड़ा सामने आ सकेगा।

### आंधी से ढही दीवार, पति की मौत, पत्नी और दो बच्चे गंभीर घायल, प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार

**रोजा।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलंदपुर में सोमवार देर रात आए आंधी-तूफान के कारण एक घर की दीवार गिर गई। तेज तूफान से घर का सारा सामान मलबे में दब गया। हादसा इतना भयावह था कि घर में सो रहे शिव प्रसाद मौर्या की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी श्रीदेवी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सूचना मिलते ही पहुंचे ग्रामीण

**रोजा।** हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत जिला मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने शिव प्रसाद मौर्य को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी श्री देवी और बच्चे साक्षी (14 वर्ष) तथा सक्षम (11 वर्ष) का अस्पताल में इलाज जारी है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### शाम तक शुरू हो सकती हैं बिजली सप्लाई

रोजा बिजली उपकेंद्र के जेई अजय कुमार यादव ने बताया कि उपकेंद्र के उपकरणों में भी तकनीकी खराबी आ जाने से संकट और बढ़ गया। आंधी के दौरान कई स्थानों पर पेड़ और डालियां बिजली तारों पर गिर गई, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। जिस कारण मिश्रीपुर फीडर बंद हैं, जिसके कारण मिश्रीपुर, हांडा कालोनी, निवाजपुर, अहमदपुर, दलेलगंज, फत्तेहपुर समेत कई इलाकों में देर रात तक बिजली गुल हो गई हैं। बिजली विभाग की टीम रातभर पेट्रोलिंग कर क्षतिग्रस्त लाइनों और उपकरणों की पहचान करने में जुटी हैं। मंगलवार शाम तक बिजली सप्लाई शुरू हो जायेगी।

## मंडी में करंट लगने से गाय की मौत



**बिजली विभाग के जेई ने मंडी प्रशासन के सिर ठीकरा फोड़ा**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नवीन गल्ला मंडी में करंट लगने से एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। नवीन गल्ला मंडी के अंदर लगे हुए विद्युत पोल से झूल रहे बिजली तार की की चपेट में आकर मंगलवार दोपहर एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को देखकर मंडी में मौजूद युवा भाजपा नेता रामगोपाल गुर्जर ने विद्युत विभाग और नगर पालिका प्रशासन को फोन कर घटना की जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खंभे से नीचे झूल रहे विद्युत तार की चपेट में आकर पानी पीने के लिए गड्ढे की तरफ बढ़ रही गाए वहीं गिर कर तड़पने लगी । जब तक लोग बचाते तब तक उसने तड़फते हुए दम तोड़ दिया।सूचना पर विद्युत विभाग के के जेई अनिल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि यह विद्युत विभाग की लाइन ना होकर स्थानीय मंडी प्रशासन की लाइन है और उनकी ही लापरवाही है। नगर पालिका के कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर गल्ला मंडी पहुंचे और मृत गाए का ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, कुर्बानी स्थलों का किया निरीक्षण



**खुटार, शाहजहांपुर।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना खुटार क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी पुवायां ने थाना खुटार पुलिस बल के साथ विभिन्न कुर्बानी स्थलों, संवेदनशील क्षेत्रों तथा मिश्रित आबादी वाले इलाकों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कुर्बानी स्थलों पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आवागमन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। संबंधित पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधि को कतई बर्दाश्त न किया जाए तथा हर गतिविधि पर सतर्क निगाह रखी जाए। अधिकारियों ने स्थानीय संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं एवं क्षेत्रवासियों से संवाद कर आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने थाना खुटार पुलिस को पर्व के दौरान लगातार गश्त, पैदल भ्रमण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को मुस्तैदी एवं आमजन के प्रति सौम्य व्यवहार बनाए रखने के लिए कहा गया।

### दस हजार लीटर मिलावटी ईंधन जब्त, सरगना सहित पांच गिरफ्तार



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दस हजार लीटर मिलावटी डीजल, पेट्रोल और केमिकल बरामद किया है। इस मामले में अवैध पेट्रोल पंप संचालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद किए गए मिलावटी ईंधन की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने बताया किआरोपी कानपुर से केमिकल मंगाकर सिंधौली में डीजल और पेट्रोल में मिलावट करते थे। मुख्य आरोपी फर्जी दस्तावेज और लाइसेंस के लिए आवेदन कर अवैध पेट्रोल पंप संचालित कर रहा था। यह गिरोह पिछले एक साल से सक्रिय था और इससे अच्छा मुनाफा कमा रहा था। इस मामले का खुलासा 22 मई को हुआ, जब जिला पूर्ति अधिकारी ने डींगरपुर में अवैध रूप से चल रहे एक पेट्रोल पंप को सील किया था। इस दौरान वहां एक भूमिगत टैंक भी मिला था। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए दो टीमें गठित की थीं। रोजा पुलिस ने निगोही निवासी शिवराज वर्मा, रोजा निवासी पवन उर्फ अमन, खीरी निवासी अशरफ अली खां, रोजा निवासी बबलू उर्फ रॉकी और सिंधौली निवासी रामबरन को गिरफ्तार किया है। मौके से 65 ड्रम बरामद हुए, जिनमें 10 हजार लीटर केमिकल, मिलावटी डीजल और पेट्रोल भरा था। मुख्य आरोपी शिवराज ने अपने एक पार्टनर के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज बनाकर यह अवैध पेट्रोल पंप स्थापित किया था। पुलिस के मुताबिक, इस पंप को बनाने में 15 लाख रुपये खर्च किए गए थे। आरोपी लाइसेंस के लिए आवेदन तो करते थे, लेकिन प्रक्रिया बीच में ही छोड़ देते थे। आरोपी रामबरन तेल की व्यवस्था करता था, जिसमें मिलावट कर उसे बेचा जाता था। एसपी सिटी देवेंद्र सिंह ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह था जो फर्जी पेट्रोल पंप चला रहा था। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस अवैध धंधे में आरोपी वीरेश को प्रति लीटर 15 रुपये का मुनाफा होता था। सभी गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## स्लम क्षेत्र के बच्चों हेतु 5 दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा, पोषण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं मानवता वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राइट टू एजुकेशन विषय पर आयोजित 5 दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का समापन बूचड़ी कैंट क्षेत्र में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्लम क्षेत्र के बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेरा युवा भारत के उप निदेशक श्री माहे आलम रहे। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की सबसे सशक्त नींव है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चों तक शिक्षा एवं जागरूकता पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा से निरंतर जुड़े रहने, स्वच्छता अपनाने एवं पौष्टिक भोजन ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को टी-शर्ट, कैप एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई। बच्चों ने विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई। बच्चों से अनाज, दालों एवं हरी सब्जियों के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियां कराई गई, जिसमें बच्चों ने पोषण संबंधी संदेश तैयार किए। कार्यक्रम में बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व, एनीमिया से बचाव, स्वच्छ खानपान तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के वंचित एवं स्लम क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। संस्था निरंतर मलिन बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम संचालित कर रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक लवली सक्सेना, विकास कोली, दिव्यांशी मिश्रा, वैष्णवी, अंशिका गुप्ता एवं आयुषी पाल को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की उपाध्यक्ष नीरा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मेरा युवा भारत की ओर से लेखाकार सोनम सचान, कार्यालय सहायक हिमांशु एवं देवेश ने कार्यक्रम में सहभागिता की एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### गोली मारने के आरोप में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से ग्रामीण घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल ने दो लोगों को नामजद करते हुए तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ इशिका सिंह ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया।

सोमवार रात करीब नौ बजे मदनापुर के बौरी गांव निवासी

**सीएचसी से घायल विमल जिला मेडिकल कॉलेज रेफर**

विमल कुमार के बंधीचक पिथनापुर मार्ग पर गोली मारने की सूचना पर पीआरवी पहुंची और कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। रात में ही कोतवाल प्रिंस शर्मा, सीओ इशिका सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल ने गांव बंधीचक निवासी वीरेंद्र कुमार, पवनेश व एक अज्ञात द्वारा रोक कर गाली गलौज करने और विरोध करने पर जान से मारने की नियत से तमंचे से गोली मारने के बाद जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार सुबह कोतवाल प्रिंस शर्मा एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ताल की और सबूत जुटाए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## प्रधान संगठन के संघर्ष से बढ़ा प्रधानों का कार्यकाल, क्षेत्र में जश्न का माहौल

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधानों के अधिकारों और गांवों के विकास की लड़ाई लड़ रहे अखिल भारतीय प्रधान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा और खुदागंज ब्लॉक अध्यक्ष लखपत सिंह के अथक संघर्ष ने आखिरकार रंग ला दिया। प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल छह माह बढ़ाए जाने और निवर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने के फैसले से क्षेत्र भर के प्रधानों में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय को प्रधानों ने संगठन की एकजुटता और नेतृत्व की बड़ी जीत बताया है। इस उपलब्धि पर खुदागंज ब्लॉक अध्यक्ष लखपत सिंह के पैतृक गांव दिउरिया में प्रधानों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लग गया। प्रधानों ने फूल-मालाओं से लखपत सिंह का भव्य स्वागत कर उन्हें बधाई दी और संगठन के संघर्ष को गांवों की जीत बताया। पूरे क्षेत्र में इसे प्रधानों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानों ने बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा और ब्लॉक अध्यक्ष लखपत सिंह लंबे समय से प्रदेशभर के ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे थे। इसी क्रम में 20 मई को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रदेशभर से हजारों प्रधानों ने भाग लेने का ऐलान किया था। प्रधानों का कहना है कि सरकार ने आंदोलन को रोकने के लिए संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट तक कर दिया, लेकिन इसके बावजूद प्रधान पीछे नहीं हटे। संगठन के नेतृत्व में प्रधान भारी संख्या में लखनऊ पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद की। प्रधानों की इसी एकजुटता और संघर्ष के आगे सरकार को झुकना पड़ा और मुख्यमंत्री ने प्रधानों की मांगों को स्वीकार करते हुए बड़ा फैसला लिया। सरकार के नए निर्णय के अनुसार समय से पंचायत चुनाव न होने की स्थिति में अब एडीओ पंचायत की जगह निवर्तमान ग्राम प्रधान ही प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। इस फैसले को ग्रामीण विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानों ने कहा कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी को प्रशासक बनाया जाता तो गांवों के विकास कार्य बाधित हो जाते, लेकिन प्रधानों को ही जिम्मेदारी मिलने से अधूरे विकास कार्य तेजी से पूरे होंगे और जनता को राहत मिलेगी। ग्रामीणों और प्रधानों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र और गांव की सरकार की जीत बताया। ब्लॉक अध्यक्ष लखपत सिंह के आवास पर पहुंचे प्रधानों और गणमान्य लोगों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सेठपाल सिंह, प्रमोद सिंह, रामवीर गंगवार, फरहान आलम, हसमत अली, जमीर हसन अंसारी, अरशद, अवनीश गंगवार, अवनीश सिंह, राम सुधार, शोभित, रघुनंदन प्रसाद, अजीत यादव,अबोध कुमार, विमलेश कुमार, वीरेश गंगवार ,प्रमोद वर्मा सिंह सहित क्षेत्र के तमाम प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता और सम्मानित लोग मौजूद रहे। प्रधानों ने एक स्वर में कहा कि विपिन मिश्रा और लखपत सिंह जैसे मजबूत नेतृत्व के कारण ही प्रधानों की आवाज प्रदेश स्तर तक पहुंच सकी है। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ प्रधानों की नहीं बल्कि गांव, गरीब और ग्रामीण विकास की जीत है।

### मेडिकल स्वामी ने पड़ोस के मेडिकल कर्मचारी को पीटा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गांव नगरा ज. हरना निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप एक मेडिकल स्टोर उस पर वह काम करता है। उसी मेडिकल के पड़ोस में एक ओर मेडिकल है आरोप है कि एक व्यक्ति दबाई लेने के लिए मेडिकल पर आया उसी समय पड़ोस के मेडिकल से आए एक व्यक्ति ने उसे गन्दी गन्दी गालियां देना शुरू कर दिया जिसके बाद जब उसने विरोध किया तो जितेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी है। बताया जा रहा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है।

## मंगल पर उमड़ा आस्था और सेवा का सैलाब, नगर भर में लगे भंडारे व शरबत शिविर

**पूरी-सब्जी, जलजीरा, शरबत और कोल्ड ड्रिंक बांटकर श्रद्धालुओं ने निभाई सेवा की परंपरा**

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बड़े मंगल के पावन अवसर पर खुदागंज नगर पूरी तरह भक्ति और सेवा भाव में रंगा नजर आया। सुबह से ही नगर के विभिन्न स्थानों पर भंडारे एवं शरबत वितरण शिविरों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद एवं ठंडे पेय पदार्थ वितरित किए गए। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने सेवा कार्यों के माध्यम से मानवता और परोपकार का संदेश दिया। नगर के प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भंडारों का आयोजन किया। जनता मेडिकल के बाहर श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं राठौर किराना स्टोर के स्वामी अमर सिंह राठौर द्वारा राहगीरों के लिए ठंडा जलजीरा एवं कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

विनायक गैस एजेंसी पर भी विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। महादेवन मंदिर परिसर में लगाए गए शरबत वितरण शिविर में दिनभर श्रद्धालुओं और राहगीरों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा स्वामी वेदांती जी महाराज के आश्रम पर भी श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरण किया गया। पूरा नगर दिनभर जय बजरंगबली के जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। लोगों ने जगह-जगह रुककर प्रसाद ग्रहण किया और शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। बड़े मंगल के अवसर पर युवाओं, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि बड़े मंगल केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और मानवता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर किए गए भंडारे और सेवा कार्य समाज में प्रेम, भाईचारे और परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं। इस दौरान अतुल सिंह, उर्वेश सिंह, निखिल सिंह, विकास सिंह, विपनेश सिंह, राहुल गंगवार, शिवम सिंह, सूरज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा एवं स्वच्छता के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में समानता का अधिकार व महिला सुरक्षा एवं स्वच्छता के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन पंचायत घर अकर्रा रसूलपुर में किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला मिशन कोर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा की गयी। उनके द्वारा उक्त विषय पर चर्चा करते हुये बताया गया कि जिस तरह हम अपने शरीर की साफ-सफाई करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें अपने मन को भी साफ रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि लड़की-लड़का में भेद न करें, अपने मन में समानता का भाव रखें। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया तथा महिला स्वच्छता पर विस्तृत चर्चा की। उनके द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाऐं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वरिष्ठ लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहम्मद अफजल द्वारा उपरोक्त विषय पर चर्चा करते हुये कहा कि जब सरकार किसी तरह का कोई भेद भाव नहीं करती है तो हमें भी किसी तरह का भेदभाव बेटा-बेटी में नहीं करना चाहिए। उनके द्वारा बच्चियों की शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अनिल कुमार के द्वारा किया गया। शिविर में जेन्डर स्पेशिलिस्ट कीर्ति मिश्रा व ग्रामीण एवं अधिक संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## श्रद्धालु महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**कछियानी हनुमान मंदिर प्रांगण में हुई घटना, मंदिर में नहीं रुक रही चेन स्नेचिंग की घटनाएं**



**तिलहर - शाहजहांपुर।** कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर पर पति के साथ प्रसाद चढ़ाने पहुंची ग्रामीण महिला के गले से भारी पुलिस बल की चैकसी के बाबजूद उच्चके ने सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दंपती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चेन बरामदगी की गुहार लगाई है। मंगलवार को सुबह करीब दस बजे मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव नगला मधा निवासी अजय सिंह पुत्र मुनीश्वर सिंह पत्नी अंशिका व नवजात बच्ची के साथ कछियानी हनुमान मंदिर प्रसाद चढ़ाने पहुंचे थे। इसी दौरान अंशिका के गले से सोने की चेन पर उच्चकों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दंपती कोतवाली पहुंचा। और तहरीर देकर बताया कि आज मंगलवार को वह अपनी पत्नी अंशिका सिंह और नवजात बच्ची के साथ काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए आए थे। इसी दौरान अंशिका के गले से करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन तोड़ ली। जिसका/आकृति का पैंडल तो ब्लाउज में फंसने से बच गया। लेकिन चेन गायब हो गई। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि दंपती की शिकायत मिलने के बाद मंदिर के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। बता दें कि एक स्थान पूर्व भी मंगलवार को चेन स्नेचिंग हुई थी।

### जन संवाद रहेगी प्राथमिकता: सिटी मजिस्ट्रेट



**शाहजहांपुर।** नवागत सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट आकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कार्यभार संभालने के बाद अधीनस्थों के साथ बैठक कर कामकाजों की जानकारी ली। पेंडिंग कार्यों को ससमय पूरा करने के दिशा निर्देश। सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा बताया गया कि शासन व डीएम की मंशानुरूप कार्य किए जाएगें। आफिस में आने वाले हर फरियादी को वरीयता दी जाएगी और जन संवाद ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। इससे पहले यह फरूखाबाद में एसडीएम पद पर तैनात थे। नये सिटी मजिस्ट्रेट के आफिस पहुंचने पर कार्मिकों ने उनका स्वागत बुके देकर किया।

**एडीएम ने दी चेतावनी**

# सड़कों पर अनाधिकृत पार्किंग वालों पर कसेगा शिकंजा

- मैरिज लॉन, नर्सिंग होम संचालकों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित
- चौक कोतवाल बोले, गैराज वाले पार्किंग को लेकर नहीं कर रहे सहयोग




**प्रभाकर मिश्रा**

**शाहजहांपुर।** शहर को जाम मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा एवं एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने नर्सिंग होम और मैरिज लॉन संचालकों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर अनाधिकृत पार्किंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपने प्रतिष्ठानों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने कहा कि शहर में लगने वाले जाम की समस्या से हर कोई वाकिफ है। आए दिन जाम लगने से यातायात प्रभावित होता है और आमजन को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन और पुलिस जनता के सहयोग के बिना प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम और मैरिज लॉन संचालकों के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी समन्वय स्थापित करना, सुझाव प्राप्त करना और सहयोग की अपील करना है। एडीएम ने कहा कि प्रशासन पहले संवाद और सहयोग की भावना से काम करना चाहता है, ताकि कार्रवाई की नौबत न आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन ने कार्रवाई से पहले सभी पक्षों से बातचीत कर जागरूक करने का प्रयास किया है।

एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि जिन नर्सिंग होम और मैरिज लॉन संचालकों के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है, वे समय रहते इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि सड़कों पर होने वाली अनाधिकृत पार्किंग शहर में जाम की बड़ी वजह बन रही है। एसपी सिटी ने स्पष्ट किया कि शहर को जाम मुक्त एवं अनाधिकृत पार्किंग से मुक्त करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता और ध्येय है।

### बीच बैठक में खड़े हुए चौक कोतवाल

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान चौक कोतवाल प्रदीप राय ने खड़े होकर एसपी सिटी के समक्ष अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अंटा चैराहे के आसपास सड़क किनारे वाहन खड़े कराने वाले गैराज संचालकों को भी बैठक में बुलाया गया था, लेकिन कई संचालक उपस्थित नहीं हुए। इस पर एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने नाराजगी जताते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण और अनाधिकृत पार्किंग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शहर की ये सड़कें जाम से सबसे ज्यादा प्रभावित

शहर में सबसे अधिक जाम की स्थिति अंटा चैराहे से हनुमान धाम तक, अंटा चैराहे से बरेली मोड़ तक, कच्चा कटरा मोड़ से कनौजिया मोड़ तक, महिला थाना क्षेत्र से निगोही रोड तक तथा निगोही रोड से रोडवेज बस स्टेशन तक बनी रहती है। इन मार्गों पर सड़क किनारे होने वाली अनाधिकृत पार्किंग और अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, जिससे लोगों को रोजाना जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

### शहर के अधिकांश अस्पतालों और मैरिज लॉन में नहीं है पार्किंग व्यवस्था

डीएम द्वारा शहर की जाम समस्या से निपटने को लेकर अस्पतालों एवं मैरिज लॉन की पार्किंग व्यवस्था को लेकर मुहिम चलाई गई है। यदि यह मुहिम वास्तविक रूप से धरातल पर उतरती है तो अधिकांश सड़कों पर लगने वाली जाम की समस्या से लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकती है। दरअसल शहर के अधिकांश अस्पतालों और मैरिज लॉन के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वहां आने वाले लोग अपने वाहन बाहर सड़क किनारे टेढ़े-मेढ़े तरीके से खड़े कर देते हैं, जो जाम की बड़ी वजह बनते हैं। कई प्रमुख मार्गों पर यही स्थिति रोजाना देखने को मिलती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## कछियानी हनुमान मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भरी भीड़, हुए भंडारे

### ज्योष्ट माह के चौथे बड़े मंगल पर नगर में सुंदरकांड का भी हुआ आयोजन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** जेठ माह के चैथे तथा अधिक मास के दूसरे बड़े मंगल पर नगर में विभिन्न मंदिरों व घरों में सुंदर कांड पाठ किया गया। वही कछियानी हनुमान मंदिर पर हजारों भक्तों ने दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया । इस मौके पर तमाम लोगों ने सामूहिक तथा निजी भंडारों का आयोजन किया। वहीं तमाम लोगों ने शीतल जल व शरबत की सबील लगाई। नगर के मोहल्ला निजामगंज में करन सिंह यादव द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।पंडित देव प्रकाश द्वारा पाठ किया गया। पंडित जी ने बताया कि सुंदरकाण्ड रामचरितमानस का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें भगवान हनुमान जी की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का वर्णन मिलता है। इस काण्ड में हनुमान जी समुद्र पार कर माता सीता की खोज करते हैं और लंका में भगवान राम का संदेश पहुँचाते हैं। सुंदरकाण्ड का पाठ करने से मन में साहस, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पाठ के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान निखिल यादव, प्रद्युम्न सिंह, अनिरुद्ध यादव एवं मनोज यादव आदि श्रोता मौजूद रहे।



# तेज आंधी से चरमराई बिजली व्यवस्था, 18 घंटे तक अंधेरे में डूबे नगर और गांव

- बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग, भीषण गर्मी और मच्छरों ने बढ़ाई परेशान

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार रात आई तेज आंधी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए और खंभों को भी नुकसान पहुंचा, जिसके चलते क्षेत्र में लगभग 18 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली गुल होने से हजारों उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी, उमस और मच्छरों के प्रकोप का सामना करना पड़ा। सोमवार रात करीब 9 बजे अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ धूल भरी हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते नगर और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पूरी रात लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन लाइन में कई जगह फॉल्ट होने के कारण आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली न होने से घरों में लगे पंखे और कूलर बंद हो गए, जिससे लोगों की रात बेचैनी में गुजरी। बिजली संकट का सबसे ज्यादा असर पेयजल व्यवस्था पर देखने को मिला। घरों की छतों पर रखी पानी की टंकियां खाली हो गई और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होते नजर आए। नगर के कई मोहल्लों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह तक पानी की भारी किल्लत बनी रही। महिलाओं और बच्चों को पानी भरने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा।सोमवार रात करीब 9 बजे अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ धूल भरी हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते नगर और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पूरी रात लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन लाइन में कई जगह फॉल्ट होने के कारण आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली न होने से घरों में लगे पंखे और कूलर बंद हो गए, जिससे लोगों की रात बेचैनी में गुजरी बिजली संकट का सबसे ज्यादा असर पेयजल व्यवस्था पर देखने को मिला। घरों की छतों पर रखी पानी की टंकियां खाली हो गई और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होते नजर आए। नगर के कई मोहल्लों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह तक पानी की भारी किल्लत बनी रही। महिलाओं और बच्चों को पानी भरने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। वहीं दूसरी ओर रातभर मच्छरों का प्रकोप भी जारी रहा, जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में लंबे समय तक बिजली कटौती ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सतीश चंद्र ने बताया कि तेज आंधी के कारण लगभग 35 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। विभाग के कर्मचारी लगातार मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं और युद्धस्तर पर काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि शाम तक विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु कर दिया जाए। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त लाइनों की जल्द मरम्मत कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

### आंधी ने मचाई तबाही, पेड़ और पोल गिरे



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सोमवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। अचानक बदले मौसम के चलते तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। कई गांवों में पेड़, बिजली के खंभे, दीवारें और टीन शेड गिर गए, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्राम बारापुर में तेज हवा के कारण अरविन्द कुमार की दीवार गिर गई तथा घर के पास खड़ा पाकड़ का पेड़ भी धराशायी हो गया। वहीं रामदेव वर्मा का आम का बड़ा पेड़ जड़ से उखड़ गया। दिनेश के घर का टीन शेड तेज हवा में उड़ गया, जिससे घरेलू सामान भी भीग गया। वीरपाल के कई पेड़ गिर जाने से खेतों और रास्तों में अवरोध उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर छप्परनुमा घरों को भी नुकसान पहुंचा हैं। हाईवे किनारे लगे बिजली के खंभे उखड़ जाने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई। कई गांवों में रात भर बिजली गुल रही। तेज बारिश और ओले गिरने से पक्षियों की मौत की भी आशंका जताई जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### बड़े मंगल को निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत



**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला लाला तेली बजरिया स्थित श्रीबालाजी दरबार मंदिर में ज्येष्ठ के चैथे मंगल पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों लाल इमली चैराहा, टाउनहॉल, सदर बाजार, अंटा चैराहा होते हुए हनुमतधाम पहुंची। शोभायात्रा में शिव दरबार, राम दरबार, हनुमानजी आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। भक्तों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के आयोजकों ने बताया कि यह शोभायात्रा ताला तेली बजरिया से होकर हनुमतधाम जाती है, वहां से पुनः मंदिर आकर संपन्न होती है। यह साल निकाली जाती है।

### लखनऊ में ललिता दो प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित



**शाहजहांपुर।** लायन इंटरनेशनल के मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 321 के कन्वेंशन उत्कर्ष 2026 मल्टीपल अवार्ड फंक्शन का आयोजन होटल हिल्टन गार्डन इन लखनऊ में किया गया था। उक्त कन्वेंशन सम्मान समारोह में लायंस इंटरनेशनल के मल्टीपल 321 में आने वाले सभी डिस्ट्रिक्ट ने भाग लिया। जिसमें लायन क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर पूरी मल्टीपल टीम सहित तथा कई डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और क्लब प्रेसिडेंट मौजूद रहे। इस अवसर पर ललिता यादव को दो प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें पहला अवार्ड लायंस इंटरनेशनल द्वारा पूरे वर्ष लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति द्वारा किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए लीडरशिप अवार्ड के रूप में मिला। जिसमें मेडल के साथ लायंस इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन एपी सिंह द्वारा एक प्रशंसा पत्र भी प्राप्त हुआ। इसके साथ ही दूसरा अवार्ड मल्टीपल में इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ कार्य करने करने के लिए वेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड लायंस इंटरनेशनल डायरेक्ट लायन जितेंद्र सिंह चौहान द्वारा मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन आर एस सगर जी, हमारे मंडल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डा. आरसी मिश्रा के द्वारा प्राप्त हुआ। साथ ही 321बी1 के समस्त लायन लीडर्स का ललिता यादव ने धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे क्लब के संरक्षक भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन तेजिंदर पाल सिंह तथा अपनी लायन क्लब शक्ति टीम और अपने परिवार तथा मीडिया को भी धन्यवाद देना चाहती हूं, जो सदैव हमारे साथ खड़े रहे। ललिता ने कहा कि यह सम्मान पाकर में बहुत गर्व महसूस कर रही हूं और यह मुझे आगे भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करेगा।

### एसपी ग्रामीण ने ईद उल अजहा को लेकर किया ईदगाह व चिन्हित स्थलों का निरीक्षण

**तिलहर-शाहजहांपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के मद्देनजर एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे ने सीओ इशिका सिंह व कोतवाल प्रिंस शर्मा के सानिध्य में नगर की बड़ी ईदगाह व चिन्हित कुर्बानी स्थल का जायजा लिया। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे कोतवाली पहुंचीं। यहां से सीओ व कोतवाल के साथ सर्व प्रथम मौजमपुर स्थित बड़ी ईदगाह पहुंचीं। तदोपरांत अधिकारियों ने चिन्हित कुर्बानी स्थलों को ओर रुख किया। वह कच्चा कटरा स्थित मदरसा शम्सिया फैजाने हा पहुंचीं। जहां कुर्बानी के इंतजामात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ईद त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। रसोई ग्रामीण ने ईदगाह एवं कुर्बानी स्थलों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था तथा पुलिस बल की तैनाती को लेकर भी समीक्षा की। इस अवसर पर मौजमपुर चैकी इंचार्ज प्रमोद कुमार, चैहटिया चैकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार एवं एसआई देवेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि सामूहिक कुर्बानी स्थलों में मदरसा शमशिया फैजाने हातिम मोहल्ला कच्चा कटरा, मदरसा अंजुमन इस्लाम मौजमपुर, मदरसा बरकाती रजा नजरपुर, चीकू बाला बाग नीतगंजा, छीपी वाली वाली मस्जिद उमरपुर, महमूद का मकान मौजमपुर, बहादुरगंज में सादिक के बग्गर में, हाजी वसीम के मकान मौजमपुर व मदरसा गुलशन रजा उम्मरपुर शामिल हैं।

### लड़की की ससुराल में फोटो भेजकर शादी तुड़वाने वाले सिरफिरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** शादी तय होने और गोद भराई रस्म के बाद लड़की के साथ खिंचे फोटो उसकी ससुराल भेजकर शादी तुड़वा ने और जबरन शादी करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी बेटी डिग्री कालेज में बीए प्रथम वर्ष की पढाई कर रही है। बेटी की जैतीपुर क्षेत्र के एक गांव से शादी तय कर दी थी। जिसकी गोद भराई की रस्म भी हो गई है। आरोप है कि गांव नौगाईं निवासी पूरन पुत्र पातीराम उसकी बेटी के साथ फोटो बनाकर ब्लैक मेल कर रहा है। पूरन ने बेटी के साथ खिचे हुए फोटो उसके ससुराल वालो के यहाँ डालकर भी तुड़वा दी है। पूरन धमकी दे रहा है कि उसकी बेटी की शादी वह अपने साथ जबरदस्ती कर लेगा। अगर दूसरी जगह रिश्ता किया तो भी वह फोटो भेजकर शादी रुकवा देगा। अगर शादी हो भी गई तो जयमाला से जबरदस्ती उठा लाएगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पोस्टर वार, सड़कों पर सपाइयों का जोरदार प्रदर्शन

- शहर के प्रमुख स्थानों पर अखिलेश यादव के विवादित पोस्टर पर विरोध प्रदर्शन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात शहर के प्रमुख चैराहों व सार्वजनिक स्थानों पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के विवादित पोस्टर लगाकर टिप्पणी लिखी गई। जिसके बाद मंगलवार को जानकारी पर सपाईयों ने पोस्टर को हटाकर विरोध प्रदर्शन किया। सपा के जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की महानगर शाहजहांपुर में आपत्तिजनक पोस्टर लगाकर उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाई की मांग को लेकर व जनपद में हो रही भूसे की कालाबाजारी व जमाखोरी के खिलाफ अंकुश लगाने को लेकर खिरनी बाग जीआईसी मैदान में सैकड़ो सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचे जहां पर जोरदार प्रदर्शन करने के बाद डीएम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडे को सौपा। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी को महिला आरक्षण विरोधी होने के आपत्तिजनक पोस्टर बैनर महानगर में लगाकर सत्ता पक्ष के लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की है। इसे समाजवादी पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी, उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2023 में सदन में ही महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया था, इसलिए सपा महिला आरक्षण विरोधी नहीं है। भाजपा सिर्फ झूठ का सहारा लेकर सपा और अखिलेश यादव की छवि धूमिल करना चाहती है, जबकि भाजपा ही महिला आरक्षण विरोधी है उन्होंने मांग की है कि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में लगातार भूसे की कुछ बड़े लोगों के द्वारा कालाबाजारी व जमाखोरी की जा रही है, उन्होंने कहा इस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए जिससे भूसे व दूध की कीमत बढ़ने से रुक सके। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवेज अंसारी,सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव, सपा लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अश्वनी बघेला, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरेशी, मोहम्मद हशमत, रोहित यादव उर्फ अमर सिंह,सौमित्र यादव, रामनिवास यादव, गुफरान खान विनोद यादव, फराज इदरीसी, देवेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, शिवा वर्मा, नरेश कुमार, फराज इदरीसी, अमन खान, उजैर खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# गुल्लक फोड़कर आर्थिक मदद करने वाले बच्चों से मिलने पहुंचे राजपाल

- अभिनेता राजपाल यादव ने गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के छात्र-छात्राओं से भेंट की
- बाल गृह बालक, शिशु गृह बच्चों व सखी वन स्टॉप सेंटर की संवासिनियों से मिले



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

फिल्म जगत के प्रख्यात अभिनेता राजपाल यादव ने मोहल्ला बिजलीपुर स्थित गुरुकुल सेवा ट्रस्ट में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से भेंट की। गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के संचालक कुमार सागर व ट्रस्ट छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में राजपाल यादव ने कहा कि शिक्षा एवं सेवा भाव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि इसी संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा अभिनेता राजपाल यादव के कठिन समय में अपनी पॉकेट मनी गुल्लक में एकत्र कर बंडा स्थित उनके आवास कुंडरा भेजते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया था। इस अवसर पर उनके परिवारजन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा भी उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी के आग्रह पर राजपाल यादव ने सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर संवासिनियों से मुलाकात की। राजपाल ने कहा कि जो बीत गया वह कल था और प्रत्येक व्यक्ति को अपने नए जीवन की शुरुआत सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास के साथ करनी चाहिए। इस अवसर पर सीओ इशिका सिंह, महिला थाना प्रभारी रश्मि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही राजपाल यादव द्वारा राजकीय बाल गृह बालक एवं शिशु गृह के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें सदैव प्रसन्न रहने, शिक्षा ग्रहण करने तथा जीवन में सकारात्मक प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध फिल्म भूल भुलैया का चर्चित संवाद सुनाकर बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया, जिससे बच्चे अत्यंत प्रसन्नचित मुद्रा में नजर आए। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा सहित राजकीय बाल गृह बालक एवं शिशु गृह का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांकः-474/न0पं0काँट/2026-27          दिनांकः-26/05/2026

### सूचना

समस्त सम्बन्धित फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट के द्वारा " 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत बुनियादी एवं निर्दिष्ट अनुदान " एवं अवस्थापना विकास निधि (02 प्रति० अति० स्टाम्प शुल्क) की प्राप्त धनराशि से कुल 07 निर्माण कार्यो हेतु कार्यालय पत्रांकः-391/न०पं०काँट/2026-27 दिनाँकः 21/04/2026 से आमन्त्रित निविदायें एवं कार्यालय पत्रांकः-430/न०पं०काँट/2026-27 दिनाँक 08/05/2026 निविदा की तिथि बढ़ाकर दिनांक 30-05-2026 को आमन्त्रित की गयी थी। अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार उपरोक्त निविदाओं की तिथि निम्नानुसार बढ़ाई जाती हैः-

| क्र० सं० | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि/समय | 08-06-2026 को सायं 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा आमन्त्रण की तिथि/समय | 09-06-2026 को सायं 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 10-06-2026 को अपरांह 02:00 बजे (05 लाख से कम की निविदायें-कार्यालय नगर पंचायत कांट में)<br>10-06-2026 को प्रातः 11:00 बजे (05 लाख से अधिक की निविदायें-कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय, शाहजहाँपुर) |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत काँट**
**शाहजहांपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत काँट**
**शाहजहांपुर**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी काँट, शाहजहाँपुर

पत्रांक 395654/क्षे.पं./2026-27          दिनांक 26.05.2026

### निविदा सूचना

पंचम राज्य/वित्त केन्द्र वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाये दिनांक 06.06.2026 को अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, इच्छुक ठेकेदारों पंजीकृत डाक से भी निविदा उक्त दिनांक व समय तक प्रेषित कर सकते हैं जो कि दिनांक 06.06.2026 को पूर्वाहन 04 बजे निविदादाताओं के समक्ष जो उपस्थित होना चाहते है के समकक्ष खोली जायेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जो कि आयकर वाणिज्यकर/ जी.एस.टी./में रजिस्टर्ड/पंजीकृत ही निविदा फार्म निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06.06.2026 पूर्वान्ह 11 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से निविदा फार्म शुक्ल नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्वन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस मे देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की लागत लाख में | निविदा फार्म का मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम हटीपुर कुरिया के मजरा गंगानगर में मन्दिर के पास इण्टरलाक व नाली निर्माण | केन्द्र वित्त टाईट फण्ड | 305000 | 500 | 6100 | 03 माह |
| 2. | विकास खण्ड में कुरियाकला रोड पर बाउन्ड्रीवाल | राज्य वित्त | 999600 | 500 | 19992 | 03 माह |
| 3. | विकास खण्ड में प्र.म. माडल आवास का निर्माण | राज्य वित्त | 402000 | 500 | 8040 | 03 माह |
| 4. | ग्राम मल्हपुर में कान्तीराम शुक्ला के मकान से शिवस्वरूप के मकान तक इण्टरलाक व नाली निर्माण | राज्य वित्त | 900000 | 500 | 18000 | 03 माह |
| 5. | ग्राम कुरिकला में झाल वाली पुलिया से गैस ऐजेन्सी तक रामप्रकाश मास्टर की दुकान से होते हुये इण्टरलाकिंग निर्माण | राज्य वित्त | 999200 | 500 | 19984 | 03 माह |
| 6. | ग्राम बावरपुर में देवेश चतुर्वेदी के मकान के पास मन्दिर प्रागंण तक इण्टरलाक | राज्य वित्त | 462700 | 500 | 9254 | 03 माह |

**शर्तेः-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ-2 प्रतिशत धरोहर धनराशि जो एफ.डी.आर. के रूप मे खण्ड विकास अधिकारी कांट के नाम बन्धक होगी।
2. जमानत धनराशि निविदा स्वीकृति के पश्चात निविदा में दर्शायी गई धनराशि की 10 प्रतिशत जमा करनी होगी, जिसमें 2 प्रतिशत समायोजित करते हुये 8 प्रतिशत को एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी के नाम बन्धक होगी।
3. जमानत धनराशि को बिल से कटौती नहीं की जायेगी।
4. पंजीकृत ठेकेदार/वेण्डरो द्वारा प्रेषित निविदा ही स्वीकार होगी।
5. समस्त कार्य उपलब्ध धनराशि से ही कराये जायेगें।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
7. कार्यालय द्वारा भुगतान की जाने वाली धनराशि में जी.एस.टी. शामिल होगी, जिसका चालान भुगतान के तुरन्त बाद कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, जिसके पश्चात ही दूसरा भुगतान किया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**काँट, शाहजहांपुर**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## एक और मिल्खा सिंह

एक प्रेरक कहावत है कि सुबह जिसकी हुई, सचमुच वो सारी रात नहीं सोया होगा। आज जब हम पंजाब के पुत्र गुरिंदरवीर सिंह की रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी की बात कर रहे हैं तो हमें इस मुकाम तक पहुंचने के उसके संघर्ष को भी याद करना चाहिए। कोई भी कामयाबी रातों-रात नहीं मिलती। महज 10.09 सेकंड में सौ मीटर की रेस पूरी करने वाले गुरिंदरवीर सिंह ने, निस्संदेह नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर देशवासियों को गर्व करने का मौका दिया है। निर्विवाद रूप से उनके भारत के सबसे तेज धावक बनने की कहानी महज चंद घड़ियों की बदौलत नहीं नापी जा सकती। गांव की धूल से भरी सड़कों में उनका अभ्यास, प्रशिक्षण मैदानों में पसीने के साथ थका देने वाला सफर और संसाधन के अभावों से जूझकर ही वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वहीं इस कामयाबी में उनके परिवार का खामोश त्याग भी शामिल है, जो उनकी कामयाबी के बाद ही सुर्खियों में नजर आ पाया है। जालंधर के निकट स्थित पटियाल गांव के स्प्रिंट किंग गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में फेडरेशन कप में जब सौ मीटर की दौड़ 10.09 सेकेंड में पूरी की तो इस मुकाम तक पहुंचने वाले वे पहले भारतीय थे। एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना। इस इतिहास को रचकर गुरिंदरवीर सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शामिल हो गए हैं। इस सफलता का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इस कामयाबी के बाद वे स्वतरू ही राष्ट्रमंडल खेलों में खेलने के हकदार हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में एक और पदक जीतने की उम्मीद फिर से जगा दी है। उल्लेखनीय है कि स्प्रिंट किंग गुरिंदरवीर का सौ मीटर की दौड़ पूरी करने का यह समय इस सीजन में एशिया का दूसरा सबसे तेज समय है। वे जापान के फुकुतो कोमुरो से महज .01 सेकेंड ही पीछे रहे हैं। विश्वास करना चाहिए कि भविष्य में गुरिंदरवीर सिंह नये मुकाम हासिल करेंगे। यह विरोधाभास ही है कि जब कोई खिलाड़ी रिकॉर्ड कामयाबी हासिल करता है तो हम उसे पलक-पावड़ों पर बैठा देते हैं। मान-सम्मान और पुरस्कार देते हैं। लेकिन यदि छोटी उम्र में ही प्रतिभा को पहचान करके उसे पर्याप्त संसाधन व प्रशिक्षण प्रदान करें तो देश में कई गुरिंदरवीर तैयार हो सकते हैं। गुरिंदरवीर सिंह की इस कामयाबी के पीछे कई प्रेरणादायक कहानियां भी निहित हैं। उनका मानवीय पहलू हमारे समाज की सकारात्मक ऊर्जा को दर्शाता है। उनके पिता ने अपने बेटे को दौड़ के अभ्यास हेतु भेजने के लिये किश्तों में एक पुराना स्कूटर खरीदा था। जो बताता है कि एक तरफ क्रिकेट खिलाड़ियों पर लाखों-करोड़ों वारे जाते हैं तो दूसरी ओर परंपरागत खेलों से जुड़े खिलाड़ियों का संघर्ष कितना बड़ा है। वहीं गुरिंदरवीर सिंह को तराशने-निखारने की यात्रा में भारतीय नौसेना के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जिसने गुरिंदरवीर सिंह को ट्रैक पर उत्कृष्ट सफलता हासिल करने हेतु संबल दिया। निस्संदेह, गांव-कस्बों से निकलने वाली प्रतिभाओं की कामयाबी के पीछे सीमित संसाधनों वाले माता-पिता के दृढ़ संकल्प और त्याग की कहानी छिपी रहती है। गुरिंदरवीर सिंह जैसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ी के पीछे एक परिवार शिद्दत के साथ खड़ा होता है, जो उसके सुनहरे भविष्य के लिये अपनी सुख-सुविधा, बचत व आर्थिक सुरक्षा तक त्याग कर देता है। गुरिंदरवीर सिंह के दिल में गांव और साधारण परिवारों में पले-बढ़े बच्चों के संघर्ष के प्रति खासा सम्मान है। वे उन हजारों नवोदित खिलाड़ियों के लिये प्रेरणापुंज हैं जो अपनी पृष्ठभूमि वाले एक खिलाड़ी को राष्ट्रीय फलक पर चमकता देख रहे हैं। निश्चय ही इस कामयाबी से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। यही वजह है कि इस ऐतिहासिक कामयाबी से पहले जालंधर की महिला खिलाड़ियों से उनका संवाद बेहद सहज-सरल व प्रेरणादायक था कि तुम्हें भी एकदिन यहां पहुंचना है। निश्चय ही उनका यह कथन नवोदित प्रतिभाओं में नई ऊर्जा का संचार करने वाला है। निःसंदेह, विगत में भी पंजाब ने कई ऐसे खेल नायकों को जन्म दिया, जिन्होंने अभावों से जूझते हुए दृढ़ संकल्प से कामयाबी की नई इबारत लिखी। फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह से लेकर जालंधर एक्सप्रेस गुरिंदरवीर की कामयाबी उसकी गवाह है। जो नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने को प्रेरित करती है।

# होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से मरीजों को मिल रहा बेहतर उपचार

*अजय द्विवेदी*

प्रदेश के सभी नागरिकों को रोगों के निदान की सभी चिकित्सा पद्धतियों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार लगातार मरीजों का उपचार कर रही है। आमजन को इलाज मिलता रहे इसलिए प्रदेश सरकार ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित किया है। प्रदेश सरकार आयुष विभाग के माध्यम से प्रदेश में होम्योपैथी चिकित्सा सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर निरन्तर कार्य कर रही है।

होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति केवल रोगों के उपचार के साथ-साथ प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है। वर्तमान समय में जब स्वस्थ जीवन शैली और रोग निवारण का महत्व निरन्तर बढ़ रहा है, तब इसकी उपयोगिता और भी प्रभावशाली सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में गंभीर एवं दीर्घकालीन रोगों का उपचार भी संभव हो रहा है प्रदेश सरकार ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की है।

प्रदेश में 1585 राजकीय होम्योपैथिक डिस्पेंसरी /चिकित्सालय है। इसके अलावा 9 अस्पताल राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित है। जिसके माध्यम से जन सामान्य को होम्योपैथिक विधा के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। होम्योपैथिक विधा के पारंगत एवं अनुभवी चिकित्सकों को तैयार करने के लिए प्रदेश में 9 होम्योपैथिक महाविद्यालय राजकीय क्षेत्र में एवं 4 महाविद्यालय निजी क्षेत्र में संचालित है। इन महाविद्यालयों में नीट चयन परीक्षा के माध्यम से छात्रों का चयन होता हैं जिसकी मेरिट आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार की जाती है। जिसके आधार पर राज्य सरकार के आयुष विभाग द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सीट का आवंटन किया जाता है ।

प्रदेश में जनता को आयुष पद्धति की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों में बरेली कैण्ट जनपद बरेली, लखीमपुर, जनपद खीरी तिलोई जनपद अमेठी, बिठूर जनपद कानपुरनगर, महोबा जनपद महोबा, नरैनी, जनपद बांदा, मानिकपुर जनपद चित्रकूट, पडरौना जनपद कुशीनगर एवं भदोही जनपद भदोही में चिकित्सालयों की स्थापना हेतु की गयी घोषणा के क्रम में उक्त स्थानों पर चिकित्सालय भवनों का निर्माण कराते हुए चिकित्सीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो गया। प्रदेश में होम्योपैथिक विधा को और अधिक सुदृढ़ किये जाने हेतु छात्र/छात्राओं को होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा सुलभ कराये जाने के उद्देश्य से आयुष मिशन के माध्यम से जनपद वाराणसी में एक नये राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय स्थापित किये जाने की योजना है। इस महाविद्यालय को निर्माण कार्य प्रगति पर है।



*प्रदेश में होम्योपैथिक महाविद्यालयों में मानकों के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विकास तेजी से कराया जा रहा है। राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ में छात्रावास के निर्माण को पूर्ण कराते हुए उपयोग में लाया जा रहा है। राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज गोरखपुर में महिला एवं पुरूष छात्रावास, होम्योपैथिक मेडिकल कालेज अलीगढ़ में महिला एवं पुरूष, छात्रावास, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़, में महिला एवं पुरूष छात्रावास तथा राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज गाजीपुर में पुरूष छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इन मेडिकल कालेजों के छात्रावास के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने पर छात्र/छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी और चिकित्सा शिक्षा का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा। होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों से शिक्षा प्राप्त कर छात्र-छात्राएं होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा में आम जनता के प्रति बेहतर सेवाभाव से इलाज करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार का ध्येय है कि प्रदेश के हर क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ, सस्ती एवं प्रभावी चिकित्सा सेवाएं पहुंचे। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विस्तार से आमजन को बेहतर उपचार सुविधा मिल रही है। आयुष सेवाओं की मूलभूत सुविधाओं के विकास से जनस्वास्थ्य को मजबूती मिली है।*

प्रदेश में होम्योपैथिक महाविद्यालयों में मानकों के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विकास तेजी से कराया जा रहा है। राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ में छात्रावास के निर्माण को पूर्ण कराते हुए उपयोग में लाया जा रहा है। राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज गोरखपुर में महिला एवं पुरूष छात्रावास, होम्योपैथिक मेडिकल कालेज अलीगढ़ में महिला एवं पुरूष, छात्रावास, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़, में महिला एवं पुरूष छात्रावास तथा राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज गाजीपुर में पुरूष छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

इन मेडिकल कालेजों के छात्रावास के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने पर छात्र/छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी और चिकित्सा शिक्षा का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा। होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों से शिक्षा प्राप्त कर छात्र-छात्राएं होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा में आम जनता के प्रति बेहतर सेवाभाव से इलाज करेंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार का ध्येय है कि प्रदेश के हर क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ, सस्ती एवं प्रभावी चिकित्सा सेवाएं पहुंचे। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विस्तार से आमजन को बेहतर उपचार सुविधा मिल रही है। आयुष सेवाओं की मूलभूत सुविधाओं के विकास से जनस्वास्थ्य को मजबूती मिली है।

**उत्तर प्रदेश में यूनानी चिकित्सा, मरीजो के इलाज में हुआ उपयोगी:-** उत्तर प्रदेश की पावन धरा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक रूप से ज्ञान और चिकित्सा पद्धतियों की संगम स्थली रही है। वर्तमान सरकार के गत 09 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश ने अपनी पुरातन चिकित्सा पद्धतियों को न केवल सहेजा है, बल्कि उन्हें आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर एक नई दिशा प्रदान की है। प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे में एक मौन क्रांति आई है, जिसमें यूनानी चिकित्सा पद्धति का पुनरूद्धार विशेष रूप से हुआ है। वर्ष 2017 से 2026 तक का समय यूनानी चिकित्सा के लिए स्वर्ण युग के समान सिद्ध हुआ है, जहां केवल एक वैकल्पिक उपचार के रूप में नहीं बल्कि मुख्यधारा की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के रूप में स्थापित किया गया है। प्रदेश सरकार की दूरगामी दृष्टि का परिणाम है कि आज प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में यूनानी दवाओं और उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। जिससे आम जनमानस का इस प्राचीन पद्धति पर विश्वास गहरा हुआ है।

चिकित्सा क्षेत्र में किसी भी बड़ी उपलब्धि के लिए बुनियादी ढांचे की मजबूती अनिवार्य होती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वास्तविकता को समझते हुए यूनानी क्षेत्र के आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार किए है। राज्य के विभिन्न जनपदों में नए चिकित्सा संस्थानों की स्थापना और पुराने केन्द्रों का कायाकल्प इसका जीवंत प्रमाण है। विशेष रूप से कुशीनगर जैसे क्षेत्रों में नए यूनानी मेडिकल कॉलेज का निर्माण शिक्षा और उपचार के नए द्वार खोल रहा है। इसके साथ ही गाजियाबाद जैसे औद्योगिक केंद्रो में केंद्रीय स्तर के अनुसंधान संस्थानों का अन्य इकाइयों की स्थापना ने उत्तर प्रदेश को यूनानी चिकित्सा के राष्ट्रीय मानचित्र पर एक प्रमुख केन्द्र के रूप में उभार दिया हैं। यह केंद्र न केवल उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कर रहे है, बल्कि जटिल रोगों पर निरंतर शोध के माध्यम से चिकित्सा जगत को नई दिशा भी दे रहे है।

प्रदेश में राजकीय तकमील उत्तिब कॉलेज लखनऊ के पुराने भवन में स्व. हकीम अब्दुल अजीज के नाम से 50 शैय्यायुक्त जिला यूनानी चिकित्सालय की स्थापना की गयी है। राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधि निर्माणशाला लखनऊ के परिसर में यूनानी औषधि की गुणवत्ता जांच हेतु प्रयोगशाला भवन का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। राजकीय यूनानी चिकित्सालय 15 बेड मौदहा हमीरपुर के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर संचालित किया गया है। प्रदेश में राजकीय यूनानी डिस्पेंसरी चिकित्सालयों की संख्या 256 एवं दो चिकित्सालय राजकीय यूनानी महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित है। जिनकें माध्यम से जन मानस को यूनानी विधा के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रदेश में यूनानी विधा के पारंगत एवं अनुभवी चिकित्सकों को तैयार करने के लिए प्रदेश में दो यूनानी महाविद्यालय राजकीय क्षेत्र में एवं 10 यूनानी महाविद्यालय निजी क्षेत्र में संचालित है। इन महाविद्यालयों में छात्र शिक्षा ग्रहण करके यूनानी विधा के अच्छे चिकित्सक के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं। यूनानी चिकित्सा के प्रति आमजन को जागरूक कर इस पद्धति को आगे बढ़ाया जा रहा है।

**सहयुक्त संपादक**

विचार

# आर्थिक व पर्यावरणीय विकास को मिली नई गति

*डॉ. अजीत रानाडे*

उत्तर प्रदेश में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रतिमान बदलते दिख रहे हैं। हाल के वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए नीतिगत कदमों ने न केवल राज्य के पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ किया है बल्कि जिला स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास की नई राहें भी खोली हैं। इसी कड़ी में अलीगढ़ के शेखा पक्षी विहार को प्रदेश के 12वें रामसर स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटनाक्रम माना जा रहा है। यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की दीर्घकालिक रणनीतियों, प्रभावी कार्ययोजनाओं और सतत विकास के प्रति उसकी प्रशासनिक गंभीरता को रेखांकित करती है। इस नीतिगत सफलता ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक सजग राज्य के रूप में स्थापित किया है।

प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में आर्द्रभूमियों की भूमिका अत्यंत अनमोल और बहुआयामी मानी जाती है। ये जलीय क्षेत्र प्राकृतिक रूप से जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण, कार्बन अवशोषण और जैव विविधता संरक्षण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन सहजता से करते हैं। इसके अतिरिक्त ये क्षेत्र हजारों मील दूर से आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित शीतकालीन आवास प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण समुदायों की आजीविका का सुदृढ़ आधार बनते हैं। इन्हीं अनुपम विशेषताओं के कारण वैश्विक स्तर पर ईरान के रामसर शहर में वर्ष 1971 में हुए अभिसमय के तहत दुनिया की विशिष्ट आर्द्रभूमियों की पहचान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित करने की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में कार्य करते हुए पिछले कुछ वर्षों में धरातल पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

अलीगढ़ के शेखा पक्षी विहार को यह वैश्विक दर्जा मिलने के साथ ही अब राज्य में कुल 12 रामसर स्थल हो गए हैं, जो प्रदेश को पूरे देश में आर्द्रभूमियों की संख्या के मामले में दूसरे पायदान पर खड़ा करते हैं। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि इन 12 स्थलों में से 11 को पिछले नौ वर्षों के भीतर ही यह अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह तीव्र प्रगति दर्शाती है कि प्रदेश सरकार ने इस संवेदनशील क्षेत्र में कितनी योजनाबद्ध और प्रभावी कार्यप्रणाली के साथ काम किया है। प्रशासनिक गतिशीलता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि फरवरी 2026 में जनपद एटा स्थित पटना पक्षी विहार को रामसर स्थल घोषित किए जाने के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2026 में अलीगढ़ के शेखा पक्षी विहार को भी यह अंतर्राष्ट्रीय गौरव प्राप्त हो गया। इतनी अल्प अवधि में दो महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों को वैश्विक मानचित्र पर लाना प्रदेश सरकार की तीव्र निर्णय क्षमता और जिला प्रशासन के जमीनी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के रामसर स्थलों में अपर गंगा रिवर, नवाबगंज, सरसई नावर, समसपुर, सांडी, समन, पार्वती अरगा, सुर सरोवर, हैदरपुर, बखीरा, पटना और शेखा पक्षी विहार शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 39,914 हेक्टेयर है।

इस विशाल हरित क्षेत्र का संरक्षण सीधे तौर पर संबंधित जनपदों की ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहा है। रामसर स्थल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिलने के बाद इन क्षेत्रों में इको टूरिज्म यानी पारिस्थितिकी पर्यटन की असीम संभावनाएं जागृत हो गई हैं। देश-विदेश से आने वाले शोधकर्ता, प्रकृति प्रेमी और पक्षी वैज्ञानिक इन स्थलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से स्थानीय स्तर पर गाइड, होमस्टे, परिवहन और हस्तशिल्प से जुड़े ग्रामीण युवाओं और छोटे उद्यमियों को सीधे तौर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे संपूर्ण क्षेत्र का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है। इस व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के लिए प्रदेश सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी और विकासपरक योजनाओं को इन आर्द्रभूमि क्षेत्रों से जोड़कर जनपदों के विकास की एक नई रूपरेखा तैयार की है। राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण के माध्यम से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराकर प्रत्येक साइट के लिए विशेष प्रबंधन योजनाएं लागू की गई हैं। ''नमामी गंगे'' और ''राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम'' के तहत इन जलाशयों के जीर्णोद्धार और गाद सफाई का कार्य बड़े पैमाने पर किया गया है। इन योजनाओं के मुख्य लाभार्थी वे स्थानीय मछुआरे, किसान और पशुपालक समुदाय हैं, जिनकी आजीविका सदियों से इन जल स्त्रोतों पर निर्भर रही है। जल की गुणवत्ता सुधरने से मत्स्य पालन से जुड़े परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही ''उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति'' के अंतर्गत इन रामसर साइट्स के आस-पास बुनियादी ढांचे का विकास कर जिला प्रशासन जनपदों के आर्थिक ढांचे को बदल रहा है। पक्षी विहारों के आस-पास वॉच टॉवर, व्याख्या केंद्र और सुगम रास्तों का निर्माण कराया गया है ताकि पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके। इस बुनियादी ढांचे के विकास से स्थानीय गाइडों और छोटे दुकानदारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। ''एक जनपद एक उत्पाद'' (ओडीओपी) योजना के तहत आर्द्रभूमियों के आस-पास रहने वाले हस्तशिल्पियों को भी पर्यटकों के माध्यम से एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे पारंपरिक स्थानीय कलाओं को नया जीवन मिला है और जनपदों के घरेलू उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। पर्यावरण और रोजगार के इस अनूठे संगम में स्थानीय समुदायों की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरी है। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर इन क्षेत्रों के निवासियों को ''आर्द्रभूमि मित्र'' के रूप में संगठित किया है। इन स्थानीय मित्रों और स्वयंसेवकों को जलाशयों की सुरक्षा तथा पक्षियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। इस जन-भागीदारी से न केवल वन्यजीवों को सुरक्षा मिली है, बल्कि स्थानीय युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की एक नई चेतना का संचार हुआ है जो दीर्घकालिक संरक्षण की नींव है। पारिस्थितिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो ये 12 रामसर स्थल जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में राज्य के लिए प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह कार्य कर रहे हैं। ये विशाल आर्द्रभूमियां भारी मात्रा में कार्बन को सोखकर ग्रीनहाउस गैसों के प्रभाव को नियंत्रित करती हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर तापमान संतुलित रहता है। भूजल स्तर में सुधार होने से इन क्षेत्रों के आस-पास के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है। जिससे कृषि लागत में कमी आई है और फसलों की उत्पादकता में सुधार हुआ है। इस प्रकार पर्यावरण संरक्षण सीधे तौर पर कृषि कल्याण और ग्रामीण विकास का माध्यम बन गया है। आने वाले समय में प्रदेश सरकार इस संरक्षण नीति को और अधिक विस्तार देने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसके तहत राज्य की अन्य महत्वपूर्ण जल संरचनाओं को भी चिन्हित कर उन्हें वैश्विक मानचित्र पर लाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। अलीगढ़ के शेखा पक्षी विहार विकास और प्रकृति के बीच स्थापित यह व्यावहारिक संतुलन उत्तर प्रदेश को सतत विकास का एक अनुकरणीय मॉडल बनाता है, जहां प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां पर्यावरण संरक्षण के साथ मिलकर विभिन्न जनपदों के सर्वांगीण विकास को निरंतर सुनिश्चित कर रही हैं।

साहित्य



## नौतपा आया तपाने...!

**संजय एम तराणेकर**

नौतपा आया हैं धरा तपाने,
सूरज खड़ा अंगारे बरसाने।
जेठ महीना आग उगलता,
ऐसे तन-मन धूप में जलता।
लू के थपेड़े भी भारी लगते,
पंछी भी छाँवों में हैं छिपते।
सूखे ताल, नदी है अकुलाई,
धरा ने तपकर प्यास जताई।
मजदूर फिर है काम में जुटा,
पसीने से जीवन को सींचा।
किसान आस में अंबर ताके,
स्याह बादल कब घिर आते।
नौतपा जितना तेज तपेगा,
ये बरखा उतनी ही बरसेगा।
प्रकृति का ये अद्भुत क्रम है,
धूप के बाद में ही सावन है।
आओ सभी को नीर पिलाएँ,
पशु-पक्षी की प्यास बुझाएँ।
यूं दान-पुण्य का दीप जलाएँ,
मानवता का धर्म भी निभाएँ।
सूर्यदेव से यहीं करते प्रार्थना,
सभी पर रखना अपनी कृपा।
तपती भूमि से हरियाली पाए,
सुख-शांति से सृष्टि मुस्कुराएं।



## राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से महंगाई के कारण आमजन प्रभावित

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

भले 1970 के तेल संकट जैसे हालात होने की आशंका न हो या 2008 जैसी वित्तीय मंदी के हालात भी न हो लेकिन एक बात साफ है कि अमेरिका-ईरान के बीच करीब तीन माह से चल रहे युद्ध के दुष्प्रभाव गहराने लगे हैं। चाहे एशिया के हों या यूरोपीय देश, सभी केवल वैश्विक तनाव ही नहीं अपितु ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ते दामों को रोकने में विफल रहे हैं। पिछले दस-पन्द्रह दिनों में ही हमारे देश में पेट्रोल-एलपीजी-सीएनजी-पीएनजी के दामों में एक बार नहीं अपितु तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। हालांकि वर्तमान हालात में सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। विपक्ष चाहे लाख आरोप लगाये पर अंतरराष्ट्रीय हालात से आंखें नहीं मूंदनी चाहिए। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमजन से आग्रह को भी इसी संदर्भ में सकारात्मकता से लिया जाना चाहिए।

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ईधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध न होकर इस युद्ध के कारण हार्मुज वैश्विक संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और यहां तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। यह तो वैकल्पिक उर्जा के रुप में देश में सोलर, विण्ड एनर्जी के क्षेत्र में पिछले सालों में योजनाबद्ध तरीके से तेजी से बेहतर काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रोनिक वाहनों के उपयोग या सोलर एनर्जी के उपयोग पर खुले तौर पर आग्रह करने की स्थिति में है। नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में देश में तेजी से काम हुआ है और हो रहा है जो एक हद तक संकट को कम करने में सहायक बन रहा है।

आज की दुनिया आइसोलेट दुनिया नहीं है। देशों की एक-दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। कहीं से ईंधन के लिए तो कहीं से खाद्यान्न, कहीं दवा, कहीं अन्य किसी वस्तु के लिए निर्भरता बढ़ी है। युद्ध के चलते इंटरनेशनल लॉजिस्टिक सेवाएं प्रभावित हुई है। जहां तक देश की ही बात की जाए तो पेट्रोल, डीजल, एलपीजी आदि की कीमत में बढ़ोतरी का व्यापक प्रभाव पड़ने लगा है। सीधी-सी बात है जब आवागमन महंगा होगा चाहे वह आम आदमी, सार्वजनिक क्षेत्र या लॉजिस्टिक का हो तो उसका सीधा वस्तुओं और सेवाओं पर पड़ेगा ही। यही कारण है ईंधन यानी तेल के भावों में बढ़ोतरी के साथ वस्तुओं और सेवाओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। इसके साथ ही आयात पर निर्भर वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं।

जहां तक तेल का प्रश्न है, देश में खाद्य तेल और अखाद्य तेल दोनों प्रभावित हो रहे हैं। खाद्य तेलों में भी आयात पर निर्भरता अधिक है। लाख प्रयासों के बावजूद तिलहन मिशन से तिलहनों का



उत्पादन तो बढ़ा है पर अभी विदेशी निर्भरता बनी हुई ही है। इसी तरह अन्य वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक सेवा क्षेत्र का प्रश्न है, स्वीगी-जोमेटो आदि सेवा प्रदाताओं ने पिछले दिनों अपने दामों में 16 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने प्लानों को रिवाइज किया है तो उबेर-ओला जैसे सेवा प्रदाताओं ने किराया बढ़ा दिया है। साफ है कि लॉजिस्टिक लागत बढ़ेगी तो उसका असर सभी वस्तुओं में देखने को मिलेगा। भारत सरकार वेनेजुएला से वैकल्पिक तरीके से कच्चे तेल लाने का प्रयास कर रही है तो अन्य विकल्प भी खोजे जा रहे हैं। लेकिन कच्चे तेल की आपूर्ति जब तक सामान्य नहीं हो जाती तब तक संकट पूरी तरह से समाप्त होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इन वैश्विक हालातों के पीछे अमेरिका-ईरान की हठधर्मिता ही है। अमेरिका-इजराइल ने ईरान से लड़ाई शुरु करते समय रूस-यूक्रेन युद्ध के हालातों से सबक नहीं लिया। रूस के सामने यूक्रेन जैसा देश होने के बावजूद आज तीन साल से भी अधिक समय होने के बावजूद निर्णायक स्तर पर नहीं पहुंचा है। पर अमेरिका ने यह सोचा था कि दो-तीन दिन में ही ईरान को घुटने टिकवा देंगे और यही अमेरिका की नासमझी रही। मानो या न मानो पर वास्तविकता यह है कि आज अमेरिका के सामने अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने का संकट आ गया है और यही कारण है कि अंदरखाने अमेरिका और ट्रंप किसी भी तरह से सीजफायर के लिए प्रयासरत है।

इसमें दो राय नहीं कि युद्ध में नुकसान अमेरिका को अधिक हो रहा है। ईरान तो अपने घर से लड़ रहा है और उसके निशाने पर आसपास के देश हैं। ऐसे में स्टेक अमेरिका-इजराइल का ही हो जाता है। इसके अलावा एक बात और समझनी होगी कि ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल में आये दिन तुगलकी फरमान जारी कर दुश्मन ही दुश्मन बनाए हैं। दूसरी ओर ट्रंप ने अमेरिका के ही अधिकांश लोगों का भरोसा खो दिया है। ऐसे में सम्मानजनक सीजफायर ही अमेरिका के लिए इस संकट से निकलने का रास्ता रह गया है और इसके लिए ही अंदरखाने प्रयास जारी है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर।** फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी उर्फपप्पन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सर्राफा व्यवसाय कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें इन लोगों ने कहा की वर्तमान समय में सोने के आभूषणों की खरीद को लेकर उत्पन्न नकारात्मक बाजार वातावरण तथा प्रधानमंत्री द्वारा सोने के आभूषण के संबंध में की गई सार्वजनिक अपील के उपरांत देश भर के सर्राफा बाजारों में व्यापारिक गतिविधियों में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज की गई है। वर्तमान परिस्थितियों में अनेक बाजारों में उपभोक्ता उपस्थिति लगभग समाप्त हो चुकी है। जिसके परिणाम स्वरुप छोटे और मध्यम व्यापारियों के समक्ष गंभीर आर्थिक एवं व्यवसायिक संकट उत्पन्न हो गया है। इन लोगों ने मांग किया कि कोई ऐसा रास्ता निकाला जाए जिससे सर्राफा व्यवसाय कर रहे लोगों का व्यवसाय ढीक तरीके से चल सके नहीं तो यह लोग भुखमरी की कगार पर खड़े हो जाएंगे। इन लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग किया कि सर्राफा व्यवसायों के लिए कोई बीच का रास्ता निकाला जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में महामंत्री धर्मेंद्र गुप्ता, मोनू रस्तोगी, बृजेश सोनी, योगेश रस्तोगी, जयप्रकाश, रमेश सोनी, अभिषेक रस्तोगी, सत्यम रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, अमित रस्तोगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### अंधाधुंध पेड़ कटान से पर्यावरण को नुकसान बना भीषण गर्मी का कारण, तप रहा बुंदेलखंड

**पनवाड़ी, महोबा।** बुंदेलखंड अन्तर्गत जनपद महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र में वन माफियाओं द्वारा छूट प्रजाति के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और सूखे हालात को लेकर क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदार विभागों द्वारा अवैध कटान पर रोक लगाई गई होती तो आज जनपदवासियों को इतनी भीषण गर्मी का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बीते कई वर्षों से वन माफिया सक्रिय होकर बुन्देलखंड की हरियाली को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। छूट प्रजाति के नाम पर हरे-भरे पेड़ों को काटकर खुलेआम लकड़ी का कारोबार किया जा रहा है। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने कई बार संबंधित विभागों और अधिकारियों तक अपनी आवाज पहुंचाई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती रही।इसकी शिकायत भाजपा के पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है । उन्होंने कहा कि पेड़ काटने से पर्यावरण प्रभावित होता है और मौसम परिवर्तन भी होता है यही हरे भरे पेड़ रहेंगे तो मानसून भी अच्छे आते हैं और वर्षा भी अच्छी होती है वृक्षों को मित्र मानकर उनकी सेवा कर हरे भरे पेड़ का रख रखाव करना चाहिए। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि वन माफिया बेखौफ होकर हरियाली को उजाड़ते रहे। अब हालात यह हैं कि भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय सड़कें सूनी दिखाई देती हैं और तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संतुलन और भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

### पुरुषोत्तम मास में सामूहिक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया

**जालौन (उरई)।** पुरुषोत्तम मास (अधिकमास मास) के दूसरे मंगलवार को नगर के हनुमानजी मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर सामूहिक 108 सुंदरकांड व श्रीहनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पाठ कर धार्मिक अनुष्ठान में आहूति दी। हर तीन वर्ष बाद आने वाले अधिमास (पुरुषोत्तम मास) को धार्मिक आयोजनों के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। पंडित अरविंद बाजपेई बताते हैं कि अधिमास (पुरुषोत्तम मास) में की गई पूजा, व्रत और दान-पुण्य का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक प्राप्त होता है। यह मास भगवान विष्णु को समर्पित है। इसलिए श्रीहरि की आराधना से मोक्ष, पापों से मुक्ति और अटके हुए कार्यों में सफलता मिलती। पुरूषोत्तम मास में नगर व क्षेत्र में धार्मिक आयोजन लगातार चल रहे हैं। माह के दूसरे मंगलवार को नगर के मंदिरों में श्रीरामचरित मानस का अंखड पाठ चल रहा है और पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद वितरण कराया जा रहा है। उरई मार्ग पर श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में सामूहिक 108 सुंदरकाण्ड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के बाद पुजारी कमलेश महाराज ने धार्मिक आयोजन की शुरुआत कराई। धार्मिक आयोजन में सुंदरकांड व श्रीहनुमान पाठ के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में मंदिर में भक्त पहुंचे और सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया। पाठ करने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके संजीव पचौरी, अंगद सिहं, अरविंद सोनी, आलोक शर्मा, लवकुश राजावत, कृष्ण पाल सिंह सेंगर, लोकेंद्र चौबे, रामकरण भदौरिया, नीलम, पूनम, वर्षा, अनुराग आदि भक्तों ने सहयोग किया।

### एंटी रोमियो, मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं, महिलाओं को किया जागरूक



**जालौन (उरई)।** कोतवाली में तैनात एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेस-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने युवतियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं सार्वजनिक स्थानों और चाय-गुटखा की दुकानों पर मौजूद युवकों से पूंछतांछ कर उनके नाम-पते भी नोट किए गए। महिला कांस्टेबल कश्मीरा ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध या अन्य समस्या होने पर तुरंत पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं की मदद लें। उन्होंने महिलाओं को वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान टीम ने बालिकाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत में सतर्कता बरतने की सलाह दी। साथ ही शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। एंटी रोमियो टीम ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। इस मौके पर रिया, प्रतिमा, रागिनी, रूही, प्रियंका आदि रहीं।

### डाकघर में प्रातः 7 से शाम 4 बजे तक खुलेगा आधार काउंटर

**जालौन (उरई)।** नगर में संचालित उप मुख्य डाकघर में अब सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक प्रतिदिन आधार काउंटर खुले रहेंगे और नए आधार बनाने एवं संशोधन का काम होगा। डाक विभाग ने सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यालयों में कार्यरत स्टाफएवं विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। उपमंडलीय निरीक्षक गौरांक वार्ष्णेय व पोस्ट मास्टर मकबूल खान ने बताया कि प्रवर डाक अधीक्षक झांसी वरुण मिश्रा के निर्देश नगर के उप मुख्य डाकघर के काउंटर पर आधार पंजीयन किए जा रहे हैं। डाकघरों में आधार पंजीयन, अपडेट और संशोधन की सुविधा दी जा रही है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग आधार पंजीयन या अपडेट इसलिए नहीं करा पा रहे हैं, क्योंकि वे कार्य दिवस में आफिस, विद्यालय या अन्य कार्यों को छोड़ कर कैसे आएं। इस लिए यह सुविधा सप्ताह के सातों दिन शुरू कर दी गई है। अब रविवार को भी संशोधन का काम होगा। वहीं गर्मी को देखते हुए आधार पंजीयन और संसोधन का कार्य अब सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक कराए जा सकेंगे।

# सात दिवसीय राष्ट्र सेविका समिति का प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

▸ 150 बहनों ने सीखा आत्मरक्षा और योग का पाठ



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्र सेविका समिति फतेहपुर विभाग द्वारा आयोजित 7 दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग का समापन हो गया। यह वर्ग 20 मई से सरस्वती विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में चल रहा था, जिसका समापन कार्यक्रम 25 मई को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुई बहनों को प्रतिदिन कुशल शिक्षिकाओं द्वारा कालखंड के अनुसार व्यावहारिक रूप से नियुद्ध (आत्मरक्षा), यष्टि, योगाचाप, दण्ड तथा सामूहिक व्यायाम व योग का कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सेविका बहनों में आत्मविश्वास, आत्मबल, दृढ़ इच्छाशक्ति, सामाजिक सद्भावना और भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत सात्विक विचारधारा को जागृत करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान भारत माता का रूप धरे सेविकाओं ने बड़े ही मनोभाव के साथ अनेकता में एकता का संदेश देते हुए अपना प्रशिक्षण पूरी निष्ठा से पूर्ण किया। इस वर्ग में उपस्थित कुल सेविकाओं और शिक्षार्थी बहनों की संख्या 150 रही, जिनमें से कुल शिक्षार्थी बहनें 101 थीं। आंकड़ों के अनुसार, इस प्रशिक्षण वर्ग में 9 बहनें कानपुर से, 16 बहनें बिंदकी से, 3 बहनें बाधा से और 73 बहनें फतेहपुर स्थानीय क्षेत्र से शामिल हुईं। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विभाग कार्यवाहिका अपर्णा श्रीवास्तव, मुख्य शिक्षिका अपर्णा सचान और जिला कार्यवाहिका रेखा अंजू त्रिपाठी, मनीषा गुप्ता, कल्पना पाण्डेय के साथ समिति की सभी प्रमुख बहनें मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## पुलिस अधीक्षक से भाइयों ने अपनी बहन के लिए मांगा इंसाफ



**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाने के बीसापुर के रहने वाले अरुण कुमार व विनोद कुमार पुत्र उदय राज पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उनकी बहन की शादी 2021 में गुड्डू पुत्र सियाराम निवासी देवलान थाना गाजीपुर के साथ हुई थी। प्रार्थी के बहनोई गुड्डू की मृत्यु 1 वर्ष पूर्व हो चुकी है। प्रार्थी के बहन के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। बहन अपने बच्चों के साथ अपने ससुराल में ही रह रही थी। प्रार्थी की बहन को ससुरालीजन बहनोई के मृत होने के बाद घर में ठीक तरीके से रहने नहीं दे रहे थे। यह भी आरोप लगाया की गाली गलौज अप शब्दों का प्रयोग भी करते थे। इस दौरान प्रार्थी की बहन ने जब अपना हिस्सा मांगा तो उपरोक्त सभी लोग हिस्सा नहीं देना चाहते थे। इसी बात को लेकर वाद विवाद होता रहा। इस दौरान प्रार्थी ने आरोप लगाया कि उन्हें शक है उनकी बहन को मारने की योजना बनाई गई होगी जिससे हिस्सा ना देना पड़े और 20 मई को उनकी बहन की हालत ससुराल में बिगड़ी जिससे उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया जहां से कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी बहन शालिनी की मृत्यु हो गई। पीड़ित भाइयों ने यह भी बताया की हैलट अस्पताल के एक डॉक्टर का फोन आया जिसमें उन्होंने यह बताया कि उनकी बहन शालिनी को ऐसा लगता है प्रथम दृष्ट्या जहर दिया गया है। पीड़ित भाइयों ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि उपरोक्त घटना की गहनता से जांच कराई जाए ताकि जो भी दोषी लोग हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो सके। क्योंकि उनकी बहन की मृत्यु ऐसे नहीं हो सकती। निश्चित है उसे मारा गया है। लिहाजा अगर गंभीरता से जांच हो जाएगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और उसकी बहन की मौत के दोषियों का भी पता चल जाएगा और गुनहगारों को सजा भी मिल जाएगी।

# इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन बने डॉ. अनुराग श्रीवास्तव



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी फतेहपुर की कार्यकारिणी का चुनाव सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक अमरनाथ मिश्र, उपसभापति इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश और चुनाव अधिकारी दुर्गेश यादव, अपर उपजिलाधिकारी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव में डॉ अनुराग श्रीवास्तव की पूरी टीम ने 286 वोट हासिल कर बड़ी जीत दर्ज की। वहीं गुरमीत सिंह की टीम को 78 मत प्राप्त हुए। वोटों की गिनती के बाद नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी, चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन डॉ विवेक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहन ज्योति, सचिव अजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य स्मिता सिंह, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र अग्निहोत्री, प्रवीण अवस्थी, चौतन्य कुमार चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उपसभापति अमरनाथ मिश्र ने डॉ अनुराग की कार्यकारिणी को सेवा की शपथ दिलाई। जीत के बाद सोशल मीडिया पर तमाम समर्थकों ने नई टीम को बधाइयां दीं।

## तहसील कुलपहाड़ एसडीएम को मिली पदोन्नति



**महोबा, समृद्धि न्यज।**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के तहत प्रदेश भर के 104 उप जिलाधिकारियों को अपर जिलाधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया है, उसमें महोबा जनपद के तहसील कुलपहाड़ एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार को भी एडीएम पद पर पदोन्नति मिली है। डॉ प्रदीप कुमार 11 मार्च 2021 से प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान शुरू किया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों के साथ जन समस्याओं के समाधान में भी सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। शासन स्तर पर उनकी सेवा कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पदोन्नति की खबर आते ही अधिकारियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों में खुशी देखी जा रही है । और उम्मीद जताई है कि आगे भी नई जिम्मेदारी को निभाने में डॉ प्रदीप कुमार कामयाबी हासिल करेंगे।

## थाना कुलपहाड़ में निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक को बांटे गए टेबलेट



**कुलपहाड़, महोबा।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुलपहाड़ द्वारा अतिरिक्त निरीक्षक तथा उपनिरीक्षकों को टैबलेट वितरण किया गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा है कि पुलिसिंग को सशक्त बनाने और नवीन अपराधिक अधिनियम को प्रभावी क्रियान्वयन हेतु डिजिटल पारदर्शी एवं तीव्र बनाना है। इस डिजिटल संसाधनों का उपयोग कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। जिससे आमजन को त्वरित और प्रभावी न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि यह गुणवत्तायुक्त विवेचना आदि सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

## सौ फीसदी कार्य पूर्ण करने पर अधिशासी अधिकारी ने प्रगणकों को किया सम्मानित

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र में जनगणना कार्यों में लगे प्रगणक द्वारा सौ फीसदी कार्य पूर्ण किए जाने पर अधिशासी अधिकारी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

बता दें कि शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत कुलपहाड़ क्षेत्र में स्वगणना के बाद जनगणना का कार्य संपन्न किया जा रहा है । इस भीषण गर्मी के भी प्रगणक घर-घर जाकर अपनी जिम्मेदारी को मेहनत और लगन से कार्य करने में लगे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक 31 के प्रगणक राकेश कुमार एवं ब्लॉक 04 के प्रगणक देवकरन राजपूत ने अपने जनगणधु कार्य को सौ फीसदी पूर्ण कर लिया है उन्हें नगर पंचायत कुलपहाड़ के अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।और उनके कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर देवेन्द्र लटोरिया, शिवम, संजय नामदेव आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।




# जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन को लेकर आहूत की बैठक

▸ ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यों एवं नियमित जलापूर्ति की समीक्षा कर दिए निर्देश



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बंध में बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना, धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, सलइया-नथुपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना एवं कबरई ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों एवं ग्रामों में की जा रही नियमित जलापूर्ति की समीक्षा की गयी । समीक्षा में धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़े निर्देश दिये कि शीघ्र ही आवश्यक मैन पॉवर एवं मशीनरी लगाकर योजना के सभी अवशेष रोड रेस्टोरेशन (पैंच वर्क) पूर्ण कर योजना के सभी ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को आदेशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण कराते हुये नियमित पेयजलापूर्ति करायें। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो एवं ग्रामीणों को पेयजल योजना का लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) महोबा, अधिशासी अभियन्ता, प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, महोबा, जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) महोबा, टी.पी.आई. सेन्सिस, महोबा एवं सम्बंधित फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

## स्टेयरिंग फेल होने से पिकअप पुलिया से टकरायी, वृद्ध महिला घायल

**जालौन (उरई)**



औरैया की ओर जा रही पिकअप गाड़ी की स्टियरिंग फेल होने से गाड़ी चुंगी नंबर चार के पास पुलिया से टकरा गई। हादसे में पुलिया के पास फल की ठिलिया लगाए खड़ी वृद्ध महिला को मामूली चोटें आई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी पहुंचाया। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे एक पिकअप गाड़ी जालौन की ओर से औरैया की ओर जा रही थी। जब पिकअप गाड़ी चुंगी नंबर चार के पास पहुंची तो अचानक से गाड़ी की स्टियरिंग फेल हो गई और गाड़ी बेकाबू होकर चुंगी नंबर चार के सामने बनी पुलिया से टकराकर रूक गई। इसी दौरान पुलिया के पास मोहल्ला हिरदेशाह निवासी वृद्ध महिला गफूरन फल की ठिलिया लगाए खड़ी थी। उन्होंने बेकाबू कार से बचने की कोशिश की लेकिन कार की टक्कर से उनके पैर में चोट आ गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अब डिजिटल बोर्ड पर क, ख, ग पढ़ेंगे सरकारी स्कूल के बच्चे

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

▸ ब्लॉक प्रमुख रामपुरा की शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल

आधुनिक दौर में शिक्षा व्यवस्था तेजी से बदल रही है। अब सरकारी स्कूलों में भी पारंपरिक ब्लैक बोर्ड की जगह डिजिटल बोर्ड लेते दिखाई दे रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी विद्यालयों में भी पढ़ाई का स्तर बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रामपुरा विकासखंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय ऊमरी, प्राथमिक विद्यालय नावर, प्राथमिक विद्यालय मकटौरा, राममूर्ति देवी कॉन्वेंट स्कूल मकटौरा एवं प्राथमिक विद्यालय बाबूपुरा सहित पांच विद्यालयों में इंटरएक्टिव पैनल डिस्प्ले के माध्यम से पढ़ाई शुरू कराई गई है। इन डिजिटल बोर्डों के जरिए बच्चों को लिखकर पढ़ाने के साथ-साथ वीडियो, चित्र और ऑडियो माध्यम से भी शिक्षा दी जा रही है, जिससे पढ़ाई अधिक सरल और रोचक बन गई है। डिजिटल माध्यम से पढ़ाई होने के कारण बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है और वे पहले की अपेक्षा अधिक उत्साह के साथ कक्षाओं में भाग ले रहे हैं। शिक्षकों को भी कठिन विषयों को सरल तरीके से समझाने में सुविधा मिल रही है। रामपुरा ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार विद्यार्थियों को तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने पर विशेष जोर दे रही है। पहले विद्यालयों में शिक्षक सामान्य ब्लैक बोर्ड पर ही पढ़ाते थे, लेकिन डिजिटल बोर्ड लगने के बाद शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी और आसान हो गई है। अब शिक्षक विभिन्न विषयों से संबंधित सामग्री, चित्र और वीडियो तुरंत बच्चों को दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों की समझ बेहतर हो रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल विकासखंड के 20 विद्यालयों में डिजिटल बोर्ड लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आगे चलकर सभी विद्यालयों में डिजिटल बोर्ड उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल सके।

# स्वयं सहायता समूहों से बदलेगी ग्रामीण महिलाओं की तस्वीर: जिलाधिकारी

▸ मिशन शक्ति के तहत आजीविका संवर्धन, बैंक लिंकेज और लखपति दीदी अभियान को तेज करने के दिए निर्देश



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार उरई में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने, बैंक लिंकेज बढ़ाने तथा लखपति दीदी योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर समूहों से जोड़ा जाए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं स्वरोजगार एवं आय सृजन गतिविधियों से जुड़ सकें। जनपद में अब तक 9413 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है तथा 1,37,701 परिवारों का समूहों से संतृप्तिकरण किया गया है। वहीं 986 ग्राम संगठन एवं 36 संकुल स्तरीय संघ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने समूहों को रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक लिंकेज से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवार संतृप्तिकरण में कम प्रगति वाले विकास खंड माधौगढ़, नदीगांव, रामपुरा एवं जालौन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। महिलाओं को कृषि, डेयरी, सिलाई, फूड प्रोसेसिंग, पेपर उत्पाद, प्रेरणा कैंटीन, पीडीएस दुकान, मूंगफली उत्पादन एवं गैर कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जाए।जनपद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिनमें सर्वाधिक 6143 महिलाएं गैर कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एसवीईपी, पीडीएस दुकान, ड्राई फूड वितरण, प्रेरणा कैंटीन एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएम ने विकास खंड, तहसील, जिला अस्पताल एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज में समूहों द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन स्थापित कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय सहित समिति के समस्त सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोण्डा पैसेंजर ट्रेन का बहाल हुआ संचालन

**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** कोरोना काल में बंद हुई लखनऊ-गोंडा पैसेंजर रेलगाड़ी का संचालन एक बार फिर शुरू हो गया है। ट्रेन के दोबारा शुरू होने से दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।रोजगार,शिक्षा और व्यापार के सिलसिले में रोजाना सफर करने वाले लोगों ने रेलवे प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है।मंगलवार को गोंडा रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पैसेंजर ट्रेन दोपहर करीब 2:35 बजे बुढ़वल रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां कुछ देर ठहराव के बाद वह लखनऊ डालीगंज के लिए रवाना हो गई। रेलवे विभाग द्वारा जारी पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार बुधवार से ट्रेन का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

# सपा नेताओं ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्टर लगाने वालों पर कार्यवाही के लिए प्रशासन से लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को बदनाम करने की नीयत एवं समाज में वैमनस्य फैलाने की नीयत से बाराबंकी जनपद के विभिन्न स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा लगाए गए होल्डिंग पोस्टरो से आकोर्षित पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में नगर कोतवाली पहुंचकर पोस्टर लगाने वाले अज्ञात लोगों को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, महासचिव हिमांशु यादव,



कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, प्रदुमन यादव, युवजन सभा जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, शान सिद्दीकी, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा, उदय राज यादव आदि लोगों ने सक्षम अधिकारी को पत्र सौंप कर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ विवादित पोस्टर लगाकर जानबूझकर सामाजिक एवं राजनीतिक माहौल खराब करने का प्रयास किया गया है।

जिस पार्टी का हर कार्यकर्ता आक्रोशित है इस प्रकार की कार्यवाई समाजवादी पार्टी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए तभी हम कार्यकर्ताओं का रोष शांत होगा।

## टीकाराम धाम दर्शन करने आई महिला की तीन लाख के सोने की चैन चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र में पड़ने वाले बाबा टीकाराम धाम में दर्शन के लिए आई महिला के गले से सोने की चैन चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मरूई गांव निवासी कृपेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह की पत्नी रीता सिंह मंदिर पर हर मंगलवार लगने वाले मेले में बाबा टीकाराम के दर्शनो के लिए आई थी। दर्शन करने और प्रसाद चढ़ाने के बाद जब वह बाहर निकली तो चैन गायब होने की जानकारी हुई। महिला ने इसकी सूचना मंदिर प्रबंधन व पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि मंदिर के अंदर जाते समय ही पीछे चल रही दो महिलाओं ने सोने की चैन काट ली और गायब हो गई। चोरी गई 15 ग्राम वजनी सोने की चैन की कीमत लगभग 300000 बताई जाती है। पुलिस ने घटना के संबंध में छानबीन की परंतु चैन चुराने वाली महिलाओं का पता नहीं चल सका।

पीड़िता ने कोतवाली जाकर तहरीर दी। पता चला है कि पुलिस की उदासीनता से मेले में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। जिससे लोगों में आसुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। पीड़िता सुबेहा थाना क्षेत्र के सराय चंदेल स्थित एक निजी इंटर कॉलेज में शिक्षिका बताई जा रही हैं।

## अज्ञात युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात युवती के शव की पहचान सोमवार को ग्राम बिलखिया निवासी दयाराम की 20 वर्षीय पुत्री गीता के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। युवती का शव बायलमऊ और नहरवल रेलवे स्टेशन के बीच क्षत-विक्षत हालत में मिला था,जिससे तत्काल पहचान नहीं हो सकी थी। सोमवार को परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और कपड़ों व शारीरिक निशानों के आधार पर शव की शिनाख्त की।कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों के अनुसार गीता किसी बात से नाराज होकर घर से चली गई थी।

# डलमऊ से पकड़ा गया सरिया लदा ट्रक 24 घंटे बाद भी कार्रवाई स्पष्ट नहीं

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ कस्बे में वाणिज्य कर विभाग द्वारा एक सरिया लदा ट्रक पकड़ा गया जो पिछले 24 घंटे से अधिक समय से विभागीय कार्यालय में खड़ा है, लेकिन अभी तक चालक को यह नहीं बताया गया है कि उस पर जुर्माना लगाया जाएगा या फिर आगे क्या कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर चालक ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, डलमऊ थाना क्षेत्र के मुराईबाग से सोमवार सुबह एक सरिया लदा ट्रक पकड़ा गया था, जिसमें करीब 10 कुंटल सरिया लदी हुई थी। बताया जा रहा है कि ट्रक में मौजूद बिल जिस स्थान का था, वहां माल नहीं भेजा जा रहा था, बल्कि दूसरी जगह माल ले जाया जा रहा था। संबंधित माल के लिए वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर वाणिज्य कर विभाग की टीम ने कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि ट्रककानपुर से अमेठी के लिए रवाना हुआ था। आरोप है कि सचल दल की असिस्टेंट कमिश्नर ने प्राइवेट इनोवा वाहन से ट्रक को पकड़ा और बिना पुलिस सुरक्षा के उसे शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर स्थित वाणिज्य कर



विभाग कार्यालय में खड़ा करा दिया। ट्रक चालक कुलदीप ने बताया कि गाड़ी पकड़े जाने की सूचना संबंधित कंपनी को दे दी गई है, जहां से वह माल लेकर आया था, लेकिन कंपनी की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जवाब या सहयोग नहीं मिला है। चालक ने यह भी कहा कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से उसे आगे की प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है, जिससे वह लगातार परेशान है। मंगलवार शाम करीब 4 बजे चालक कुलदीप से बातचीत में पता चला कि वह उन्नाव जनपद के मोरवा थाना क्षेत्र का निवासी है और लगातार विभागीय कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**सुरक्षित व सुगम यातायात व्यवस्था हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा यातायात को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजमार्गो पर अवैध रूप से बनाए गए कटों को बंद कराने, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित एवं प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने, पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रवर्तन कार्यवाहियों को और अधिक सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस में विभिन्न



विभागों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों को समयबद्ध रूप से अद्यतन किए जाने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के प्रमुख चौराहों को यातायात की दृष्टि से अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए तथा सड़कों पर किए गए अतिक्रमणों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। साथ ही, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार एवं निवारण कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गो पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस के कोई भी स्कूल वाहन संचालित न हो। यदि कोई वाहन बिना फिटनेस के संचालित पाया जाए तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने गुड सेमेरिटन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी प्रकार का अवैध वाहन स्टैंड संचालित न होने पाए। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में कोई भी अवैध स्टैंड संचालित नहीं है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहदेव मिश्र, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी महिपाल सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश चंद कटियार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न ब्रह्मभोज का हुआ आयोजन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ कस्बे में पिछले 7 दिनों से चल



रही श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन हो गया। कथा के दौरान व्यासपीठ ने भगवान राम एवं श्री कृष्ण की लीला का रसपान कराया गया कथा का श्रवण कर भक्त भाव विभोर हो गए प्रतिदिन कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा रही। नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ब्रजेश दत्त गौड़ द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 में से 26 में तक किया गया जिसमें भगवान राम की नगरी अयोध्या से आए कथा व्यास मारुति नंदन जी महाराज के द्वारा भगवान राम एवं श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का रसपान कराया गया श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए कस्बा सहित जनपद के विभिन्न स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमवाड़ा लगा रहा मारुति नंदन जी महाराज द्वारा सुनाई गई कथा सुनकर श्रोता मंत्र मुक्त हो गए वही संगीतमई भागवत कथा के दौरान आयोजित हुए भजन एवं कीर्तन पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया और भगवान के गुण गाकर आशीर्वाद प्राप्त किया अंतिम दिन कथा समापन के पश्चात संगीत में सुंदरकांड का आयोजन किया गया उसके पश्चात विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया ब्रह्म भोज में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन को धन्य बनाया इस दौरान आयोजक मंडल के अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ अमरेश पांडे गिरजा शंकर त्रिपाठी मनोज पांडे संतोष पांडे आशु तिवारी मिंटू तिवारी हुकुम शुक्ला सतीश जायसवाल सोहराब अली विनोद निषाद राहुल यादव जितेन सोनकर ऋतिक जायसवाल शिव प्रसाद साहू शाहिद बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नियम तोड़ने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने बड़ा अभियान चलाते हुए नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की है। पिछले एक महीने में हादसा कर फरार होने, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में दर्जनों वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 19 के तहत दुर्घटना कर मौके से भागने वाले 9 चालकों और ओवरलोड वाहन चलाने वाले 13 चालकों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए। वहीं, दूसरे राज्यों से आकर नियम तोड़ने वाले 12 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग के अनुसार बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। विभाग ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में जगदीशपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र इकरार निवासी घोसियाना पालपुर थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अस्थाई स्लॉटर हाउस का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने संयुक्त रूप से आगामी बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद जायस में अस्थाई स्लॉटर हाउस का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्थाई स्लॉटर हाउस में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, पानी की व्यवस्था, साफ सफाई व चूना छिड़काव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिया तथा कुर्बानी के उपरांत अवशेष को सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कुर्बानी के उपरांत अवशेष को गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा की कुर्बानी के उपरांत लोग मीट को अच्छे से ढक कर अपने-अपने घर ले जाएं।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वार्षिक ऋण योजना, पशुपालन, किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित



आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में कई शासकीय योजनाओं में बैंकों द्वारा ठीक प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों द्वारा शासन की योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है वे इस माह विशेष प्रयास कर अपनी प्रगति में सुधार लाएं।

## महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को राजी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु दीपशिखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए पीछे के सारे शिकवे गिले भुलाकर एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## तिल उत्पादन को बढ़ावा, पात्र एफपीओ से 5 जून तक मांगे गए आवेदन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल योजनान्तर्गत खरीफ में तिल के 200 हेक्टेयर क्लस्टर प्रदर्शनों हेतु प्रस्तावित लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के अंतर्गत क्लस्टर प्रदर्शनों का प्रबंधन वैल्यू चेन पार्टनर (तिलहनी एफपीओ) के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैल्यू चेन पार्टनर के रूप में पात्र किसान उत्पादक संगठन का चयन डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा किया जाएगा।

इसके लिए इच्छुक एवं पात्र एफपीओ अपने प्रस्ताव उप कृषि निदेशक कार्यालय में आगामी 5 जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि वैल्यू चेन पार्टनर हेतु एफपीओ के लिए कुछ निर्धारित पात्रता मानदंड तय किए गए हैं। इसके अनुसार एफपीओ का कम्पनी अधिनियम अथवा सहकारिता अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। साथ ही एफपीओ को कम से कम तीन वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए तथा उसमें न्यूनतम 200 किसान पंजीकृत होने चाहिए। इसके अतिरिक्त एफपीओ का पिछले तीन वर्षो का औसत वार्षिक कारोबार 9 लाख रुपये से अधिक होना चाहिए तथा किसानों द्वारा एफपीओ में कम से कम 3 लाख रुपये की इक्विटी निवेशित होनी चाहिए। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त इच्छुक एवं पात्र एफपीओ से निर्धारित समयावधि में आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# विद्यालय भूमि बचाने को कोर्ट तक लड़ाई लड़ने वाली प्रधानाचार्य के निलंबन के अगले दिन शुरू हुआ रास्ता निर्माण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मुसाफिरखाना में विद्यालय भूमि को लेकर वर्षों से चल रहा विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। जिस भूमि की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्या श्रद्धांजलि सिंह द्वारा लगातार प्रशासनिक और न्यायालयी लड़ाई लड़ी जा रही थी, उसी प्रकरण के बीच उन्हें निलंबित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि निलंबन एवं कार्यमुक्ति के अगले ही दिन विद्यालय प्रांगण से रास्ता निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया, जिससे पूरे घटनाक्रम को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जाता है कि विद्यालय परिसर के बीच से सार्वजनिक रास्ता निकालने के



प्रयास लंबे समय से चल रहे थे। विद्यालय हित एवं छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए तत्कालीन प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा इसका लगातार विरोध किया गया। मामले को लेकर उच्च न्यायालय तक गुहार लगाई गई तथा प्रशासनिक स्तर पर कई पत्राचार भी किए गए। सूत्रों के अनुसार विद्यालय की भूमि पर पूर्व में अवैध कब्जे के प्रयास हुए थे। जब पहली बार नींव की खुदाई कराई गई थी, तब अनियमितताओं के आरोप में यूपीपीसीएल से जुड़े ठेकेदार तक पर कार्रवाई हुई और उसे जेल भेजा गया था। बाद में प्रधानाचार्य के प्रयासों से विद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया, जिससे विद्यालय की भूमि संरक्षित हो सके। घटनाक्रम ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब विद्यालय प्रांगण में मुख्य गेट लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। आरोप है कि संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से इस कार्य को रुकवा दिया गया।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक कर शांति की अपील

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कस्बा शहाबपुर में प्रधान प्रतिनिधि अनीस अफजाल अंसारी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने की। बैठक में शासन प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि कुर्बानी केवल पूर्व निर्धारित एवं पारंपरिक स्थानों पर ही की जाएगी। किसी भी नए स्थान पर कुर्बानी की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर गोश्त न काटने तथा कुर्बानी से संबंधित फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करने की अपील की, ताकि



किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत न हों। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिकों धर्मगुरुओं एवं ग्रामीणों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और पर्व को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक राम पाल वर्मा, कांस्टेबल रत्नेश पांडेय, राज कुमार, नीतीश कुमार सिंह, ईदगाह इमाम मोहम्मद इमरान नदवी, सगीर कुरैशी, मौलाना शादाब, हाजी उस्मान समानी, पंडित राज कुमार, पंडित चंद्रशेखर, शमसुल हसन, हबीबुर्रहमान (बीडीसी), बदरुदुजा अंसारी, जुनेद अंसारी, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद हमजा, सम्सुदुहा अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीएम ने आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर की बैठक

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** आगामी बकरीद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी/शांति एवं कानून व्यवस्था की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि बकरीद का पर्व जनपद में परंपरागत रूप से आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाया जाता रहा है तथा इस वर्ष भी सभी लोग आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने



कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा प्रारम्भ न की जाए। पर्व के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी ईदगाहों, मस्जिदों एवं प्रमुख मार्गो पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए तथा चूना आदि का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सा विभाग को आवश्यक दवाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किये गये। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्व के दौरान संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार भ्रमण एवं गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## दम्पति के मध्य पुलिस ने कराया समझौता, साथ रहने को राजी

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग कर दो दम्पति के मध्य सुलह समझौता कराया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण के क्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (परिवार परामर्श केन्द्र) प्रभारी मुन्नी सिंह व उनकी टीम द्वारा काउंसलिंग कर पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामलें में दो दम्पति के मध्य आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। जिससे पति-पत्नी पुनः एक साथ रहने के लिए राजी हुए। पुलिस के इस प्रयास की हर कोई सराहना कर रहा है।

# महिला की मौत का राज खोलने में जुटी पुलिस

**▸ सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी पुलिस की टीमें**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला बनवारी नगर में 58 वर्षीय मंजू वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस अब तेजी से जांच में जुट गई है। महिला का शव घर के कमरे में मिलने और गले से सोने की चेन सहित अन्य जेवरात गायब होने के बाद मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। पुलिस घटना का पर्दाफाश करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। सोमवार की शाम घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की कमान संभालते हुए, पांच टीमों का गठन कर दिया। पुलिस टीमों को अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मालूम हो कि मंजू वर्मा घर में अकेली थीं। सोमवार शाम जब परिजन घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो महिला मृत अवस्था में पड़ी थीं। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि बदमाश घर में घुसे और लूटपाट के बाद महिला की हत्या कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार और थाना प्रभारी कपिल दुबे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की सक्रियता को देखते हुए जल्द ही घटना के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।



**हत्याकांड के दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई**

छिबरामऊ। ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा एवं प्रदेश मंत्री विनीत वर्मा सिंपल ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और अपराधियों को ऐसी सजा मिले कि भविष्य में ऐसा कृत्य करना तो दूर की बात कोई सोच भी न सके।

## कलयुग में भागवत कथा ही मानव जीवन का सच्चा मार्गदर्शन

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़ नगर क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर नगर सुप्रसिद्ध कथा वाचक प्रेमसागर पाण्डेय ने ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं भक्तों के प्रति उनके प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भगवान की आराधना की तथा धर्म और संस्कारों के महत्व को समझा। कथा व्यास जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सत्य, प्रेम और सेवा का मार्ग दिखाती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने एवं प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की गई। कथा के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# सफाईकर्मियों की लापरवाही से स्वच्छ भारत मिशन को लग रहा है पलीता

**▸ एक सप्ताह से नहीं हटाया गया कूड़े का ढेर**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लग रहा है। नियमित सफाई न होने से स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है।

वार्ड 9 नेहरू नगर मोहल्ला मुसाहिब चौबे गंज में मंगालाल चौधरी के घर के सामने एक सप्ताह से कूड़े का बड़ा ढेर लगा हुआ है। सफाई कर्मी रोज सुबह झाड़ू लगाने आता है, लेकिन कूड़ा उसी ढेर के पास फेंक देता है। मंगालाल चौधरी ने बताया कि मोहल्ले में बंदरों का आतंक है, जो इस कूड़े पर चढ़कर घरों के अंदर तक कचरा फेंक देते हैं। इस समस्या को लेकर वार्ड सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता और नगर पालिका में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय नागरिक अब इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं। इस बारे में नगर पालिका के सफाई प्रभारी अमरदीप ने कहा कि मोहल्ले में प्रतिदिन कूड़ा उठाने के लिए वाहन जाता है, फिर भी कुछ लोग सड़क पर कूड़ा फेंक देते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कूड़े के ढेर को जल्द ही साफ करा दिया जाएगा।

# दूसरे दिन भी मुफ्त राशन लेने के लिए उमड़ी भीड़



**▸ सुबह से उचित दर दुकानों पर पहुंचे कार्डधारक**
**▸ 10 जून तक चलेगा निशुल्क वितरण अभियान**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जनपद में निशुल्क राशन वितरण अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। उचित दर दुकानों पर सुबह से ही कार्डधारकों की भीड़ देखने को मिली। शासन के निर्देशानुसार 25 मई से शुरू हुआ राशन वितरण अभियान 10 जून तक संचालित किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि सभी उचित दर दुकानों पर पात्र लाभार्थियों को गेहूं, चावल एवं मोटा अनाज निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वितरण ई-पॉस मशीनों के माध्यम से सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक किया जा रहा है। लाभार्थियों को मोबाइल ओटीपी के जरिए भी राशन लेने की सुविधा उपलब्ध है। वहीं देवराज राठौर ने लोगों से जल्द अंगूठा लगाकर राशन प्राप्त करने की अपील की।

प्रशासन की ओर से प्रत्येक उचित दर दुकान पर पर्यवेक्षक एवं नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जिससे वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे। दूसरे दिन भी अधिकांश दुकानों पर शांतिपूर्ण ढंग से राशन वितरण होता रहा।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के बहवलपुर गांव के पास मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सड़क किनारे स्थित एक मार्केट के बाहर युवक का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। उसकी उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। युवक के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस आसपास के गांवों और लोगों से पूछताछ कर युवक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है।

# अखिलेश को महिला विरोधी दर्शाने वाली होर्डिंग पर जताया रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**▸ सपाइयों ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सिंह यादव के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन देकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ कन्नौज में जगह-जगह आपत्तिजनक होर्डिंग लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव (पूर्व मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के प्रयास में कुछ अराजक तत्वों ने जनपद कन्नौज में जगह जगह होर्डिंग लगाकर उन्हें महिला विरोधी बताया है. जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में व्यापक रोष व्याप्त है। आलू किसानों के लिए कोई फैक्ट्री या अन्य कोई साधन उपलब्ध नहीं कराये। आज किसान बरबाद हुआ है तथा नौजवान बड़ी संख्या में बेरोजगार घूम रहा है। इन सब चीजों को छिपाने के लिए भाजपा ऐसी होर्डिंग लगवा रही है। जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में एवं आम जनमानस में भारी रोष है। अतः होर्डिंग लगाने वाले नेताओं एवं होर्डिंग छापने वाले पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाये अन्यथा हम सब कार्यकर्ता समाजवादी, लोहियावाहिनी के झण्डे के तले विशाल धरना प्रदर्शन एवं अनशन पर बैठने को मजबूर होगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव चंद्रजीत यादव एडवोकेट, समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जीतू यादव, राजन यादव, भोला यादव, सलमान, अख्तर अंसारी, राकेश कुमार जाटव व अंकुर यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सीसी सड़क का चेयरमैन ने किया लोकार्पण



**समधन, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से बनायें गये सीसी सड़क का चेयरमैन ने ईओ के साथ पहुंचकर लोकार्पण किया गया समधन नगर पंचायत के मोहल्ला दारासराय में एफ जी रोड से इमरान के प्लांट तक बनी सीसी सड़क का मंगलवार को चेयरमैन आसमां बेगम ने अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता की मौजूदगी में लोकार्पण किया गया इस दौरान चेयरमैन आसमां बेगम ने नगर पंचायत में बन रही सड़कों में मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश ठेकेदारों को दिये गये है। उन्होंने कहा मनमानी किसी ठेकेदार की बर्दास्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव के अलावा ठेकेदार अतीक हुसैन ,सभासद जमीरुद्दीन, वारिस, इदरीस आदि मौजूद रहे।

### अनुराग गुप्ता बने उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष



**गुरसहायगंज,कन्नौज।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जनपद कन्नौज निवासी अनुराग गुप्ता को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी जीतू एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से यह मनोनयन किया गया। नियुक्ति की घोषणा होते ही व्यापारियों एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुराग गुप्ता व्यापारी हितों के लिए लगातार सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा तथा प्रदेश, जनपद और नगर स्तर पर व्यापारियों के हितों की आवाज और मजबूत होगी। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वह संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे सिद्धार्थ गुप्ता दीपक गुप्ता जिला महामंत्री संजीव गुप्ता संजू सहित संगठन के कई पदाधिकारियों ने अनुराग गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे गुरसहायगंज के लिए गौरव की बात है।

### आपत्तिजनक पोस्टरों पर सपाइयों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अखिलेश यादव के खिलाफ शहर में लगाए गए कथित आपत्तिजनक पोस्टरों को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगे पोस्टरों में शिवपाल सिंह यादव और आजम खान की तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक टिप्पणियां लिखे जाने पर सपाइयों में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर पोस्टर फाड़कर विरोध जताया और भाजपा पर सुनियोजित दुष्प्रचार का आरोप लगाया। मामले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भाजपा से जुड़े अराजकतत्वों ने समाजवादी पार्टी और उसके वरिष्ठ नेताओं की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से भड़काऊ होर्डिंग्स लगवाई हैं। नेताओं ने कहा कि इससे कार्यकर्ताओं और आम जनता में रोष व्याप्त है तथा सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि पोस्टरों के जरिए पीडीए जननायक और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव की छवि खराब करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर भय और भ्रम का माहौल बनाना चाहती है। पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, तिर्वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट अनिल पाल और सपा नेता यश कुमार दोहरे ने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग कानून व्यवस्था को चुनौती देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

# अ.भा. प्र.सं. संघ के जिला अध्यक्ष ने सरकार के निर्णय का किया स्वागत

**▸ प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने पर वितरित, लड्डू खिलाकर जताई खुशी**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लॉक सहित जनपद के कई प्रधानों ने सरकार द्वारा प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने को लेकर खुशी प्रकट की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रपुर में ग्राम प्रधान डॉक्टर चंद्रकांत के आवास पर प्रधानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानों ने सरकार द्वारा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। बैठक में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रकांत यादव ने कहा कि प्रधानों का सरकार द्वारा यह निर्णय संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में भी इसी प्रकार प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया गया है। ऐसे में सरकार का यह कदम सराहनीय है और इससे गांवों के विकास कार्यों को निरंतरता मिलेगी। संगठन के जिला अध्यक्ष ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकाल बढ़ने से अधूरे विकास कार्य पूरे करने में सहायता मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सकेगा। इससे पहले जिला अध्यक्ष की नेतृत्व में ब्लॉक एवं जनपद से एकत्रित हुए ग्राम प्रधानों को डॉक्टर चंद्रकांत यादव ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान दिनेश चंद वर्मा रामनिवास वर्मा प्रधान ,रामराज प्रधान तेरा जैकेट, पंकज कटारिया प्रधान, औराई अजय पाल प्रधान करमुल्लापुर, सूरजपाल वर्मा प्रधान ताल्हा ,रफीकुल हसन प्रधान शाहजहांपुर, मनोज कुमार प्रधान राउतमाई, नागेंद्र कुमार प्रधान नंदलालपुर सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

# संविदा लाइनमैन कर्मचारियों को स्थायी करने की उठी मांग



**गुरसहायगंज कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों, विशेषकर लाइनमैनों को स्थायी किए जाने की मांग तेज हो गई है। आम जनता और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सरकार से अपील करते हुए कहा है कि लाइनमैन अपनी जान जोखिम में डालकर दिन–रात बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हैं, यह विचार नगर पालिका पद के पूर्व प्रत्याशी प्रमुख समाजसेवी राशिद जमाल सिद्दीकी और पप्पू भाई ने प्रकट किया उन्होंने आगे कहा कि इसलिए उन्हें स्थायी नौकरी, उचित वेतन और बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। बताया गया कि तेज गर्मी, भारी बारिश और कड़ाके की ठंड जैसी कठिन परिस्थितियों में भी लाइनमैन बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए पोल पर चढ़कर कार्य करते हैं। कई बार उन्हें जानलेवा हादसों का भी सामना करना पड़ता है, इसके बावजूद उन्हें बेहद कम वेतन में काम करना पड़ रहा है। जिसका उदाहरण अभी हाल में ही शिव सागर कठेरिया का देखने को मिल सकता है प्रमुख समाजसेवी का कहना है कि बिजली व्यवस्था को सुचारु रखने में लाइनमैनों की अहम भूमिका होती है। उनके बिना आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में सरकार को उनके समर्पण, मेहनत और जोखिम को देखते हुए स्थायी नियुक्ति के साथ–साथ सुरक्षा उपकरण, बीमा सुविधा और सम्मानजनक वेतन उपलब्ध कराना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि लाइनमैन सिर्फ कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज की जिंदगी को रोशन रखने वाले असली योद्धा हैं, जिनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# डीजे बजाने को लेकर भिड़े दो पक्षों में मारपीट, सात गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गांव में डीजे बजाने और आवाज तेज करने को लेकर ग्रामीणों के दो पक्ष आपस में भिड़ गए, जिसके बाद दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

बताते चलें कि, मंगलवार की सुबह गांव पचोर में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाया जा रहा था। बताया गया कि, श्याम नामक युवक द्वारा डीजे संचालित करने के दौरान तेज आवाज को लेकर गांव के ही ग्रामीण वकील ने आवाज काम करने को कहा तो दोनों में विवाद हो गया। मामले की जानकारी पर गांव में श्याम और वकील दोनों पक्षों के लोग पहुंच गए, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। मामले की जानकारी पर चौकी इंचार्ज राजकुमार गौतम अपने हमराह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के श्याम, अर्पित और नारायण के अलावा वकील, मोमिन, जमील, और अरमान को हिरासत में ले लिया। सभी गिरफ्तार लोगों को कोतवाली लाया गया। मामले में कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, डीजे के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है, जिसको लेकर आपस में मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है। मामले में फरार आरोपियों की भी तलाश जारी है। जल्द ही उनको भी गिरफ्तार करके आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# समधन नगर पंचायत ने लगाए दो प्याऊ, राहगीरों को मिल रहा ठंडा पानी




**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत ने भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए दो स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय और प्याऊ केंद्र स्थापित किए हैं। यह केन्द्र मुख्य सड़क पर ठाकुर द्वारा के पास और दारा सराय में लगाए गए हैं। इन प्रतिक्षालयों में राहगीरों के लिए निशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले दो दिनों से सुबह से शाम तक सैकड़ो लोग यहां ठंडा पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। नगर पंचायत का यह कदम बढ़ती गर्मी और लू से बचाव के लिए उठाया गया है। इसका उद्देश्य सड़क से गुजरने वाले लोगों को भीषण तापमान में थोड़ी देर रूककर पानी पीने और आराम करने की सुविधा प्रदान करना है।

### आपसी भाईचारे के साथ मनाएं ईद-उल-अजहा त्योहार: अध्यक्ष

**समधन, समृद्धि न्यूज।** ईदुल अजहा का त्योहार 28 मई को मनाया जायेगा जिसके लिए मुस्लिम लोग त्योहार मनाने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। मुस्लिम लोग आपसी भाईचारे के साथ इस त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। त्योहार को शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने लोगों से अपील की है। वही नगर पंचायत समधन कार्यालय की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने नगर की जनता से कहा है कि ईद उल अजहा का पर्व मनाने के दौरान जानवरों की कुर्बानी करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें की कुर्बानी में निकलने वाला अवशेष को खुले स्थान पर न फेंकने की सलाह दी गई उन्होंने कहा कि समधन नगर पंचायत के दोनों ओर पश्चिम व पूर्वी स्वागत द्वार गेट के नजदीक जेसीबी मशीन से बड़े–बड़े गड्ढे नगर पंचायत द्वारा खुदवाए गए हैं।

# समाजसेवी उस्मान गनी (बल्लू) के निधन से शोक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला विरतिया निवासी समाजवादी पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुके उमर फारूक (बंटी) के बड़े भाई समाजसेवी उस्मान गनी (बल्लू) का आज सुबह 3.30 बजे निधन हो गया। जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। उस्मान गनी (बल्लू) (54) कई माह से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। कुछ दिन पहले परिजन उन्हें घर ले आए थे। रविवार रात हालत बिगड़ने पर उन्हें आगरा ले जाया गया। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, बेटे हयात और बेटी मारिया को छोड़ गए। जरूरतमंद गरीबों की मदद करना उनके स्वभाव में था। उनके दर से कभी कोई खाली हाथ नहीं लौटा। अंतिम यात्रा में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। शाम 5 बजे उनके जनाजे को सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए दलीय सीमाएं टूट गई। पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव, साई मीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव, समाजवादी लोहिया वाहनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभान रफी, आशु जमील, मोहित यादव, रोहित यादव, दीपू चौहान, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, बृजपाल शाक्य, अंकुर दीक्षित, जावेद खान, मो. कामरान, नरेश वर्मा, अच्छे खान, ऑल इंडिया टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव चमन खान राजू टेंट, हाफिज एहतशाम, कारी समसुल कमर, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीश सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की उपचार के दौरान मौत

**तिर्वा/कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

**▸ परिजनों द्वारा मामले में नहीं कराई गई कोई कानूनी कार्यवाही, शव लेकर हुए रवाना**

घर पर रखा जहरीला पदार्थ खाने से एक 32 वर्षीय युवक की हालत बिगड़ गई। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जिले की छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव बीकूपुर निवासी 32 वर्षीय अतुल कुमार का घर पर पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है।इसको लेकर अतुल ने घर पर रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्हें उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने अतुल की मौत की पुष्टि कर दी। अतुल की मौत पर परिजनों में हड़कंप मच गया। कोई कानूनी कार्यवाही नहीं चाहते हुए परिजन अतुल के शव को वापस अपने घर लेकर रवाना हो गए। मामले में मेडिकल चौकी प्रभारी ने बताया कि, मामले में परिजन कोई कार्यवाही नहीं चाहते थे, इस कारण कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी।

# सरायमीरा बस अड्डे पर राहगीरों को पिलाया शरबत

**▸ बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजन की सेवा के उद्देश्य से किया गया आयोजन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




भीषण गर्मी में राहगीरों और यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय द्वारा मंगलवार को शहर के सरायमीरा रोडवेज बस अड्डे पर शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रवेश उत्सव 2026 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करने हेतु चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान का हिस्सा था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजन की सेवा के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि रोडवेज बस स्टेशन जिले के सबसे व्यस्त स्थानों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में रोडवेज और रेलवे यात्रियों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में शरबत वितरण से यात्रियों, छात्र-छात्राओं और जिला मुख्यालय आने वाले लोगों को गर्मी से राहत मिली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। इस दौरान लायर्स बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट शिवकंठ लाल, कैपरी लोन ऑफिसर आशीष अवस्थी, जितेंद्र, शिवांग श्रीवास्तव, कृष्णा, कार्तिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# झोपड़ी में लगी आग, दो साल की बच्ची की जलकर मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

- दादी भी झुलसी, सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। आग से झोपड़ी में सो रही दो वर्षीय मासूम की जलकर मौत हो गई। मासूम को बचाने के चक्कर में वरिष्ठ नागरिक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। स्वजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए। सीओ ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। स्वजन आग लगने का कारण नहीं बता सके। मासूम की मौत पर स्वजन रोने बिलखने लगे।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कमरुद्दीननगर निवासी उर्वेश यादव मंगलवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे पत्नी सरिता दो जुड़वा बेटियों दो वर्षीय कुसुम प्रभा व रुद्र प्रभा, साठ वर्षीय मां जदुरानी, पत्नी सरिता के साथ झोपड़ी में आराम कर रहे थे। झोपड़ी के पिछले हिस्से में अज्ञात कारणों से आग लग गई।

हवा के साथ आग ने विकराल रूप ले लिया। आनन फानन में उर्वेश ने एक बेटी रुद्र प्रभा को निकाल लिया। जबकि दूसरी बेटी कुसम प्रभा को उनकी मां जदुरानी बचाने के लिए झोपड़ी में घुस गई। जिससे वह झुलस गई, लेकिन कुसुम प्रभा की जलकर मौत हो गई। स्वजन आनन फानन में उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। घटनास्थल पर चीखपुकार मच गई।


रोते बिलखते परिजन

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। आग से गृहस्थी का सामान, अनाज चालीस हजार की नगदी सहित नगदी आदि जलकर नष्ट हो गया। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। स्वजन आग लगने का कारण नहीं बता सके। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


जांच पड़ताल करते सीओ

# दबंगों ने सैनिक को पीटा, तोड़ी सोने की चैन, मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

बाल कटवाने के लिए युवकों ने सैनिक के साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर सोने की जंजीर तोड़कर भाग गए। पीछा करने पर एक बाग के पास युवकों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी उपेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि उनका सैनिक भाई सुनील कुमार पाण्डेय तीन दिन पूर्व छुट्टी लेकर घर आया था। दो दिन पूर्व रविवार शाम को रुदायन स्थित एक दुकान पर बाल कटवाने गया था। उसी समय पड़ोस के गांव जिजौटा बुजुर्ग निवासी मनमोहन, गोविंद व अजय दुकान पर आ गए। तीनों युवक बाल कटवाने को लेकर सैनिक के साथ अभद्रता कर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक सैनिक के गले से सोने की जंजीर तोड़कर भाग गए। पीछा करने पर युवकों ने सैनिक रुदायन से कुछ दूरी पर कच्चे रस्ते पर आम के बाग के पास लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे भाई ने सैनिक के साथ थाने पहुंच तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार सुबह तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तीर्थ नगरी कम्पिल में दो दिवसीय धार्मिक परिक्रमा शुरु

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

पौराणिक तीर्थ नगरी कंपिल में मंगलवार को दो दिवसीय धार्मिक परिक्रमा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ शुरू हुई। परिक्रमा में सैकड़ों साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे नगर में हर-हर महादेव और राधे-राधे के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। परिक्रमा का नेतृत्व कालेश्वर नाथ मंदिर के महंत सत्यगिरि महाराज ने किया।

परिक्रमा कालेश्वर नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर फुलू नगला, भोगपुर, अकराबाद, हमीरपुर, काजी रुदायन और मानिकपुर होते हुए वेदू अड्डा पहुंचेगी। जहां संत रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन परिक्रमा बेदू बाबा आश्रम और शेखपुर होते हुए कालेश्वर नाथ विसर्जन स्थल पर संपन्न होगी। महंत सत्यगिरि महाराज ने बताया कि पौराणिक तीर्थ नगरी कंपिल की यह परिक्रमा वर्ष 2014 से लगातार आयोजित की जा रही है। हर वर्ष बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु इसमें शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करते हैं। परिक्रमा में आसपास के जनपदों से आए साधु-संतों ने भजन-कीर्तन करते हुए सहभागिता निभाई। मार्ग में नगरवासियों और ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर संतों का स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था कर सेवा भाव का परिचय दिया।


परिक्रमा करते साधु-संत

परिक्रमा में महानंद, सतीश दास, रामपाल गिरी, भगवान दास, सत्यपाल गिरि, प्रेम गिरि सहित सैकड़ों संत एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## करंट लगने से किशोरी घायल, उपचार जारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के टडा नगला में मंगलवार को एक 14 वर्षीय किशोरी करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र की पुत्री घर में बिजली की रोशनी कम आने पर छत पर लाइट ठीक करने गई थी। इसी दौरान अचानक उसे करंट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। किशोरी की चीखपुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। ताऊ नरेंद्र और मां गीता उसे एक निजी वाहन से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले गए। सीएचसी में डॉक्टर मानसिंह वर्मा और डॉक्टर विकास पटेल ने तुरंत किशोरी का उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने बताया कि किशोरी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# निजी भूमि पर अवैध रास्ता निर्माण का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरिया जवाहर की प्रधान अलका सिंह सोमवंशी एवं उनके पति संजय सोमवंशी उर्फ संजू प्रधानपति ने निजी भूमिधरी भूमि पर जबरन रास्ता बनाए जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। मामले में न्यायालय के स्थगन आदेश की अवमानना तथा शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका जताई गई है।

प्रधानपति संजय सोमवंशी ने थाना अध्यक्ष राजेपुर को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम अमीराबाद बमियारी स्थित उनकी निजी भूमिधरी गाटा संख्या-2 की भूमि को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है। इस मामले में माननीय ग्राम न्यायालय द्वारा 11 फरवरी 2026 को स्थगन आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष के लोगों द्वारा 8 मई 2026 को जेसीबी मशीन से मिट्टी डलवाकर रास्ता निर्माण शुरू करा दिया गया। आरोप है कि बाद में रात के समय धीरे-धीरे कार्य कराते हुए 16 मई तक अवैध रूप से रास्ता बना लिया गया। प्रार्थना पत्र में मनोज मिश्रा, बबलू मिश्रा निवासी कुसुमापुर, मुन्नू सिंह पुत्र बिसराम सिंह तथा अनिल कुमार पुत्र प्रेमसागर निवासी नगरिया जवाहर पर षड्यंत्रपूर्वक कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि विपक्षी पक्ष धरना-प्रदर्शन और अनशन कर माहौल खराब करने की धमकी दे रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। संजय सोमवंशी ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को लेकर न्यायालय में अवमानना वाद दाखिल किया जा चुका है, इसके बावजूद विपक्षी पक्ष लगातार दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर न्यायालय आदेश की अवमानना, अवैध कब्जा तथा शांति व्यवस्था भंग करने की धमकी के संबंध में कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


मौके पर मौजूद जेसीबी व ग्रामीण

वहीं प्रधान अलका सिंह सोमवंशी ने भी आरोप लगाया कि कुछ लोग भाजपा संगठन और अधिकारियों को गुमराह कर उनकी निजी भूमि पर जबरन सड़क निर्माण कराना चाहते हैं। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण हटवाने और निष्पक्ष कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# डीएम ने कई विभागों के अधिकारियों का मई माह का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- विभागों द्वारा वाद निस्तारण में स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक पाई गई
- जिलाधिकारी ने आईजीआरएसए संदर्भों की समीक्षा की

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा 1 मई से 26 मई तक प्राप्त आई.जी.आर.एस. संदर्भों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में अत्यंत लापरवाही, शिथिलता एवं शासनादेशों की अवहेलना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की।

समीक्षा में पाया गया कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत फर्रुखाबाद एवं मोहम्मदाबाद, पूर्ति निरीक्षक कायमगंज, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, नगरीय एवं कायमगंज, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कमालगंज, शमसाबाद, कायमगंज, नवाबगंज एवं राजेपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, उप निदेशक कृषि, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढ़पुर, कायमगंज, शमसाबाद, राजेपुर, नवाबगंज, कमालगंज एवं मोहम्मदाबाद तथा खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर, कमालगंज एवं राजेपुर द्वारा आई.जी.आर.एस. संदर्भों के निस्तारण में स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक पाई गई। डीएम समीक्षा में पाया गया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो आई.जी.आर.एस. संदर्भों की नियमित समीक्षा की जा रही है और न ही शिकायतों का निस्तारण शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जा रहा है। साथ ही, शिकायतकर्ताओं से शत-प्रतिशत संपर्क स्थापित न किए जाने के कारण मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है तथा शासन स्तर पर जनपद की छवि धूमिल हो रही है।


जानकारी देती जिलाधिकारी

डीएम ने कहा कि आई.जी.आर.एस. प्रणाली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है तथा मुख्यमंत्री द्वारा जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण को विशेष महत्व दिया गया है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता न बरतना अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति शिथिलता, अकर्मण्यता एवं प्रशासनिक अक्षमता का परिचायक है।

उक्त परिस्थितियों को अत्यंत गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों का माह मई 2026 का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं।

साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सुसंगत स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क स्थापित कर शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन कराया जाए।

# बकरीद के त्यौहार के दृष्टिगत सीओ ने किया फ्लैग मार्च

- शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बकरीद के त्यौहार को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्राधिकार व थाना प्रभारी निरीक्षक कस्बे में चौराहे पर पैदल गस्त किया।

कस्बा नवाबगंज में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में बकरीद के त्यौहार को देखते हुए अधिकारियों ने त्यौहार सकुशल संपन्न करने के लिए कमर कस ली है।

क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद तथा थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज राजीव कुमार ने कस्बे में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। वहीं आम जनमानस को भी सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा कस्बे के चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दोपहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया।


पैदल मार्च करते सीओ व कोतवाल

जिसमें लगभग आधा सैकड़ा से अधिक वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने संदिग्ध लोगों की जामा तलाशी भी ली। इस मौके पर क्षेत्राधिकार मोहम्मदाबाद अजय कुमार वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा राम सिंह, दरोगा जगराम सिंह, दरोगा सत्यनारायण, दरोगा कमलेश सिंह तथा थाने का भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## चतुर्थ मंगलवार को कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर पर शरबत का हुआ वितरण



शरबत वितरित करते कोतवाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के उपलक्ष्य पर कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर पर शरबत वितरण सेवा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने किया। आयोजक मनीष अरोड़ा, संकल्प अरोड़ा ने कन्याओं को शरबत वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जहां पर मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, प्रबंधक व मन्दिर पुजारी संगम शाक्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैया लाल, उपाध्यक्ष सदस्य कमलेश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवार, गुरुदेव, मोहित, दीपक शाक्य, मनोज कौशल, बबलू वर्मा, अंश श्रीवास्तव, अर्पित, दिव्यांश आदि व हजारों राहगीरों व भक्तजनों ने इस चिलचिलाती धूप में ठंडा शरबत पीकर मंदिर सदस्यों की भूरि-भूरि प्रशंशा की व हनुमान जी महाराज के दर्शन कर हनुमान महाराज की जयजय कार की।

## अज्ञात कार चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव नगला हरजू पचरौली महादेवपुर निवासी अनोखेलाल पुत्र गोरेलाल ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मार्ग दुघर्टना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार मेरे पिता गोरेलाल किसान ईंट भट्ठा नौगांव थाना मेरापुर पर चौकीदार के पद पर कार्य करते थे। 10 मई सुबह 11 बजे खाना खाकर साईकिल से ईंट भट्टे पर जा रहे थे जैसे ही वह भट्टे के पास पहुंचे कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने मेरे पिता की साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे और साईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई थी उपचार हेतु एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया था जहां उपचार के दौरान उसी दिन उनकी मृत्यु हो गई थी। मेरापुर पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# अनशन पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी ने कराया सुंदरकांड पाठ

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के ग्राम बाली पट्टी रानीगांव निवासी श्याम बिहारी अवस्थी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले छह दिनों से लगातार अनशन पर बैठे हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर कई दौर की वार्ता और समझाइश के बावजूद अब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं हो सका है। उनके आवास पर धार्मिक वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना की।

सुबह से ही श्याम बिहारी अवस्थी के आवास पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। विधि-विधान से पूजन के बाद सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और जय श्रीराम तथा बजरंगबली के जयकारों से गांव गूंज उठा। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने सुंदरकांड का श्रवण कर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया तथा श्याम बिहारी अवस्थी के स्वास्थ्य और उनकी मांगों के समाधान के लिए प्रार्थना की।

ज्ञात हो कि श्याम बिहारी अवस्थी पिछले छह दिनों से अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर अनशन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि तहसील एवं जिला प्रशासन द्वारा उनकी शिकायतों का सही तरीके से निस्तारण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन पर फर्जी रिपोर्ट लगाने और जन समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप भी लगाए हैं। उनकी 11 सूत्रीय मांगों में राजस्व, पंचायत तथा स्थानीय प्रशासन से जुड़ी कई शिकायतें शामिल हैं। अनशन के दौरान पहले उन्होंने अन्न त्याग किया था, बाद में जल भी त्याग दिया था। लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने उनसे कई बार वार्ता की। पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी उनसे मुलाकात कर अनशन समाप्त करने की अपील की गई थी। हालांकि श्याम बिहारी अवस्थी ने स्पष्ट कहा था कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सुंदरकांड पाठ के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और महिलाएं भी मौजूद रहीं। लोगों ने कहा कि धार्मिक आयोजन से गांव में सकारात्मक संदेश गया है और प्रशासन को जल्द समस्याओं का समाधान कर मामले का शांतिपूर्ण निस्तारण करना चाहिए। वहीं अनशन स्थल पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही और प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज नजर आई।


सुंदर काण्ड में मौजूद भक्तगण

# ग्रामीण बैंक द्वारा दो लाभार्थियों को बीमा का दिया गया लाभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा टाउनहॉल पर बैठक का आयोजन किया गया। बैंक के सहायक महाप्रबंधक कैंप कार्यालय मुरादाबाद अनिरुद्ध सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक मधुसूदन लाल श्रीवास्तव एवं फर्रुखाबाद क्षेत्र की समस्त शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा भारत सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावों का सफल निपटान कराते हुए दो लाभार्थियों मुकेश कुमार आश्रित स्व0 पिंकी देवी ग्राहक मुरहास शांखा और कमला देवी आधित स्व0 फुलवारी नाल ग्राहक लिंजिगंज शाखा को बीमा का लाभ दिलाया एवं कैंप प्रमुख अनिरुद्ध सिंह द्वारा मांकेतिक रूप से चेक प्रदान किया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने इस विन वर्ष में कुल 18 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना दावे और 3 प्रधानमंत्री मुरक्षा बीमा योजना दावे प्रस्तुत किए हैं। जिनमें से 4 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की दावा राभि सफलता पूर्वक लाभार्थियों को दिला दी गयी है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत आच्छादित ग्राहकों के आधितों को मृतक दोवा के रूप में 2 लाख की राशि देय है यह बीमा अत्यंत ही कम प्रीमियम 436 एवं 20 वार्षिक पर बैंक खाताधारकों को उपलब्ध है। दोनों ही लाभार्थी इस अवसर पर भावुक दिखे एवं उन्होंने इस योजना की प्रशंसा करते हुए शाखा को धन्यवाद् भी दिया।


महिला को सांकेतिक चेक सौंपते बैंक अधिकारी

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि बैंक विनीय समावेशन सुनिश्चित करने और कठिन समय में परिवारों को त्वरित महायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐने प्रयास बैंक और ग्राहकों के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं तथा सरकारी बीमा योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूकता फैलाते हैं।

# बूथ से ही सरकार का रास्ता होगा तय, अपने बूथ पर दें ध्यान

- समाजवादी साथी पूरी ताकत और सजगता के साथ चुनाव के लिए रहे तैयार: अजीत यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूरी दमदारी के साथ जमीन पर चुनावी मोड में उतर चुकी है पार्टी कार्यकर्ता लगातार जहां सरकार पर महंगाई, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार और जातिवाद जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हमलावर हैं। वहीं बूथ पर भी फोकस कर रहे हैं। प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, प्रभारी विधानसभा सदर पवन कठेरिया, महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शिवम पटेल, जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड अर्चित शर्मा के साथ 194 सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 305, 306, 307, 308 गढ़ी कोहना में सभासद मुदस्सिर खां के कार्यालय पर वोटर लिस्ट की स्कैनिंग की। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि कार्यकर्ता सतर्क रहें, सजग रहें, नियमित रूप से वोटर लिस्ट का अवलोकन करते रहें। हमारी लड़ाई किसी राजनैतिक दल से नहीं बल्कि मायावी लोगों से है।

जो छल और प्रपंच के बल पर सत्ता में पहुंचे हैं, इनकी फरेबी चालों को समझने के लिए हमारा बूथ की निगरानी करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बूथ से ही सरकार का रास्ता तय होता है। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा समाजवादी साथी पूरी ताकत और सजगता के साथ चुनाव के लिए तैयार रहें, आपका श्रम ही पीडीए सरकार बनाएगा, आम जनमानस भारतीय जनता पार्टी को बहुत पहले ही सत्ता से बाहर कर चुका है, यह सिर्फ अपने छल और प्रपंचों से सत्ता में टिके हुए हैं। जिस दिन उनके प्रपंची आवरण की पर्दा हम लोगों ने फाड़ दी उसी दिन इनका घिनौना चेहरा जनता के सामने आ जाएगा।


बैठक में मौजूद सपा नेता

# देश में बढ़ती महंगाई पर विकास राजपूत ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- टोल टैक्स फ्री कर करोड़ों लोगों को राहत देने की मांग
- भाजपा नेता ने 6 महीने तक टोल टैक्स फ्री कर जनता को राहत देने की उठाई मांग
- महंगाई पर राजनीति नहीं, राहत की नीति चाहिए

देश में लगातार बढ़ रही पेट्रोल और डीजल की कीमतों के बीच भाजपा नेता विकास राजपूत ने केंद्र सरकार से आम जनता को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध जैसे हालातों के कारण ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर देश की जनता पर पड़ रहा है।

विकास राजपूत ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों को तुरंत नियंत्रित करना आसान नहीं है, लेकिन सरकार जनता को राहत देने के लिए देशभर में एनएचएआई द्वारा संचालित सभी वाहनों का टोल टैक्स कम से कम 6 महीने के लिए फ्री कर सकती है। उन्होंने कहा जब तक अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां सामान्य नहीं हो जातीं, तब तक सरकार को टोल टैक्स माफ कर आम लोगों को राहत देनी चाहिए। इससे ट्रांसपोर्ट खर्च कम होगा और महंगाई पर भी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी। राजपूत ने कहा कि टोल टैक्स फ्री होने से पेट्रोल-डीजल से बढ़ने


विकास राजपूत

वाले भाड़े के दामों में कमी आएगी, जिससे रोजमर्रा के घरेलू उत्पादों पर महंगाई का असर कम पड़ेगा और आम आदमी को सीधा फायदा मिलेगा।

**प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर दिए सुझाव**

विकास राजपूत ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में सुझाव देते हुए आग्रह किया कि यदि देशभर में टोल टैक्स फ्री किया जाता है, तो इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने पत्र में घरेलू गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त सब्सिडी देने एवं किसानों को डीजल खरीद पर सब्सिडी उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।

**किसानों के लिए डीजल सब्सिडी की मांग**

भाजपा नेता ने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि खेती और सिंचाई के लिए किसानों को बड़ी मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है। ऐसे में सरकार को अस्थायी तौर पर कृषि कार्य हेतु डीजल पर सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए, ताकि किसानों की लागत कम हो सके और उनकी आय स्थिर बनी रहे।

**गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त राहत की अपील**

विकास राजपूत ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि गरीब परिवारों को राहत देने के लिए गैस सिलेंडर पर अतिरिक्त 200 से 300 तक की सब्सिडी दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार यदि टोल टैक्स, किसानों के डीजल और गैस सिलेंडर पर राहत देती है, तो इससे देश की आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और महंगाई के बोझ को कम करने में मदद मिलेगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए विकास राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के विकास और जनता के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार आने वाले समय में देशहित और जनहित में बड़े फैसले लेगी।

# संस्कार भारती द्वारा प्रशिक्षण में ढोलक थाप पर गाये गये मंगल गीत


ढोलक का प्रशिक्षण लेती युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय लोक वाद्य ढोलक के संरक्षण और संवर्धन के लिए संस्कार भारती एवं संगीत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में ढोलक-नाद प्रवाह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज लोहई रोड किया जा रहा है। शिविर 25 मई से 8 जून तक चलेगा।

कला साधक किरन त्रिवेदी प्रशिक्षण देंगी। आयोजकों ने बताया कि ढोलक भारतीय लोक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जन्मदिन, विवाह, धार्मिक उत्सव और मंगल गीतों में ढोलक की पूजा-अर्चना कर उसे बजाया जाता है, लेकिन वर्तमान समय में यह परंपरा लुप्त होती जा रही है।

**युवाओं को मिलेगा संरक्षण का अवसर**

संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को अपनी लोक संस्कृति से जोड़ने का सराहनीय प्रयास हैं। इस योजना के माध्यम से युवा वर्ग वाद्य यंत्र सीखकर ढोलक वादन की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। शिविर के संयोजक अनुराग अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे, सचिव गौरव मिश्रा बंटी, अरविन्द दीक्षित, दीपक रंजन सक्सेना, नरेन्द्र नाथ मिश्र, रविंद्र भदोरिया, कुलभूषण श्रीवास्तव, आदेश अवस्थी आदि का सहयोग रहा।

# कलार्पण संस्था की ओर से बच्चों को सिखाया जा रहा कत्थक


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डिवाइन लाइन पब्लिक स्कूल कुटरा फतेहगढ़ में कलार्पण संस्था की ओर से ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला में बच्चों को कत्थक का ज्ञान करवाया जा रहा है। कार्यशाला संयोजक राज गौरव पांडेय ने कार्यशाला का निरीक्षण किया। जिसमें प्रशिक्षिका शिवानी कटियार ने बताया कि बच्चे पूर्ण मनोयोग से कथक विद्या का ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। कार्यशाला में दिवसाधिकारी संस्था के प्रमुख पदाधिकारी नीरज शर्मा ने बच्चों को मिष्ठान व फल वितरित करके उनका उत्साह वर्धन बढ़ाया। प्रशिक्षिका शिवानी कटियार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कल का उदभव होना आवश्यक है। कला हमें जीवन जीने का हुनर सिखाती है और समाज में पहचान बनती है, क्योंकि हम सभी एक सामाजिक प्राणी हैं और हमें कला और संस्कृति के प्रति जागरूक होना चाहिए, कार्यशाला संयोजक राज गौरव पांडे ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति खास है और वह ईश्वर की कृपा से किसी न किसी हुनर से नवाजा गया है, बस जरूरत होती है तो उस जौहरी की जो उस हीरे की परख करता है। समाज में जो सच्चे जौहरी होते हैं वह अच्छे हीरे की परख रखकर समाज में रत्न जड़ित नगीनों को तलाशते रहते हैं और उन्हें मंच प्रदान करते रहते हैं। ऐसा ही कुछ कलर्पण संस्था भी कर रही है। कलार्पण संस्था नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करके समाज में कला और संस्कृति का जागरण कर रही है और कलाकारों को उनका उचित सम्मान प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में अमित सक्सेना, धीरज मोर्या सत्या, मनोज कश्यप, राम मोहन शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को वितरित किया गया शरबत


राहगीरों को शरबत पिलाते व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम के नेतृत्व में चिलचिलाती धूप से और भीषण गर्मी से राहत के लिए राहगीरों में तरबूज व रूह आफजा से निर्मित शरबत वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक एकता और सेवा भावना का एक अच्छा उदाहरण भी बना। गांव के लोगों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों और राहगीरों को राहत मिल सके। कई लोगों ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी व्यापार संगठन के नगर उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फमंसाराम, सरवन कौशल, मनोज गुप्ता, गौरव अग्रवाल, मनीष अरोड़ा, श्यामू गुप्ता, राजमंगल दीक्षित, हिमांशु शर्मा, पारस गुप्ता, सागर गुप्ता, अन्नू गुप्ता, अक्षत गंगवार, दक्ष गंगवार, आयुष गुप्ता, बासु, हर्षित गुप्त, अनिकेत आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अमृतपुर में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस भीषण गर्मी में भी पुलिस शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में छात्राओं व महिलाओं को जागरुक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

## खबरें एक नजर में

### राधा श्याम शक्ति मंदिर में आध्यात्मिक कार्यक्रम 27 से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर व्यवस्था समिति की ओर से प्रतिवर्ष होने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत आध्यात्मिक अनुष्ठान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन तीन दिवसीय प्रोग्राम के अंतर्गत होगा। जिसमें 27 में को कवि गोष्ठी, 28 व 29 मई को को राष्ट्रीय स्तर के कवि एवं विचारक डॉ0 शिव ओम अंबर प्रवचन करेंगे। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के व्यवस्थापक सुरेंद्र कुमार सफफड़ एवं संयोजक साहित्यकार बृज किशोर सिंह किशोर ने बताया कि 27 मई को शाम 6:30 से आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी काआयोजन होगा। 28 में को डॉ0 शिव ओम अंबर शास्त्र पंचामृत पर प्रवचन करेंगे व 29 में को भक्ति का व्याकरण विषय पर चर्चा होगी। उन्होंने सभी भक्तजनों से कार्यक्रम में भागीदारी करने की अपील की है।

### शादाब सिद्दीकी बने बहुजन समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष


शादाब सिद्दीकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा कानपुर मंडल कार्यालय बैठक में कमालगंज क्षेत्र के जरारी निवासी वर्तमान में भोजपुर विधानसभा भाईचारा प्रभारी शादाब सिद्दीकी का कद बढ़ाते हुए उन्हें बहुजन समाज पार्टी का जिला उपाध्यक्ष बनाया। कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने खुशी व्यक्त कर एक दूसरे को बधाई दी। जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सिद्दीकी ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। शादाब सिद्दीकी की गिनती मायावती के समधि पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ के बेहद करीबियों में होती है।

### ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर शरबत व पूड़ी-सब्जी का वितरण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पावन गंगा दशहरा और ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के शुभ अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर राहगीरों व भक्तों के लिए शरबत एवं पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। नगर की पुरानी गुड़ मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में लालू, रामू, राम, प्रियांशु, प्रभाकर, तासु, अबली गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना और सत्यनारायण वर्मा सहित स्थानीय व्यापारियों ने ठंडा शरबत वितरित कर लोगों को गर्मी से राहत दी। इसी क्रम में सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया में प्राचीन हनुमान मंदिर पर भक्तों को पूड़ी-सब्जी का प्रसाद बांटा गया। नगर के अन्य कई प्रमुख स्थानों पर भी राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया।

### किसानों को बिजली-पानी का दोहरा संकट



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अखिल भारतीय जन आंदोलन फंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने भाजपा सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले के तालग्राम और जलालाबाद ब्लॉक को डार्क जोन घोषित किए जाने के बाद नए नलकूपों पर रोक लग गई। इस समस्या के समाधान के लिए वर्ष 2016 में 161 करोड़ रुपये की लागत से नहर निर्माण शुरू किया गया था, जो 10 वर्ष बीतने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि यह नहर समय पर बन जाती तो कन्नौज के साथ-साथ कानपुर देहात के किसानों को भी सिंचाई की सुविधा मिलती। वर्तमान में भीषण गर्मी के बीच किसान दोहरे संकट से जूझ रहे हैं। एक तरफ नहर में पानी नहीं है तो दूसरी तरफ बिजली की अंधाधुंध कटौती से नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके उनका मजाक उड़ा रही है। पानी, खाद, बीज और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में किसान बुरी तरह परेशान हैं। विनोद दुबे ने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार की इस उपेक्षा से त्रस्त किसान आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार को उचित सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं।

### ईवीएम सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम




**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कंट्रोल रूम, विद्युत आपूर्ति, बैलट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट कक्ष, अग्निशमन उपकरण, सीलिंग व्यवस्था तथा डबल लॉक प्रणाली का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी जांची। सभी कैमरे सुचारु पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और निर्देश दिए कि कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहें तथा नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही वेयरहाउस परिसर में स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर वैशाली, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ाकर जनता को लूट रही: नंदकिशोर


नन्दकिशोर दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वन्देमातरम किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर देश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों व आम जनता को राहत देने के बजाय किस्तों में लूटने का काम कर रही है। देश की भाजपा सरकार ने डीजल व पेट्रोल का दामों को आसमान में छुलाने से खेती महंगी पड़ती जा रही है। खेतों की जोताई, इंजन से सिचाई व सामान ढुलाई का किराया सब पर बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। पहले रसोई गैस और अब पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर परिवहन, खेती और रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ता है, जिससे हर वर्ग प्रभावित होता है।

नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने कहा कि सरकार जानबूझकर थोड़े-थोड़े अंतराल में कीमतें बढ़ा रही है, ताकि देश की आम जनता व किसानों का विरोध कम दिखाई दे। हालांकि अब देश की आम जनता व किसान भाजपा की नीतियों को समझ चुका हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान देश की भाजपा सरकार व भाजपा नेताओं ने महंगाई कम करने और जनता को राहत देने के बड़े.बड़े वादे किए थे, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है। उन्होंने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस लेने और आम जनता को राहत देने की मांग की।

# प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स को बताया गया एनसीसी की स्थापना तथा इतिहास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शिविर में कैडेट्सों को जानकारी देते कैप्टन गिरिजा शंकर

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक के दिशा-निर्देशन में विगत 18 मई से चल रहे एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को सीसी की स्थापना तथा इतिहास के बारे में बताया गया। 26 मई को कैंप में निर्धारित समस्त गतिविधियां पूर्ण कर ली गई। जिसमें से आईजीएसएससी कैंप के लिए शीर्ष निशानेबाजो का चयन करके आईडीएससी कैंप में प्रतिभाग कराना शामिल रहा।

अलीगढ़ ग्रुप की 10 शीर्ष निशानेबाजों की चयनित शूटिंग टीम का चयन कर लिया गया है, जोकि 3 जून से 12 जून तक लगने वाले आईजीएसएससी कैंप में शामिल होकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कैंप के नौवे दिन निशानेबाजों को चयन करने के साथ कैप्टन गिरिजा शंकर द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के जूनियर डिवीजन के जेडी तथा जे डब्लू कैडेट्स को एनसीसी स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने लेक्चर में एनसीसी के ध्वज तथा इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन के बारे में बताते हुए कहा कि एनसीसी त्रि सेवा संगठन होने के साथ-साथ विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है, जिसका प्रमुख उद्देश्य देश के युवाओं में चरित्र, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। इसके तहत एक जिम्मेदार, संगठित और प्रेरित युवा नागरिक तैयार किए जाते हैं, जो भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। चरित्र निर्माण और अनुशासनरू युवाओं को साहसी, आज्ञाकारी और एक अनुशासित नागरिक बनाना, नेतृत्व गुणों का विकास में जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए युवाओं को तैयार करना। सशस्त्र बलों के लिए प्रेरित करना, युवाओं को सेना, नौसेना और वायु सेना में करियर बनाने के लिए एक अनुकूल माहौल प्रदान करना। सामुदायिक सेवा में निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना और युवाओं में भाईचारे की भावना जगाना। एनसीसी के प्रमुख लक्ष्यों में शामिल हैं। कैप्टन बलविंदर सिंह द्वारा कैडेट्स को लीडरशिप के बारे में जानकारी दी गयी। सूबेदार मेजर नवीन कुमार द्वारा 0.22 राइफल के साथ एनसीसी कैडेट्स को शस्त्र चलाने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर समस्त पीआई स्टाफ के साथ जीसीआई अंजलि, ले0गुलशन जहां मौजूद रहे।

# इग्नू की जुलाई सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया आरम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के द्वारा जुलाई 2026 सत्र में ओ.डी.एल. मोड तथा ऑनलाईन मोड में 328 से अधिक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु अधिसूचना जारी हो गई है। यह जानकारी वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख लखनऊ डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह को ई-मेल के माध्सम से दी।

इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाईट पर जाकर लिंक के माध्यम से ऑनलाईन मोड एवं ओ.डी.एल. मोड में 15 जुलाई 2026 तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के द्वारा


जानकारी देते डॉ. अनिल कुमार मिश्र

जुलाई 2026 सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कला स्नातक वर्ग के अन्तर्गत अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, लोकप्रशासन, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान आदि विषयों में प्रवेश ले सकते है। विज्ञान स्नातक वर्ग के अन्तर्गत मानव विज्ञान, बायो-केमिस्ट्री, अनुप्रयुक्त विज्ञान ऊर्जा एप्लाईड साईन्स एनर्जी, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबन्धन तथा गणित विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। इनके अतिरिक्त सामान्य कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों में भी प्रवेश उपलब्ध है।

इग्नू इसके अतिरिक्त परास्नातक, डिप्लोमा, परास्नातक डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र एवं परास्नातक प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों में भी प्रवेश उपलब्ध है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि 25 मई 2026 से इग्नू ने जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश आरम्भ की है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर जाकर सर्वप्रथम अपनी डिईबी आईडी बनानी होगी। क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 रीना कुमारी ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के बत्तीस जिलों में इग्नू के अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

इन अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से तथा क्षेत्रीय केन्द्र पर स्थित प्रर्दश सहायता वैस्क पर जाकर प्रवेश लेने के लिए अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

डी.एन. पी.जी. कॉलेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र के को-ओर्डिनेटर डॉ0 आर.एन. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन अथवा सहायता के लिये इच्छुक अभ्यथी प्रत्येक कार्यदिवस अध्ययन केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

# जल ही जीवन है, इसका करें सदुपयोग: पं. बनारसी दास शास्त्री

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जल ही जीवन है। बिना जल के मनुष्य का जीवन असंभव है। इसलिए जल का सदुपयोग करना चाहिए। यह विचार व्यक्त करते हुए शक्तिपीठ गमा देवी की पुजारी बनारसी दास शास्त्री ने गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आए हुए श्रद्धालुओं से कहा कि हम सभी को जल का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा।

इससे पहले गायत्री महायज्ञ में सुधा अवस्थी, लता गुप्ता, शिव गुप्ता, विमल पाठक, आरती पाठक, अच्युत त्रिपाठी, गौरव द्विवेदी, अमित दुबे, भुल्लन सिंह, गौरव, कौशल आदि ने गायत्री महामंत्र की आहुति सबके कल्याण के लिए दी। अंत में आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं ने गंगा जल का चरणामृत पीते हुए हर हर गंगे। घर-घर गंगे। प्यासे को पानी। जय गंगा महारानी। का जयकारा लगाया।

# जनपद में मौसम चेतावनी एवं जनसामान्य के लिए एडवाइजरी जारी

- 28 व 29 मई को जनपद में तेज आंधी-तूफान, मेघगर्जन एवं वज्रपात की संभावना
- हवाओं की गति 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा भी हो सकती है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी नवीनतम मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों में आगामी 2 से 3 दिनों के दौरान मौसम में महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना है। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी एवं उमस बनी रहने के साथ-साथ आगामी दिनों में तेज आंधी-तूफान, मेघगर्जन तथा वज्रपात की गतिविधियों में वृद्धि होने के संकेत प्राप्त हुए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 26 एवं 27 मई को जनपद में उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान दिन एवं रात दोनों समय तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे गर्मी एवं उमस में वृद्धि होगी। 28 एवं 29 मई को फर्रुखाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान, मेघगर्जन एवं वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान हवाओं की गति 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा भी हो सकती है।

**संभावित प्रभाव**

कमजोर पेड़ एवं कच्चे ढांचे क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। बिजली आपूर्ति एवं यातायात प्रभावित हो सकता है। खुले स्थानों पर खड़े वाहन, होर्डिंग एवं टीन शेड प्रभावित हो सकते हैं। खेतों में खड़ी फसलों एवं आम, सब्जी आदि बागवानी फसलों को नुकसान की आशंका है। वज्रपात के कारण जनहानि एवं पशुहानि की संभावना बनी रह सकती है।

**जनसामान्य हेतु आवश्यक सावधानियां**

गर्मी एवं उष्ण रात्रि के दौरान क्या करें- दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी आदि का सेवन करें। हल्के रंग एवं सूती कपड़े पहनें। बुजुर्गो, बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। पशुओं के लिए छाया एवं पानी की समुचित व्यवस्था रखें।

**किसानों हेतु सलाह**

किसान भाई फसलों को सहारा स्टेकिंग दें, ताकि तेज हवा से नुकसान कम हो। खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें एवं पानी जमा न होने दें। मौसम सामान्य होने तक कीटनाशक एवं उर्वरक का छिड़काव स्थगित रखें। कृषि यंत्र एवं भूसा आदि सुरक्षित स्थान पर रखें।

**आंधी-तूफान एवं वज्रपात के समय क्या करें एवं क्या न करें**

**क्या करें-** तेज आंधी या बिजली चमकने पर तुरंत किसी पक्के भवन में शरण लें। घर के खिड़की-दरवाजे बंद रखें तथा बिजली के उपकरणों के प्लग निकाल दें। यदि खुले स्थान पर फंस जाएं तो नीचे बैठ जाएं, दोनों पैर सटा लें एवं कान बंद कर लें। वाहन चला रहे हों तो सुरक्षित स्थान पर वाहन रोक दें। मवेशियों को खुले स्थान से हटाकर सुरक्षित एवं पक्के शेड में बांधें।

**स्थानीय प्रशासन एवं मौसम विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें**

**क्या न करें-** पेड़, बिजली के खंभे, टॉवर या कच्ची दीवार के पास खड़े न हों। खुले मैदान, छत, ऊंचे स्थान, तालाब, नदी या जलाशय के निकट न जाएं। आंधी-तूफान के दौरान धातु की वस्तुओं, छाते अथवा खुले मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। बिजली गिरने से प्रभावित व्यक्ति को छूने से न डरें, वह करंट नहीं मारता। तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराएं एवं चिकित्सकीय सहायता लें।

**महत्वपूर्ण अपील**

जनपदवासियों से अपील की जाती है कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग अथवा आपदा प्रबंधन विभाग से संपर्क करें।

## बैंक मैनेजर पर बात न सुनने का आरोप

# 'मेरे बेटे की मौत को दो साल हो गए, एचडीएफसी बैंक मैनेजर ने नहीं दी बीमा राशि': मृतक होमगार्ड रंजीत की मां

**जिला कमांडेंट के कई पत्रों के बावजूद सहायता राशि का भुगतान नहीं, परिवार बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



गोला नगर स्थित एचडीएफसी बैंक की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मृत होमगार्ड जवान रंजीत वर्मा के परिवार ने बैंक प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि दो साल बीत जाने के बाद भी उन्हें दुर्घटना बीमा सहायता राशि नहीं मिली। परिवार का कहना है कि उनकी मुख्य मांग सिर्फ इतनी है कि मृतक जवान की लंबित बीमा राशि जल्द दिलाई जाए, लेकिन बैंक प्रबंधन उनकी बात सुनने तक को तैयार नहीं है।

जानकारी के मुताबिक गोला नगर निवासी रंजीत वर्मा होमगार्ड विभाग में स्वयंसेवक के रूप में तैनात थे। विभागीय व्यवस्था के तहत उनका खाता एचडीएफसी बैंक में संचालित था, जिसमें ड्यूटी भत्ता सहित अन्य भुगतान आते थे। इसी खाते से जुड़ी दुर्घटना बीमा सहायता राशि उनके आश्रितों को मिलनी थी।

बताया गया कि 14 मार्च 2024 को सड़क दुर्घटना में रंजीत वर्मा की मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद परिवार पूरी तरह आर्थिक संकट में आ गया। परिजनों को उम्मीद थी कि विभागीय प्रक्रिया और बीमा राशि से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन दो साल बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिल सका।

**कई बार भेजे गए पत्र, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई**

होमगार्ड विभाग के अभिलेखों के अनुसार जिला कमांडेंट कार्यालय की ओर से इस मामले में लगातार पत्राचार किया गया। 15 मार्च 2024 को पहला पत्र बैंक को भेजा गया। इसके बाद 17 नवंबर 2025 और 22 दिसंबर 2025 को भी भुगतान कराने के लिए पत्र भेजे गए। हाल ही में जिला कमांडेंट एसपी पाठक ने एक बार फिर बैंक को पत्र भेजकर मृतक जवान की आश्रित माता शांति देवी को दुर्घटना सहायता राशि का भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए हैं।

**विभागीय सूत्र की माने तो ये है नियम**

विभागीय सूत्रों के अनुसार यदि किसी कर्मचारी या स्वयंसेवक का वेतन/भत्ता खाता एचडीएफसी बैंक में संचालित होता है और खाते से दुर्घटना बीमा योजना जुड़ी होती है, तो दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में बैंक संबंधित नियमों के तहत मृतक खाताधारक के आश्रितों को बीमा सहायता राशि देने के लिए बाध्य होता है। हालांकि भुगतान प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेजों और औपचारिक जांच पूरी होने के बाद की जाती है।

**'हमें सिर्फ बेटे की बीमा राशि चाहिए'**

मृतक जवान की मां शांति देवी ने बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वह कई बार बैंक गईं, लेकिन न तो उनकी समस्या सुनी गई और न ही कोई स्पष्ट जवाब दिया गया। शांति देवी ने कहा, 'मेरे बेटे की मौत को दो साल हो गए, लेकिन बैंक मैनेजर हमारी बात तक नहीं सुन रहे। हम गरीब लोग हैं। हमें सिर्फ बेटे की बीमा राशि चाहिए, ताकि घर का गुजारा हो सके। हर बार बैंक से खाली हाथ लौटना पड़ता है।' परिवार का कहना है कि आर्थिक तंगी के बीच यह सहायता राशि ही उनके लिए सबसे बड़ा सहारा थी, लेकिन बैंक की लापरवाही के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## जमीन विवाद में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत, हत्या का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**

सिंगाही थाना क्षेत्र के रमुआपुर गांव में जमीन विवाद में घायल एक ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पड़ोसी पर हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस की शुरुआती कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच तेज कर दी है। रमुआपुर गांव निवासी दुजई पुत्र बुद्धा बीते कई दिनों से घायल अवस्था में उपचाराधीन थे। मंगलवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के पुत्र अवधराम ने बताया कि 16 मई 2026 को उनके पिता गांव के बाहर भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही श्रीराम से जमीन विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर श्रीराम ने लाठी-डंडों से हमला कर दुजई को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां कई दिनों तक उपचार चलने के बाद उनकी मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद सिंगाही पुलिस ने मामले में केवल मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

उनका कहना है कि अब घायल की मौत होने के बाद मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाई जानी चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### दुपट्टे से लटककर किशोरी ने दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के देवरी पूरब गांव में रविवार की रात आठ बजे के करीब 15 वर्षीया किशोरी अपने कच्चे मकान के बंडेर में दुपट्टे का फंद्धा लगाकर जान दे दी। किशोरी ने किन कारणों से जान दी स्वजनों को भी नही पता चल सका है।घटना की जानकारी मिलने पर स्वजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करते हुए सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया। देवरी पूरब गांव निवासी रामचंद्र धरकार की पुत्री खूशबू अपने कच्चे मकान के बंडेर में दुपट्टे के फंद्दे से लटककर जान दे दी। घटना के समय किशोरी के माता.पिता अपनी बीमार पुत्रवधू का उपचार कराने के लिए घर से बाहर गए हुए थे।रात में घर पहुंचने पर बेटी को फंद्दे से लटका देखकर माता पिता अवाक रह गए।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि देवरी पूरब गांव में 15 वर्षीया किशोरी ने कच्चे मकान के बंडेर में दुपट्टे से लटककर जान दे दी है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### ग्राम पंचायत बड़ौहा में निःशुल्क पेय जल सेवा शुरू राहगीरों को मिली राहत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत बड़ौहा में ग्राम पंचायत सचिव विजय कुमार द्वारा ग्रामीणों के सहयोग निःशुल्क पेय जल की व्यवस्था की गई है। गांव में मटकों को लाल कपड़े से ढककर ठंडा पानी रखा गया है।ग्राम पंचायत बड़ौहा में निःशुल्क प्याऊ से राहगीरों और स्थानीय लोगों को राहत मिल रही है। गांव के लोगों ने बताया कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य हैए इसी भावना से यह सेवा शुरू की गई है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सेवा से गांव में सामाजिक समरसता भी बढ़ती है।

### गंगा दशहरा पर तालाब में डूबी किशोरी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के कनोखर गांव में मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। गुड्डा.गुड़िया प्रवाहित करने तालाब पर गई चार सहेलियों में से एक किशोरी की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और स्वजनों का रो.रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि कनोखर गांव निवासी काजल ;17द्ध पुत्री रामायण प्रसाद अपनी सहेलियों संध्याए खुशबू और सुमन के साथ गांव के तालाब पर गंगा दशहरा के अवसर पर गुड्डा.गुड़िया प्रवाहित करने गई थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव में वर्षों से गंगा दशहरा पर गुड्डा.गुड़िया प्रवाहित करने की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा को निभाने के लिए चारों सहेलियां तालाब पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शी बच्चियों ने बताया कि गुड्डा.गुड़िया प्रवाहित करते समय काजल अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। सहेलियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही स्वजन और ग्रामीण तालाब की ओर दौड़ पड़े। काफी प्रयास के बाद काजल को पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में स्वजन उसे बरौंधा स्थित अर्श हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल के महानिदेशक डाण् महा नारायण भारती एवं चिकित्सकों की टीम ने परीक्षण के बाद किशोरी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर 112 पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि काजल और उसकी सहेलियां सामान्य दिनों में कभी तालाब में स्नान करने नहीं जाती थीं। गंगा दशहरा के पर्व पर धार्मिक परंपरा निभाने के लिए वे तालाब पर पहुंची थीं। लेकिन यह खुशी का पल देखते ही देखते मातम में बदल गया। किशोरी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई महिला गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के देवहट निवासी




सोमवारी देवी पत्नी रघुनाथ गौतम 40 अपने बेटे के साथ बाइक से ड्रमंडगंज किसी काम से जा रही थीं। सोमवार को मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 दुर्जनीपुर फ्लाईओवर के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। टक्कर इतनी तेज थी कि सोमवारी देवी का सिर डिवाइडर से टकरा गया और वह मौके पर ही बेहोश हो गई। घटना के बाद सड़क पर अफरा.तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद यादव मौके पर पहुंचे और घायल सोमवारी देवी को प्राथमिक उपचार देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए।चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मीरजापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस से महिला को मीरजापुर ले जाया गयाए जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

## गैस पासबुक ट्रांसफर के नाम पर महिला से 1.16 लाख की साइबर ठगी

**गैस एजेंसी का कर्मचारी बनकर पहुंचे दो जालसाज, आधार-बैंक पासबुक लेकर बनाया शिकार**

**समृद्धि न्यूज़, पसगवां खीरी।**

थाना पसगवां क्षेत्र के ग्राम मस्तीपुर में साइबर ठगों ने बेहद शातिराना तरीके से एक महिला को अपना निशाना बनाते हुए उसके बैंक खाते से 1,16,988 रुपये पार कर दिए। ठग खुद को गैस एजेंसी का कर्मचारी बताकर महिला के घर पहुंचे और गैस पासबुक ट्रांसफर कराने का झांसा देकर बैंक संबंधी दस्तावेज व मोबाइल हासिल कर लिया। बाद में फर्जी क्क्षु ढ्ढष्ठ बनाकर 17 बार में खाते से रकम उड़ा दी गई। पीड़िता ने कोतवाली पसगवां में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने और रकम वापस दिलाने की मांग की है। ग्राम मस्तीपुर निवासी सरला पत्नी राजू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 16 मई 2026 की शाम करीब 5 बजे बाइक से आए दो अज्ञात युवक उनके घर पहुंचे। दोनों ने खुद को मैगलगंज गैस एजेंसी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनकी मृत सास के नाम दर्ज गैस पासबुक को उनके नाम पर ट्रांसफर कर चालू करा देंगे। महिला के अनुसार उस समय वह घर पर अकेली थीं। जालसाजों ने उनसे मोबाइल फोन, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और गैस पासबुक ले ली। काफी देर तक मोबाइल चलाने के बाद दोनों युवक यह कहकर चले गए कि कुछ दिनों में नई गैस किताब बनाकर दे देंगे।

## भारतीय योग संस्थान लखीमपुर में 7 क्षेत्रीय प्रधानों का निर्विरोध चयन संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



भारतीय योग संस्थान लखीमपुर सामान्य जिले के अंतर्गत आने वाले सात क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रधानों का निर्वाचन/चयन मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पांच वर्षों के लिए आयोजित इस चयन प्रक्रिया में सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया, जिससे संगठन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। निर्वाचन अधिकारियों ने शशिकांत श्रीवास्तव, राम बहादुर मित्रा, कमल किशोर बरनवाल, अनिल कुमार वर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, राम टहल वर्मा तथा प्रेमपाल वर्मा को क्षेत्रीय प्रधान पद हेतु निर्विरोध चयनित घोषित किया। सभी क्षेत्रों में अलग-अलग चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए थे, जिन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। मिदनिया गढ़ी क्षेत्र का चुनाव कार्यक्रम श्री चित्रगुप्त कायस्थ धर्मशाला, गढ़ी रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें गढ़ी मंदिर, श्री वीर बाबा मंदिर सैधरी एवं धर्मशाला केंद्र के साधक-साधिकाओं, केंद्र प्रमुखों तथा उपकेंद्र प्रमुखों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रांतीय प्रधान नरेश चंद्र वर्मा, जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट, संरक्षक सेवक सिंह अजमानी, जिला मंत्री शिवराम वर्मा, जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार तोलानी, चुनाव अधिकारी राम बहादुर मित्रा तथा वरिष्ठ योग प्रशिक्षक डॉ. दयानंद शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। चयनित क्षेत्रीय प्रधान शशिकांत श्रीवास्तव का फूलमालाओं से स्वागत कर करतल ध्वनि के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट को क्षेत्रीय मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। उपस्थित लोगों ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक सेवक सिंह अजमानी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव साझा किए। वहीं जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने गढ़ी क्षेत्र के सभी केंद्रों की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए गढ़ी क्षेत्र को 'आदर्श योग क्षेत्र' घोषित किया। अंत में जिला मंत्री शिवराम वर्मा ने योगाभ्यास एवं शांति पाठ सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को फ्रूट चाट एवं मसाला छाछ प्रसाद स्वरूप वितरित की गई।

## भीषण तूफान ने मचाई तबाहीः गरीबों के उजड़े आशियाने, लाखों का नुकसान

**समृद्धि न्यूज़, पसगवां खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में सोमवार रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के साथ आए भयंकर तूफान ने सैकड़ों पेड़ों को धराशायी कर दिया, कई मकानों की दीवारें गिर गईं और टीन शेड उड़कर दूर-दूर तक जा गिरे। रातभर लोग अपने घरों और सामान को बचाने के लिए जूझते रहे। गरीब परिवारों के आशियाने उजड़ गए और किसानों को फसल व पशुपालन में भारी नुकसान उठाना पड़ा। तूफान का सबसे अधिक असर उचौलिया, पसगवां, जसमढ़ी, खरगापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोहम्मदपुर, जंगबहादुरगंज और बरखेरियाजाट क्षेत्रों में देखने को मिला। कई गांवों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई और सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए। मोहिउद्दीनपुर में किसान घायल, बाजार का टीन शेड उड़ा मोहिउद्दीनपुर में सरकारी बाजार का टीन शेड तेज हवा में उड़ गया। एक किसान के दो बैल पेड़ के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बैलगाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं टीन के बिखरे टुकड़ों की चपेट में आने से किसान कुंदन पुत्र मथुरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। दीवार गिरने से बकरियों की मौत, ढाबा पूरी तरह तबाह

हिमालय ढाबा के पीछे दीवार गिरने से कई बकरियां दबकर मर गईं। मोहम्मदपुर स्थित विश्वकर्मा ढाबा भी तूफान में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ढाबा संचालकों ने लाखों रुपए के नुकसान की बात कही है। गनीमत रही कि वहां मौजूद लोग बाल-बाल बच गए।

## केले के खेत में फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**निघासन-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुरवा गांव में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 14 वर्षीय किशोर का शव गांव के पास केले के खेत में फंदे से लटका मिला। किशोर सोमवार शाम से लापता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार दुर्गापुरवा निवासी राजेश मौर्य का पुत्र अंकुश सोमवार दोपहर गांव के पास मंदिर में आयोजित भंडारे में शामिल होने के लिए घर से निकला था। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

## हाइवे पर सक्रिय लुटेरा गिरोह का आतंक : अधेड़ को कार में बैठाकर लूटा, दूसरे जिले में फेंका

**समृद्धि न्यूज़, जंगबहादुरगंज-खीरी।**



राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बार फिर शातिर लुटेरा गिरोह की सक्रियता सामने आई है। पसगवां थाना क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज में दिनदहाड़े एक 60 वर्षीय अधेड़ को कार में बैठाकर लूट लिए जाने की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित को आरोपियों ने चलती कार में दबोचकर नगदी व सामान लूट लिया और बाद में दूसरे जनपद में ले जाकर सड़क किनारे धक्का देकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के थाना पिहानी क्षेत्र के ग्राम सरैयां निवासी लियाकत अली पुत्र मुस्ताक अली रविवार दोपहर करीब 2 बजे जंगबहादुरगंज कस्बे में हाईवे पर चौकी मार्ग के सामने गांव जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की शिफ्ट डिजायर कार वहां आकर रुकी। कार में सवार तीन लोगों ने उनसे गंतव्य पूछा और रास्ता समान होने की बात कहकर उन्हें गाड़ी में बैठा लिया।

पीड़ित का आरोप है कि गाड़ी में बैठते ही आरोपियों ने उसे दबोच लिया और नीचे की ओर दबाकर रखा ताकि बाहर से कोई देख न सके। बदमाशों ने उससे 1630 रुपये नकद, सूती चारपाई वाली नेबाद तथा मोबाइल फोन छीन लिया। हालांकि मोबाइल से दोनों सिम निकालकर फोन वापस कर दिया गया। लियाकत अली ने बताया कि आरोपी उन्हें काफी दूर तक ले गए और बाद में जलालपुर गोपी मोड़, थाना पिहानी, जिला हरदोई के पास धक्का देकर उतार दिया। उतरने के बाद उन्होंने कार का नंबर देखने की कोशिश की।

## तहसीलों में 5 और 3 वर्ष पुराने मामलों का जल्द निस्तारण करें अधिकारीः डीएम

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने सोमवार देर रात कैम्प कार्यालय सभागार में कर-करेत्तर, आईजीआरएस, जनगणना, स्थानान्तरण नीति तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकताओं वाले मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष एवं 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर



निस्तारण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से धारा-24 एवं धारा-116 के प्रकरणों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी टीम के साथ कार्ययोजना तैयार करें और नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित मामलों को समाप्त करें। उन्होंने अंश निर्धारण से संबंधित मामलों में भी तेजी लाने को कहा तथा निर्देशित किया कि जनता को न्याय दिलाने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।स्थानान्तरण नीति की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में पटल परिवर्तन तथा लेखपालों के स्थानान्तरण की प्रक्रिया 31 मई तक हर हाल में पूरी कर ली जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। डीएम ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाना आवश्यक है।उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याएं सुनने और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों की समीक्षा में स्पष्ट निर्देश दिए कि नगरीय निकायों की धनराशि केवल नगरीय क्षेत्रों के विकास कार्यों में ही खर्च की जाए। अन्यत्र खर्च करने पर संबंधित ईओ के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के शिलापट्टों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम अनिवार्य रूप से अंकित किए जाएं। डीएम ने कहा कि सभी शराब दुकानों के सामने लगे होर्डिंग्स की मानक साइज की जांच कर पांच दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## एडीएम ने आंधी-तूफान, भारी वर्षा व वज्रपात से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जनपद प्रतापगढ़ में आगामी दिनों में मौसम के खराब रहने की संभावना जताई गई है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने आंधी-तूफान, मेघगर्जन, वज्रपात तथा तेज हवाओं को लेकर अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होने बताया है कि 26 मई से 31 मई तक जिले में मौसम का प्रभाव बना रहेगा। प्रतापगढ़ को 28 और 29 मई के लिए यलो जोन तथा 29 मई से 31 मई तक ऑरेंज जोन में रखा गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, मेघगर्जन और भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। उन्होने बताया है कि विभिन्न आपदाओं के जोखिम को न्यूनीकृत करने हेतु एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से सचेत्त एवं दामिनी मोबाइल एप अनिवार्य रूप से डाउनलोड कर प्राप्त पूर्व की चेतावनी एवं एडवाइजरी के प्रभावी उपयोग से होने वाली क्षति को न्यूनीकृत किया जा सकता है।

किसी आपदा में क्षति व मृत्यु से स्थानीय प्रशासन को जानकारी दें, अगर कोई व्यक्ति वज्रपात की चपेट में आ गया है तो तुरन्त 112 पर सूचित करें और यथाशीघ्र पीड़ित को अस्पताल ले जाय।

## योग से सशक्त होता है संगठन और सेवा भाव : पंकज चौधरी

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता के वातावरण के साथ शुरू हुई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। योग सत्र को संबोधित करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास, संयम और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक जीवन में कार्यकर्ताओं की मानसिक एकाग्रता, धैर्य और टीम भावना अत्यंत आवश्यक होती है, जिसे योग के माध्यम से और अधिक मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन



विचारधारा, अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ताओं की शक्ति पर आधारित है। ऐसे प्रशिक्षण वर्ग और सामूहिक योग कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता बढ़ाने के साथ-साथ संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। योग से कार्यकर्ताओं में सेवा भाव, कार्यक्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, जिससे वे समाज और राष्ट्रहित के कार्यों को अधिक समर्पण और उत्साह के साथ निभा पाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। योग व्यक्ति को तनावमुक्त कर उसे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पंकज चौधरी ने महराजगंज के कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास का अनुभव अत्यंत प्रेरणादायी रहा। सामूहिक योग से संगठन में नई चेतना और उत्साह का संचार हुआ है, जो आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में भी दिखाई देगा। इस दौरान प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया।

## डीजल-पेट्रोल की बढ़ी कालाबाजारी साहब मौन

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद मुख्यालय समेत तहसील, व्लाक में लगे पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल करने वाले व्लैकरों की उमड़ी भीड़ देख सम्मानित जन पेट्रोल पंपों पर जाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जिससे व्लैकरों की चांदी कट रही हैं।

फरेंदा तहसील क्षेत्र समेत अन्य इलाकों में इन दिनों डीजल और पेट्रोल की भारी किल्लत कालाबाजारी करने वालों के वजह से बढ़ गई है जिससे चहुंओर हां-हां कार देखने को मिल रहा है। जब कि तेल कम्पनियों का दावा है कि डीजल पेट्रोल की कमी नहीं है।

## जानलेवा गर्मी में बिजली कटौती चरम पर जिम्मेदार मौन

**मनमानी तरीके से बिजली की आवाजाही से त्रस्त है उपभोक्ता, जिम्मेदार फोन उठाने से करते हैं परहेज**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद में भीषण गर्मी में हो रही अघोषित बिजली कटौती होने से बिजली उपभोक्ताओं में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है।दिन तो किसी तरह काट लेते हैं रात की विजली कटौती मुसीबत खड़ा कर देती है। जिससे सरकार के फरमान के अनुसार बिजली का वास्तविक लाभ नहीं उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है यही वजह है कि जिससे हर मौसम में बिजली कटौती का दंश लोगों को झेलना पडता हैं आज इस भीषण गर्मी में भी समय से न बिजली न मिलने पर गांव देहात की जनता आक्रोशित हैं। जिससे उपभोक्ताओं का दैनिक कार्य बाधित हो जा रहा हैं जबकि सरकार 18से 20घंटे बिजली देने की दावा करतीं हैं। वहीं जिम्मेदार अपना सिक्का अपने अनुसार चला कर अपने अनुसार बिजली कटौती करते रहते हैं। जिससे बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। विद्युत से चलाने वाले कल कारखानों वाले उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार समय से बिजली न मिलने के कारण उनका दैनिक कामकाज बाधित हो जा रहा है जिससे वह अजीज व तंग आ जा रहे हैं। मिट्टी का तेल बन्द होने के पश्चात बिजली पर आश्रित उपभोक्ताओं को समय से विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी फोन उठाने से भी परहेज़ करते हैं। आलम यह हों गया है कि बिजली पर आश्रित कामकाज ठप पड़ता जा रहा है जिससे उनके सामने भूखमरी की स्थिति पैदा हो जा रही है। जनपद के हर छोटे बड़े कस्बे गांव मजरे टोले भीषण गर्मी की चपेट में है बिजली खर्च बढ़ गई है लेकिन बिजली कटौती चरम पर होने से बिजली से चलने वाले उपकरणों को जंग खा जा रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली से जनता बेहाल है मोमबत्ती जलाकर भोजन बनाना उनकी मजबूरी हो गई है। आश्चर्य की बात और है कि आज भी बहुतायत टोले मजरे विद्युत पोल से अछूते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण नगर पंचायत आनन्दनगर का वार्ड नंबर 10, वार्ड नंबर 2 है।